आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी 03:31 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष 3, अंक 296, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान 12

अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप 14

# रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित सात की गई जान

## घना कोहरा व शून्य दृश्यता से पहाड़ी या पेड़ से टकराने का अंदेशा, मृतकों में महाराष्ट्र का दंपती व उनकी दो साल की बच्ची, बिजनौर के एक ही परिवार की दो महिलाएं और बीकेटीसी का एक कर्मचारी

- मुख्यमंत्री धामी ने हादसे पर गहरा शोक जताया, उच्चस्तरीय बैठक में लिए कई फैसले

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में रविवार सुबह चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट सहित उसमें सवार 7 लोगों की मौत हो गई। बाबा केदारनाथ के दर्शन कराकर हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी जा रहा था।

दुर्घटना का कारण घना कोहरा और शून्य दृश्यता के चलते हेलीकॉप्टर का किसी पहाड़ी या पेड़ से टकराना माना जा रहा है। हादसे के बाद हेलीकॉप्टर के साथ ही शव भी बुरी तरह से जल गए। हेलीकॉप्टर में महाराष्ट्र का दंपती और उनकी दो साल की बेटी के अलावा बिजनौर (यूपी) के एक ही परिवार की दो महिलाएं (नानी-नातिन) व बीकेटीसी का एक कर्मचारी भी सवार बताए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उच्चस्तरीय बैठक करते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल के अनुसार, रविवार सुबह 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 केदारनाथ धाम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड में गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में यह हेली 5:30 से 5:45 बजे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, घास काट रहीं नेपाली मूल की महिलाओं ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी। जिला आपदा मोचन बल टीम के साथ एसडीआरएफ की छह, एनडीआरएफ की आठ टीमों के अलावा 22 पुलिसकर्मी घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



### प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से किया धामी को फोन

**देहरादून।** प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से मुख्यमंत्री धामी से फोन पर केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दु:खद घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना और शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना की।

### हादसे में इनकी गईं जानें

- कैप्टन राजबीर सिंह चौहान निवासी जयपुर, राजस्थान (पायलट, आर्यन एविएशन कंपनी),
- विक्रम सिंह रावत (45) निवासी रांसी ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग (कर्मचारी बीकेटीसी)
- विनोद देवी (66) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- तुष्टी सिंह (19) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- राजकुमार सुरेश जायसवाल (41) निवासी महाराष्ट्र
- श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (35) निवासी महाराष्ट्र
- काशी (02) पुत्री राजकुमार निवासी महाराष्ट्र

### हेली सेवा सोमवार तक बंद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेली हादसे की सूचना मिलने के बाद तुरंत बाद बैठक की। चारधाम के लिए हेली सेवा को सोमवार तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने के अलावा हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय के लिए 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापित करने के भी निर्देश दिए। वहीं, इस हेली हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।

### बुरी तरह जले मिले शव, डीएनए सैंपलिंग

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अनुसार, संयुक्त दलों द्वारा पूरे क्षेत्र को घेरकर खोज और बचाव अभियान चलाया गया। हेली हादसे के शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल चुके थे। मौके पर ही राख के ढेर मिले। फॉरेन्सिंक और डीएनए सैंपलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपलिंग की।

## एक नजर

### कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रवाना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से हर हर महादेव के जयघोष के साथ मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ। पांच वर्षों के बाद फिर शुरू हुई यात्रा के लिए इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के बीच रवाना किया गया। जत्थे में दो अधिकारियों सहित कुल 39 यात्री शामिल हैं। शुरुआत में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, मगर स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव (धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति) मुकेश मेश्राम की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### अर्श डल्ला मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई हत्या की एक साजिश नाकाम करते हुए मॉड्यूल के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने कहा प्रारंभिक जांच के अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्ति प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों का खात्मा करने के लिए अर्श डल्ला के निर्देश पर काम कर रहे थे। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), पंजाब ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई लक्षित हत्या की एक साजिश को नाकाम कर दिया और दो प्रमुख गुर्गों कवलजीत सिंह, निवासी धर्मकोट और नवदीप सिंह उर्फ हानी, निवासी बड्डूवाल को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रत्येक नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था : शाह

## गृहमंत्री ने सिपाहियों को दिए नियुक्ति पत्र, कहा- योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता

- शाह बोले-60244 युवाओं में से किसी को रिश्वत नहीं देनी पड़ी परिवर्तनकारी युग यह शासन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने योगी सरकार की पारदर्शी व समावेशी पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया की जमकर सराहना की। कहा कि नियुक्तियों में न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर हुई। योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी। अगले पांच वर्ष में ऐसी व्यवस्था होगी कि किसी भी एफआईआर के बाद तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला हो जाएगा।

वे रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क साथ भव्य समारोह में 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। शाह ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला।

शाह ने यूपी में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना करते हुए दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पुलिसबल का आधुनिकीकरण और नए कानून की चर्चा की। एलान किया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा। इसके अलावा, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स), आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और फॉरेंसिक साइंस जैसी तकनीकों ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया है।



लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी नवनियुक्त सिपाही को नियुक्ति पत्र देते हुए।

### इन 15 पुलिसकर्मियों को मंच से दिए नियुक्ति पत्र

संतकबीर नगर के सत्यम नायक, खीरी के प्रेम सागर, फर्रुखाबाद की शालिनी शाक्या, बलिया के उपेंद्र कुमार यादव, बरेली की शिल्पा सिंह, कानपुर देहात के बीनू बाबू, महोबा के योगेंद्र सिंह, उन्नाव के शिवांश पटेल, वाराणसी के मनीष त्रिपाठी, लखनऊ की रोशन जहां, कानपुर नगर के आजाद कुशवाहा, गोरखपुर की मिथिलेश भट्ट, रायबरेली की सोनी रावत, मऊ की नेहा गोंड, बागपत के सचिन सैनी को मंच से नियुक्ति पत्र दिया गया।

### ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, ड्यूटी पर उतना कम खून बहेगा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है कि जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा। महाकुंभ में जो भी आया उसने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश पुलिस ने अपने खिलाफ विकृत धारणा को बदलने का काम किया है। आज आप सभी देश के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अपने व्यवहार से जन हितैषी बनिएगा।

# रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान हुई, अब तक 47 के डीएनए मैच

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है। साथ ही अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) के नेतृत्व में केंद्रीय और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियां हवाई दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए दुर्घटना स्थल पर हैं।

अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले 47 लोगों की शिनाख्त अब तक डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है तथा 14 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। विमान हादसे के तीन दिन बाद डीएनए परीक्षण के जरिए मृतकों की पहचान की प्रक्रिया तेज होने के बीच अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के डीएनए नमूने आज पूर्वाह्न 11.10 बजे (उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने से) मेल खा गए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी। सरकारी बी जे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर पटेल ने कहा, अब तक 47 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं और 14 शवों को उनके परिजन को सौंप दिया गया है। ये लोग उदयपुर, वडोदरा, खेड़ा, महेसाणा, अहमदाबाद और बोटाद जिलों से ताल्लुक रखते थे। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एएआईबी की एक टीम जांच का नेतृत्व कर रही है और वे पिछले तीन दिनों से यहां हैं।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना

- राजकोट में सोमवार को किया जाएगा अंतिम संस्कार



### जांच को गठित उच्चतस्तरीय समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति की पहली बैठक यहां सोमवार को होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह सचिव की अध्यक्षता वाली समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सूत्रों ने बताया कि समिति की पहली बैठक सोमवार दोपहर होगी।

# प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, 25 की गई जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानसून आने से पहले मौसम के बिगड़ते मिजाज के बीच प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली और बिजनौर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 25 लोगों की मौत हो गई। इन जिलों में घटनाएं बीती रात से लेकर रविवार सुबह तक हुईं जिसमें प्रयागराज की घटना हृदयविदारक रही। यहां आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। प्रयागराज के ही बारा तहसील में 30 वर्षीय अक्षय कुमार की भी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हो गई।

प्रयागराज में जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्ला बोल गांव में बीती शनिवार की रात आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। इस घटना में जान गंवाने वालों में मृतक वीरेंद्र वनवासी (40 वर्ष), पत्नी पार्वती (32) वर्ष बड़ी बेटी सोनू कुमारी (10), बेटी आंचल (8), तीसरी बेटी राधा और चौथी बेटी करिश्मा (4) शामिल रही। वहीं, गोरखपुर के सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपही गांव में रविवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। जबकि, दो बच्चे घायल हो गए। भरपहीं निवासी फेंकू की पुत्री खुशबू (11) की मौत हो गई है जबकि छोटे भाई सागर का बेटा अजय (10) और बेटी ज्योति (12) आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से झुलस गये। बरेली (बहेड़ी/भोजीपुरा) के बहेड़ी व भोजीपुरा में आकाशीय बिजली गिरने से रविवार सुबह दो लोगों की मौत हो गई। एक युवक बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा हो गया था। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बहेड़ी के गांव सिमरा निवासी 22 वर्षीय फरदीन अंसारी बाइक से रविवार सुबह किसी काम से घर से बाहर निकला था। बारिश से बचने के लिए वह पुल के पास एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भोजीपुरा के गांव जटौआ निवासी दुर्गा प्रसाद (25) रविवार सुबह घर से शौच के लिए गया था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन की तो उसका शव गांव के पास ही एक निर्माणाधीन राइस मिल की बाउंड्रीवॉल के पास पड़ा मिला।



प्रयागराज में चलती धूल भरी आंधी।

- कानपुर देहात, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली लखनऊ, संभल समेत 14 जिलों में तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में हुईं मौतें

# पुणे में नदी पर बना पुल ढहा चार की मौत, 32 घायल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए।

तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुछ के बह जाने की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पांच से छह लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।



# पिकअप से टकराई एंबुलेंस, 5 की मौत

संवाददाता, शुकुल बाजार(अमेठी)

**अमृत विचार:** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह करीब छह बजे के आसपास शव लेकर बिहार जा रही एंबुलेंस में सवार पांच लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना बाजार शुकुल क्षेत्र के सेवरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर हुई। हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया गया है।

पुलिस के अनुसार हरियाणा के फिरोजपुर में रहने वाले अशोक शर्मा की मौत के बाद शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव उनके परिजन ले जा रहे थे। एंबुलेंस में उनके बेटे रामभद्रपुर निवासी राजकुमार शर्मा उर्फ सतीश शर्मा (26), गांव के ही रवि शर्मा (28), रिश्तेदार फुलो शर्मा (45) निवासी रवि टोला, हथौड़ी और पुरनाही गांव निवासी शंभू राय (46) सवार थे। वाहन चला रहे हरियाणा के नूंह जिले के आबिद (28) और सरफराज (30) भी साथ में थे। रविवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस के माइल स्टोन संख्या 59.70 पर एंबुलेंस ने आगे चल रही पिकअप में पीछे से टक्कर मार दी।

इस हादसे में राजकुमार, रवि, फुलो, आबिद और सरफराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शंभू राय गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें जिला अस्पताल और फिर एम्स रायबरेली रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही डीएम संजय कुमार चौहान, एसपी अपर्णा रजत कौशिक, यूपीडा टीम और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य के बाद वाहनों को हटाकर यातायात बहाल किया गया।

## दर्दनाक हादसा

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह शव को लेकर जा रही थी एंबुलेंस




# आतंकवाद से लड़ाई में साथी देशों का आभार जताने का मौका : मोदी

- प्रधानमंत्री तीन देशों यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे, जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कनाडा में होने वाला जी-7 शिखर सम्मेलन अहम वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि वह कनानास्किस में शिखर सम्मेलन के दौरान साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए दुनियाभर के देशों को एकजुट करने का भी अवसर है। वह राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर सबसे पहले साइप्रस की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, साइप्रस एक करीबी मित्र और भूमध्य सागर क्षेत्र में तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को बढ़ाने और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।



साइप्रस में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस।

### साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस ने मोदी का किया स्वागत

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

# उमस से राहत, तड़के दो घंटे बरसे मेघ

## अधिकतम व न्यूनतम तापमान में आई गिरावट, हवा की तल्खी भी कम, आकाशीय बिजली गिरी


कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** हफ्ते भर से भीषण उमस से जूझ रहे लोगों को तड़के हुई जोरदार बारिश से खासी राहत मिल गई। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई। इसके साथ हवा की गरमाहट का असर भी कम हो गया। हालांकि दोपहर बाद धूप निकलने से एक बार फिर से उमस ने लोगों को परेशान किया।

करीब हफ्ते भर से जिले के लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। इसी बीच रविवार को तड़के करीब ढाई बजे मौसम ने पलटा मार दिया और तेज गति से ठंडी हवा चलने लगी। इसके बाद उमड़ घुमड़कर बादल छाए और बारिश शुरू हो गई। रिमझिम के साथ शुरू हुई बरसात कुछ ही देर में झमाझम में बदल गई। लगभग पौने दो घंटे तक हुई बरसात से लोगों को गर्मी के असर से राहत मिल गई। सुबह छह बजे तक रुक-रुककर बूंदाबांदी भी होती रही और लगभग पूरे दिन और दिनों की अपेक्षा ठंडी हवा चलती रही। इसके साथ ही बादलों की आवाजाही भी जारी रही। दोपहर 12 बजे के करीब सूरज निकल आया और फिर से लोगों को उमस का असर झेलना पड़ा। हालांकि जिन किसानों की मक्का सूखने के लिए सड़कों पर डाल रखी थी वह भीगने से सड़ने का खतरा पैदा हो गया। खेत में खड़ी तैयार मक्का को कोई नुकसान नहीं है। पानी गिरने से किसानों ने खेतों को धान के लिए तैयार करने की तैयारी शुरू कर दी है।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 39 जबकि न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आर्द्रता 60 फीसदी पहुंच गई जबकि पूर्वी हवा 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रिमानसून हुई बारिश 15.6 मिमी दर्ज की गई है। मंगलवार समेत आगामी दिनों में भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना जताई गई है।


तिर्वा में बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हुई सीढ़ियां दिखाता गृहस्वामी। अमृत विचार


विशुनगढ़ में बिजली गिरने से क्षतिग्रस्त हुआ मकान। अमृत विचार

# चार घरों पर आकाशीय बिजली गिरी क्षतिग्रस्त हुए मकान, दंपति घायल

- ठठिया थाना क्षेत्र के नारायणपुर विशुनगढ़ के माधव नगर सहित दो अन्य जगह गिरी

**तिर्वा/छिबरामऊ।** ठठिया थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी विजय प्रताप सिंह पुत्र वीरेंद्र प्रताप सिंह के घर पर उनके अलावा पुत्र प्रदीप सिंह व पत्नी उर्मिला देवी रहती हैं। रविवार रात बारिश के दौरान गरज चमक के साथ उनके घर पर बिजली गिर गई। इससे मकान का कुछ हिस्सा टूट गया।

आसपास के लोगों के बिजली उपकरण इनवर्टर बैटरी आदि फुक गए। गनीमत रही घटना में गृहस्वामी व उनका परिवार बाल-बाल बच गए। छिबरामऊ संवाददाता के अनुसार रविवार की सुबह विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माधव नगर में तेज गड़गड़ाहट के साथ तीन घरों में गिरी बिजली की चपेट में आए रोहित शाक्य और उनकी पत्नी नेहा शाक्य गंभीर रूप से झुलस गए।

बताया जा रहा है बिजली गिरने के दौरान दंपति घर के बरामदे में बैठे थे। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तुरंत सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। दो और घर की छत पर आकाशीय बिजली गिरी, जिस कारण घर के ऊपरी हिस्से की दीवार, सीढ़ियां और छत क्षतिग्रस्त हो गईं और तीनों घरों के विद्युत उपकरण भी खराब हो गए।

# तेज आंधी से टूटे बिजली के पोल तारों पर गिरे पेड़ तो बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तड़के आई आंधी व पानी ने बिजली व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। बिजली के पोल टूटे गये। कई स्थानों पर पेड़ तो कई की डालें टूटकर तारों पर गिरने से बिजली गुल हो गई। कोल्ड स्टोरेज को भी कई घंटे बिजली नहीं मिली।

शनिवार की तड़के तीन बजे के करीब तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने बिजली गुल कर दी। जसोदा में साधन सहकारी समिति के निकट डबल पोल पर लगा ट्रांसफार्मर धराशाई हो गया। इसी तरह तिर्वा रोड पर कोल्ड स्टोरेज को जाने वाली बिजली लाइन पर कई जगह पेड़ की डाल टूट कर गिर गई। इससे फाल्ट हो गया। अन्य फीडरों व उपकेंद्रों का हाल भी खराब रहा। फाल्ट आ जाने से बिजली गुल हो गई। बाद में उपकेंद्रों के एसएसओ ने बिजली को चालू करने का प्रयास किया पर फाल्ट के कारण आपूर्ति नहीं की जा सकी। उन्होंने संबंधित लाइनमैन को सूचना दी तो वे सुबह के समय निकले और लाइन की पेट्रोलिंग की। एक स्थान पर वह फाल्ट को ठीक करते तो दूसरी जगह निकल आता। किसी क्षेत्र में सुबह 09 बजे तो किसी स्थान पर 10 बजे के बाद बिजली चालू की जा सकी। करीब सात घंटे बिजली गुल होने के बाद 10 बजे से बिजली दी गई पर जैसे ही 12 बजा तो रोज वाली कटौती हो गई। फिर चार घंटे के बाद शाम चार बजे सप्लाई दी गई। इससे सरकार की ओर से गांव को 18 घंटे बिजली देने की घोषणा मजाक बन गई है। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि आंधी पानी से कई जगह पर फाल्ट हुए थे। लाइनमैन ने ठीक कर दिये। जिले में बिजली व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है।


जसोदा में टूटा डबल पोल से लटका ट्रांसफार्मर अमृत विचार


तिर्वा रोड पर कोल्ड स्टोरेज लाइन पर गिरी पेड़ की डाली। अमृत विचार

# एक वार्ड में भर्ती मारपीट के घायलों ने दी जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो दिन पहले हुए विवाद में दोनों पक्ष के लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनों पक्षों को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां एक ही वार्ड में दोनों पक्षों के घायलों को भर्ती किया गया। यहां पर भी दोनों पक्ष आमने सामने हुए और बाहर निकलने पर गोली मारने की धमकी दी। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची। दूसरे पक्ष को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

छिबरामऊ के मेहदेपुर गांव में दूसरे गांव नगला मान के लोगों के साथ शुक्रवार को रुपयों के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे। रिपोर्ट दर्ज कराने के समय दोनों गांव के लोगों ने कोतवाली में हंगामा काटा था। मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल मं। भर्ती कराया। इमरजेंसी में उपचार देने के बाद दोनों पक्ष के लोगों को तीन नंबर वार्ड में भर्ती कर लिया गया। रविवार को एक पक्ष के लल्ला सिंह ने आरोप लगाया कि जब घायल अनुज वार्ड में भर्ती था तो दूसरे पक्ष के लोग वीडियो बनाने लगे। रोका तो दूसरे पक्ष के हिमांशू चौहान व अन्य लोगों ने जान से मार देने की धमकी दी। इस पर उन्होंने यूपी 112 को फोन कर दिया तो पुलिस पहुंच गई। घायल अर्जुन के पास पहुंची जहां मौजूद लल्ला ठाकुर ने धमकी देने की बात बताई। इस के बाद पुलिस अर्जुन को लेकर इमरजेंसी वार्ड पहुंची।

यहां जिला अस्पताल चौकी के दरोगा ने पूरी घटना की जानकारी लेने के बाद डाक्टर से बात कर अर्जुन को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। अर्जुन के परिजन जिला अस्पताल में उपचार न मिलने की बात कह कर रेफर कराने की मांग कर रहे थे। पर डाक्टर से रेफर नहीं किया।


जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लल्ला ठाकुर के साथ बैठा घायल अर्जुन।

- पुलिस ने एक पक्ष के घायल को इमरजेंसी में कराया भर्ती

# आप कार्यकर्ताओं ने की धार्मिक स्थलों की सफाई

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** स्वच्छता व एकजुटता का संदेश देते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धार्मिक स्थल की सफाई की। पदाधिकारियों ने एक मंदिर व मजार की सफाई कर लोगों से धार्मिक स्थल पर गंदगी न करने की अपील की।

रविवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डा. चन्द्रकांत यादव ने गांव मिश्रापुर स्थित एक मंदिर और एक मजार की सफाई की। कहा कि यह रचनात्मक कार्यक्रम जनता में एकजुटता और स्वच्छता का संदेश देता है। आम आदमी पार्टी समाज की गंदगी के साथ शहीद स्थलों, स्मारक, मंदिर व मस्जिदों जैसे पवित्र स्थानों से भी गंदगी साफ करने का काम कर रही है। इस दौरान कलेक्टर सिंह, कन्हैया जाटव, जुगाड़ी कठेरिया, जय किशन यादव, सुरेंद्र सिंह, जानी लाल यादव, मथुरा जाटव, नरेंद्र कठेरिया आदि मौजूद रहे।

# औद्योगिक गलियारा का पहला चरण डेढ़ साल से लटका

संवाददाता, तिर्वा

- अलीपुर अहाना, ठठिया, भुन्ना व चंदौली गांवों में होना है 300 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण

**अमृत विचार।** क्षेत्रीय औद्योगिक विकास और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाना है। योजना की घोषणा के डेढ़ साल बाद भी पहले चरण का काम लटका है। इस योजना के अंतर्गत अलीपुर अहाना, ठठिया, भुन्ना और चंदौली गांवों में करीब 300 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रस्तावित है।

प्रथम चरण में अलीपुर अहाना गांव में 144 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित था, जिसमें अब तक 85 प्रतिशत से अधिक भूमि का अधिग्रहण कर बैनामा की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। शेष किसानों की भूमि का अधिग्रहण बाकी है, जिसके कारण परियोजना अपने पहले चरण में ही अटकी है। प्रशासन शेष किसानों को मुआवजा संबंधी जानकारी देकर बैनामा प्रक्रिया को पूर्ण कराने का प्रयास कर रहा है। परियोजना के दूसरे चरण में ठठिया गांव में 110 हेक्टेयर और तीसरे चरण में भुन्ना व चंदौली गांवों की शेष भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। तहसील प्रशासन का दावा है कि जैसे ही अलीपुर अहाना में प्रथम चरण की प्रक्रिया पूरी होगी, वैसे ही दूसरे चरण की कार्यवाही आरंभ कर दी जाएगी। परियोजना को लेकर क्षेत्रीय लोगों में जहां विकास की उम्मीदें हैं, वहीं अधिग्रहण की धीमी गति से चिंता भी बढ़ रही है। किसान भी चाहते हैं कि उन्हें समय पर उचित मुआवजा मिले और परियोजना का लाभ वास्तव में स्थानीय लोगों तक पहुंचे। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि प्रशासन की ओर से किसानों से लगातार संवाद कर बैनामा प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है। प्रथम चरण जल्द से जल्द पूर्ण कर अगला चरण प्रारंभ करने की योजना बनाई जा रही है।

## सार-संक्षेप


नलकूप का निरीक्षण करते ईओ अनिल कुमार। अमृत विचार

### ईओ ने किया नलकूपों का औचक निरीक्षण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नागरिकों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बीते शनिवार की रात्रि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने नगर के मोहल्ला सरोजनी नगर, आंबेडकर नगर व सूबेदार नगर स्थित नलकूपों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होने नलकूपों की स्थिति, डोजर, अभिलेख व आपरेटरों की मौजूदगी को परखा। मौके पर सभी आपरेटर नलकूप में उपस्थित मिले। ईओ ने सभी ऑपरेटरों को समय से पेयजल आपूर्ति चालू किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी जनार्दन मिश्रा, अकील खान एवं नलकूप ऑपरेटर उपस्थित रहे।


मासिक बैठक में मौजूद कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### जिला पर्यवेक्षक ने संगठन के विस्तार पर की चर्चा

**जलालाबाद, कन्नौज।** कांग्रेस जिला कार्यकारिणी के फ्रंटल संगठनों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें फ्रंटल संगठन को संगठित करने के लिए जिला पर्यवेक्षक ने विचार विमर्श कर निर्देश दिए। रविवार को ब्लॉक जलालाबाद के ग्राम कटरा इनायतपुर में कांग्रेस जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक एवं फ्रंटल संगठनों के संगठन सृजन के लिए जिला पर्यवेक्षक नीरज तिवारी की अध्यक्षता में संगठन को विस्तार देने पर विचार विमर्श किया गया। कहा कि कांग्रेस के संगठन को न्याय पंचायत स्तर पर तैयार करना है। सभी फ्रंटल संगठन जिलाध्यक्ष को अपनी कमेटी को जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। जबकि फ्रंटल संगठनों के नगर अध्यक्ष पर के लिए कई पदाधिकारी ने आवेदन भी किया। इस दौरान कार्यक्रम के संयोजक जमील खान सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव, फैसल, इमरान अली, बृजेंद्र कमल, आमिर अंसारी राहुल गुप्ता आकाश कटियार, दिनेश कुमार, विजय कुमार, शरद मित्रा, बेनी सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## नासूर बना रोग


अन्ना पशुओं का संकट तमाम प्रयासों के बाद भी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। छुट्टा गोवंश कभी किसानों की फसल नष्ट कर देते हैं तो कभी हादसों का कारण बनते हैं। यह दृश्य मकरंदनगर स्थिति जीटी रोड पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे का है जब तीन गोवंश एक साथ खड़े हैं और लोग बचते बचाते आवागमन कर रहे हैं। ऐसे में यदि यह भड़क जाएं तो क्या हो यह कल्पना करना भी मुश्किल है।

# एक ही दिन में 6 हजार क्विंटल मक्का पहुंची मंडी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- शुरुआती समय में मक्का का भाव रहा 2100 रुपये
- बारिश होने से किसान ने मक्का की मड़ाई की तेज

**अमृत विचार।** ग्रीष्मकालीन मक्का की बंपर पैदावार से पहले ही दिन मंडी बाजार झूमा। इस वर्ष भाव करीव 2100 रुपये प्रति क्विंटल खुला है। रविवार को ही करीब छह हजार क्विंटल मक्का मंडी पहुंची है।

भले ही किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिली लेकिन मक्का की बंपर पैदावार हुई। अब किसानों को मक्का को बारिश से बचाने की सताने लगी है। शनिवार की रात हुई बारिश के बाद जिन किसानों की मक्का सूख चुकी थी वह मंडी में लेकर आने लगे। रविवार को ही मंडी समिति में छह हजार क्विंटल मक्का पहुंची। भारी मात्रा में मक्का देख आढ़तियों ने 2040 से शुरू हुए दाम 2100 रुपये प्रति क्विंटल तक कर दिए। किसान उन आढ़तियों के पास मक्का लेकर पहुंचे जो अधिक दाम में खरीददारी कर रहे थे। आढ़तियों ने अपने कर्मचारियों को मंडी गेट के निकट परखी लेकर खडा किया। मक्का की परखी से जांच करने के बाद किसानों को भाव बताया जा रहा था। एक साथ सैकड़ों ट्राली मक्का पहुंचने से आढती भी खुश नजर आये। इस की मुख्य वजह आढतियों के व्यापारी कई दिनों से होटलों में ठहर कर मक्का का इंतजार कर रहे थे। अब वह आढ़त पर पहुंच कर मक्का अपने सामने खरीदकर सीधे ट्रक में लोड करा रहे हैं। आढ़ती रामू गुप्ता का कहना है कि अभी किसान कुछ नम मक्का लेकर पहुंच रहे हैं। उनसे कहा जा रहा है कि वह मक्का को पूरी तरह से सुखा कर ही लाएं। मंडी निरीक्षक आदिल खां का कहना है कि इस बार मक्का का उत्पादन ठीक हुआ है। अब किसान बारिश से पहले खेत से मक्का को उठाने में लगा है। जो मक्का की मड़ाई कर लेते उसे सीधे मंडी ला रहे हैं।


सरायमीरा जीटी रोड किनारे धर्मकांटा पर तौल कराने के लिय कतार में खड़े मक्का लदे ट्रैक्टर। अमृत विचार

**अव्यवस्था** सौरिख ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सराय भागमल की सूचना 2 महीने बाद भी नहीं दी

# अधिकारी पोल खुलने के डर से दबा रहे आरटीआई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में गड़बड़ी, भर्ती व विकास कार्यों की पोल खुलने के डर से ज्यादातर अधिकारी जनसूचना अधिकार अधिनियम (आरटीआई) 2005 के तहत जानकारी नहीं दे रहे हैं। इस वजह से लोग पहली व दूसरी अपील कर रहे हैं। ऐसे ही एक प्रकरण में 30 दिन का नियम है लेकिन 2 महीने बाद भी सूचना नहीं दी गई है।

ब्लॉक सौरिख क्षेत्र के मुर्रा निवासी नीरज पांडेय ने बताया कि 12 अप्रैल को 7 बिंदुओं पर सूचना मांगी थी, लेकिन अब तक नहीं मिली है। इसके लिए उन्होंने बीडीओ को आवेदन किया था। नीरज ने ग्राम पंचायत सराय भागमल में वर्ष 2022 से 2024-25 तक स्वच्छ शौचालय के निर्माण पर खर्च बजट और लाभार्थियों की सूची मांगी। प्रधान सिलोचना पत्नी संतराम की ओर से वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 में मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत में कराए गए कच्चे व पक्के कार्य व उस पर खर्च किए गए बजट की प्रमाणित कॉपी भी मांगी। ग्राम पंचायत में पंजीकृत जॉबकार्ड धारक व उनकी हाजिरी और श्रमिक के नाम व उनको किए गए भुगतान का ब्योरा भी मांगा गया जो नहीं मिला। नीरज ने बताया कि इंडिया मार्का हैंडपंप रखरखाव-मरम्मत पर खर्च किए गए धन का पूरा ब्योरा दिया जाए। रिबोर हुए हैंडपंपों की संख्या व उस पर किए गए खर्च, अमृत सरोवर, तालाबों के सुंदरीकरण पर खर्च बजट का भी लेखाजोखा मांगा है।

साथ ही ग्राम पंचायत की सभी तरह की निधि व खर्च धन का विवरण के लिए आवेदन किया। सूचना न मिलने के बाद 10 जून को वादी ने पहली अपील भी डीपीआरओ के यहां कर दी है। कहा है कि समय निकलने के बाद भी सूचना नहीं दी गई है।

### इन्होंने भी लगाई हैं आरटीआई, नहीं मिल रही सूचना

- जलालाबाद क्षेत्र की रश्मि तिवारी ने सूचना मांगी लेकिन तय समय में नहीं दी। उसके बाद उनके पुत्र को धमकियां मिलीं। मामले की शिकायत कलेक्ट्रेट में हो चुकी है। इसी तरह ब्लॉक उमर्दा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बलनापुर निवासी तेजराम ने भी आरोपी ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान पर कार्रवाई की जानकारी मांगी जो नहीं मिली है। छिबरामऊ क्षेत्र के भी कई प्रकरण विकास भवन पहुंच चुके हैं। सूचना न देने पर राज्य सूचना आयोग में मामले बढ़ रहे हैं तो दूसरी ओर लोगों के अधिकारियों का भी हनन हो रहा है। एक मामले में विधायक व सांसद निधि पर भी जानकारी न देने व सीडीओ/ डीडीओ के यहां पहली अपील में भी राहत न मिलने पर राज्य सूचना आयोग में प्रकरण पहुंचा तो पहली ही तारीख में सूचना उपलब्ध कराई गई थी।

**30** दिन में अधिनियम के तहत जानकारी देना जरूरी, इसके बाद पहली अपील

# मां बेटे से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर गांव के चार लोगों ने महिला से गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे व उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम नवादा निवासी जसोदा पत्नी समरपाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके गांव के अवधेश, सुमित, पूनम, सुशीला रंजिश के चलते 09 जून की रात लगभग 10:30 बजे उसके दरवाजे पर आए और रंजिश को लेकर उसके साथ गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 23145087 की अंक तालिका व सनद वास्तव में कहीं खो गई है। **शुभम पुत्र सुभाषचंद्र निवासी विधीचंद्र, औरैया**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **सीमा कटियार पत्नी संतोष कटियार निवासी एलआईजी 20तात्या टोपे नगर फेस 3 कानपुर नगर** मेरे कालोनी के कागज वास्तव मे खो गए है ।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अजीत कुमार पुत्र सूरज लाल व श्रीमती रूपा पत्नी अजीत कुमार निवासीगण ग्राम जरखा पोस्ट कन्दरौला थाना कोतवाली फतेहपुर जिला बाराबंकी ।** मैने अपने बडे पुत्र यश कुमार के गलत चाल–चलन के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उपरोक्त द्वारा कोई कृत्य, वाद–विवाद, लेन देन, या किसी प्रकार का कोई कृत्व यदि करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा किसी भी प्रकार का कोई लेना–देना नहीं है न किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार ही रहेगा।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **जामिन पुत्र स्व. मुल्ला, निवासी–वार्ड नं0–8, अहमदपुर खेड़ा, थाना–इटौंजा, जिला–लखनऊ।** मैने अपने पुत्र जुबेर को उसके गलत आचरण, अनैतिक कृत्यों तथा बिना परिवार की सहमति से किसी लड़की से शादी करने से त्रस्त होकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से पूर्णतया बेदखल कर दिया है, अब अपने पुत्र जुबेर से कोई भी लेना–देना नहीं है और न ही कोई वास्ता व सरोकार है। किसी भी अनैतिक कृत्य या लेन–देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी, यदि जुबेर ने किसी भी महिला से विवाह आदि किया हो, तो इसके जिम्मेदार जुबेर ही होगें, मेरा व मेरे परिवार के लोगों से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net


## आज का मौसम

सोमवार को बादल छाए रहने की संभावना है। धूप की आवाजाही से उमस रहेगी। बूंदाबांदी हो सकती है।

36.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 07 : 04


अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## एक नजर

### चलती ट्रेन से उतरते समय चपेट में आया युवक, मौत

**फर्रुखाबाद।** नगर के मोहल्ला श्याम नगर निवासी बहन के घर आ रहा युवक जल्दबाजी के चक्कर में श्याम नगर क्रासिंग के पास चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कन्नौज के रामपुर निवासी दीन बंधु (28) अपनी बहन किरन के घर श्याम नगर आ रहा था। श्याम नगर के निकट रेल की रफ्तार धीमी हो गई क्योंकि यह स्थान रेलवे स्टेशन से थोड़ी ही दूरी पर है। दीनबंधु ने रेल से उतरने का प्रयास किया। अचानक वह रेल की चपेट में आ गया जिससे कट कर मौत हो गई।

### फ्री मेडिकल कैम्प में मरीजों को मिला लाभ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला बिरतिया वार्ड नंबर 8 मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास फातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 6 तक चला। कैम्प में कानपुर से डॉ. मोहम्मद वसीम खान, डॉक्टर स्टाफ मोहम्मद सैफी, मोहम्मद अलफहद, मोहम्मद आरिज, मोहम्मद हन्जला ने मरीजों को देखा और मर्ज के हिसाब से दवाएं दीं। इस दौरान आमिर रजा, फैशल अली, मोहम्मद हाफिज फैजान, महमूद मंसूरी, अनवार आलम, सलीम मंसूरी आदि रहे।

### रानी अवंतीबाई पर अभद्र टिप्पणी, रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा।** रानी अवंतीबाई पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली के बहादुरपुर गांव निवासी वीरांगना अवंतीबाई लोधी कमेटी के संयोजक अरुण कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि इंस्टाग्राम पर एक अज्ञात व्यक्ति ने अंवतीबाई लोधी के साथ लोधी समाज के लोगों की मां-बहन पर अभद्र टिप्पणी कर सर्व समाज के लोगों के महापुरुषों व मातृ शक्तियों का अपमान किया।

# मक्का चोरी का विरोध करने पर पीटकर हत्या

## बारिश के दौरान सड़क पर पड़ी मक्का समेटने गया था युवक

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** संदिग्ध अवस्था में युवक का खून से लथपथ शव मिला। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने छह लोगों पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के खखरियापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार (35) ने शनिवार को गांव के पास से ईशन नदी पुल कपूरापुर-तिर्वा मार्ग पर मक्का को सुखाने के लिए डाल रखी थी। रात में तेज आंधी व बारिश होने पर वह सड़क किनारे पड़ी मक्का को समेटने व ढंकने की बात कहकर घर से निकल आया। इसके बाद घर नहीं लौटा। रविवार सुबह मक्का के पास वह लहूलुहान अवस्था में पड़ा था। ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन पहुंचे लेकिन तब तक प्रदीप की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। मृतक की पत्नी मनोरमा ने पुलिस को



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

● मृतक की पत्नी की तहरीर पर छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को मक्का बंद करने (ढांकने) के लिए उसके पति प्रदीप बाइक से जेठ बलवीर सिंह के साथ गए थे। बाइक की रोशनी में देखा तो सुजानसराय गांव निवासी अंकित, अमित पुत्रगण कमलकिशोर, रोशन लाल पुत्र नियामत सिंह, श्याम सिंह पुत्र रूपलाल व दो व्यक्ति अज्ञात मक्का की चोरी कर रहे थे। जब उसके पति ने विरोध किया तो उसकी पीट कर हत्या कर दी। जेठ के ललकारने पर सभी लोग मौके से फरार हो गए। मृतक का सोने का लाकेट व मोबाइल रोशनलाल के पास मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

# अमानक निजी अस्पतालों पर गाज गिरना तय, रिपोर्ट भेजी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● एसडीएम, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने की चेकिंग
● स्वास्थ्य विभाग ने जिलाधिकारी को भेजी जांच रिपोर्ट

**अमृत विचार।** मानक न पूरे करने वाले नर्सिंगहोम, क्लीनिक की जांच पूरी कर ली गई है। स्वास्थ्य विभाग ने जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी है। इसमें अवैध तरीके से चल रहे कई नर्सिंगहोम पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

जिले में करीब 84 नर्सिंगहोम व क्लीनिक संचालित है। यह मानक पूरा कर रहे या नहीं, इनका रजिस्ट्रेशन भाग में है या नहीं ? डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं नहीं? इन्हीं व्यवस्थाओं को जांचने के लिये जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने एसडीएम, संबंधित थाना कोतवाली प्रभारी के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेकिंग की जिम्मेदारी सौंपी थी। संयुक्त टीम ने करीब एक माह तक जांच की। इस दौरान कई नर्सिंगहोम व क्लीनिक अवैध तो कई अमानक मिले। कई में डाक्टर भी नहीं मिले थे। खामियां मिलने की रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने तैयार की है। इस रिपोर्ट को जिलाधिकारी को भेज दिया गया है। इसके बाद जिलाधिकारी की ओर से कार्रवाई के लिये अनुमति दी जायेगी। इसके आधार पर विभागीय अधिकारी इनको नोटिस देने के साथ ही संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायेंगे। नियमित हुई चेकिंग में नर्सिंगहोम व क्लीनिक में खामियां मिलती रही हैं। भले ही उस समय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इनके एमडी पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की पर अब जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित पर गाज गरना तय हैं। बताया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग ने जो जांच रिपोर्ट तैयार की है उसे गोपनीय रखा है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा।** गाली गलौज का विरोध करने पर चार लोगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना ठठिया के खानपुर गांव निवासी अब्दुल खां ने पुलिस को तहरीर दी कि 14 जून की शाम को उसका पुत्र मुनीश मोहम्मद शौच के लिए खेत की तरफ जा रहा था। रास्ते में गांव निवासी अनुपम, सनोज, मनोज पुत्रगण रामनरेश, मंजू पुत्री रामनरेश पुरानी रंजिश को लेकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।



कलेक्ट्रेट स्थित हाल में योगाभ्यास करते जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य।

# आलाधिकारियों ने किया योगाभ्यास, सप्ताह शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पूरा देश 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने जा रहा है। इसको लेकर योग सप्ताह की शुरुआत हो गई है। इस क्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत अधिकारियों कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दीप प्रज्वलित कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इसके बाद योग प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया गया। पुलिसकर्मियों को भी नियमित योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। योग शिविर में पुलिसकर्मियों को योगाभ्यास कराया गया। बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, बल्कि इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है तथा तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### जनपदीय योग प्रतियोगिता आज

● **कन्नौज।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जनपदीय योग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि 16 जून को भारतीय शिक्षा सदन इंटर कालेज, सिकंदरपुर में प्रतियोगिता का आयोजन होगा। कार्यवाहक प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच सेमिनार, भाषण, निबंध लेखन, स्लोगन व आशुभाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन सुबह 9 बजे से किया जाएगा।

# चहेतों का चयन कर जिले से निकल लिए आरोपी अफसर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● डीडीओ को फर्रुखाबाद का बनाया गया स्वतः रोजगार डीसी
● शासन में पैरवी कर रामपुर के लिए डीपीओ ने कराया तबादला

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग के तहत हुई चहेतों की भर्तियों के बाद आरोपी दो अफसरों के जिले के बाहर तबादले हो गए हैं। एक ने शासन में पैरवी कर तबादला कराया है तो दूसरे पड़ोसी जिले में पहुंच गए हैं।

दरअसल, मिशन वात्सल्य के तहत 'अपनों' को नौकरी देने के बाद विवादों में आईं जिला प्रोबेशन अधिकारी इरा आर्या का स्थानांतरण मनचाहे जिले रामपुर में हो गया है। विकास भवन में इस बात की चर्चा तबादले की सूची आने से करीब 10 दिन पहले ही हो गई थी कि उन्होंने इसकी तिकड़म फिट कर ली है। उनकी जगह पर अभी किसी अधिकारी की तैनाती नहीं हुई है। कहा जा रहा है कि अभी जिला प्रोबेशन अधिकारी का पद रिक्त रहेगा। दूसरी ओर चाइल्ड लाइन में भर्तियों की कमेटी में शामिल रहे जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी का तबादला फर्रुखाबाद के लिए हुआ है। उनको डीसी स्वतः रोजगार (एनआरएलएम) बनाया गया है। कहा जा रहा है कि जिले से चार्ज छोड़ने के बाद कई चीजें बाहर आएंगी जिन पर आरोपी अफसरों ने 'पर्दा' डाल रखा है।

### डीडीओ को मिली थी जांच जो चयन कमेटी में खुद थे

● चाइल्ड लाइन में नियमों को ताक पर हुई भर्ती के मामले में जांच डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने की थी। वो न सिर्फ उस समय प्रभारी सीडीओ थे बल्कि चयन कमेटी में भी शामिल थे। उन्होंने ही क्लीन चिट दे दी थी। साथ ही मामले की रिपोर्ट तत्कालीन डीएम को भेजी थी।

# हादसे में पिता की मौत, पुत्री सहित दो घायल

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम करमुल्लापुर के पास एक तेज रफ्तार डीसीएम की टक्कर लगने से भूसा लादे ट्रैक्टर ट्राली सवार पिता की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी बेटी तथा ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर निवासी गिरीश पुत्र पुत्तू लाल की पुत्री संजू का विवाह थाना भोगांव के ग्राम सूरजपुर में हुआ है। पुत्री पिता के घर से मवेशियों के लिए भूसा लेने आई थी। यहां से पिता गिरीश ने गांव के ही ट्रैक्टर पर भूसा लदवा दिया। इसके बाद शनिवार की रात करीब एक बजे पुत्री तथा ट्रैक्टर चालक अवनीश के साथ पुत्री की ससुराल सूरजपुर जा रहे थे। तभी ग्राम करमुल्लापुर के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद गिरीश को मृत घोषित कर दिया, जबकि पुत्री और ट्रैक्टर चालक का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।



गिरीश की फाइल फोटो।



हादसे के बाद मौजूद गमगीन महिलाएं। अमृत विचार





अस्पताल में भर्ती घायल पुत्री संजू व ट्रैक्टर चालक अवनीश।

● डीसीएम ने मारी भूसा लदी ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर

### डिवाइडर से टकराई स्कूटी, चालक घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम प्रेमपुर सरैया के पास एक स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। घटना में चालक घायल हो गया। बेवर थाना क्षेत्र के ग्राम बराह निवासी 37 वर्षीय निलेश कुमार पुत्र शांति स्वरूप दिव्यांग है। शनिवार की शाम लगभग 8 बजे वह अपनी ससुराल गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बलिदासपुर गढ़िया से पत्नी पूजा तथा पुत्र मयंक को साथ स्कूटी पर बैठाकर गांव जा रहे थे। ग्राम प्रेमपुर सरैया के पास स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और डिवाइडर से जा टकराई। घटना में चालक निलेश कुमार घायल हो गए, जबकि पत्नी और बच्चा बाल बाल बच गया। राहगीरों की मदद से उन्हें सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सार-संक्षेप



जिला अस्पताल में बैठे एक पक्ष के घायल। अमृत विचार

### बरसाती पानी के निकास को लेकर दो पक्ष भिड़े, कई घायल

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पीरनपुर्वा गांव में बरसाती पानी निकास को लेकर दो पक्षों में लाठी डंडे चलने से कई लोग घायल हो गये। इन सभी को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सीय परीक्षण किया गया। पीरनपुर्वा गांव में रविवार को खाली पड़ी भूमि पर पानी भर गया। इस पानी को निकालने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इसे मौके पर भगदड़ मच गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पक्ष के जिसे पाया उसे हमला बोल कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। इस में एक पक्ष के इतवारी लाल व राजेश पुत्रगण राम शंकर, प्रांशु पुत्र इतवारी लाल, डोली पुत्री राम किशोर घायल हो गये। दूसरे पक्ष के अतर सिंह, राम सागर, अरविंद, विजेंद्र, प्रीती घायल हुई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर जांच की जायेगी जो भी दोषी पाया जायेगा संबंधित पर कार्रवाई की जायेगी।

**मौसम की मार** | अधिकतर मरीज खुद ग्लूकोज की बोतल लगाने को कहते

# गर्मी से जिला अस्पताल में बढ़े उल्टी-दस्त के मरीज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते जिला अस्पताल में उल्टी-दस्त के रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। नियमित इमरजेंसी में 30 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। यह मरीज डॉक्टर से खुद ग्लूकोज की बोतल लगाने की बात कह रहे हैं।

एक सप्ताह के जिले के लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। घर हो या बाहर हर जगह पसीने से सराबोर दिखाई दे रहे हैं। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। गर्मी का नतीजा है कि लोग उल्टी दस्त के शिकार हो रहे हैं। अधिक तर लोग जिला अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंच क भर्ती हो रहे हैं। इमरजेंसी के डाक्टरों का कहना है कि नियमित 20 से 30 लोग इमरजेंसी में पहुंच रहे हैं। ठीक होने पर इन को इमरजेंसी से दवा देकर भेजा जा रहा है। डाक्टर ने बताया कि अधिकतर मरीज खुद उनसे कहते कि शरीर में थकान व पानी की कमी हो रही है।

इस लिये उनको ग्लूकोज की बोतल लगा दें जिससे उनको तत्काल लाभ मिल जाये। डाक्टर ज्ञानेंद्र ने बताया कि मरीज के ठीक होने पर उनको घर भेजा जाता है। ओआरएस का घोल पीने की सलाह दी जाती है साथ ही धूप में न निकलने को कहा जा रहा है। मरीजों को बताया जा रहा है कि धूप में पहले तो न निकलें। यदि जरुरी हो तो फुल आस्तीन के कपड़े पहन व हल्का खाना खाकर ही घर से निकलें। पानी पीते रहें। बाजार के तले हुए खाद्य पदार्थों का न खायें। नीबू से बनी शिकंजी का अधिक प्रयोग करें। मौसमी फलों का सेवन करें। उल्टी दस्त की शिकायत होने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में पहुंच कर उपचार लें।



जिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीज। अमृत विचार

● ठीक होने पर दिया जा रहा ओआरएस का पैकेट

### पोल में आ रहे करंट की चपेट में आने से बालिका की मौत

**तिर्वा।** बिजली पोल करंट आ गया। किसी तरह से छू लेने से बालिका चपेट में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

कोतवाली के सखौली गांव निवासी विजय राठौर मेडिकल कालेज के पास किराने की दुकान किए है। शनिवार की रात करीब नौ बजे उसकी 10 साल की बेटी आंशिका दुकान से घर जा रही थी। पास में एक निजी होटल के सामने लगे बिजली पोल में करंट आ रहा था। बालिका ने किसी तरह पोल को छू लिया। वह करंट के चपेट में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। कोतवाल विरेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बिना ढक्कन का लगाया वाटर कूलर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● नगर पालिका ने यातायात बूथ पर लगाया है वाटर कूलर
● टंकी में गिर रहे जीव-जंतु गंदा-पानी पी रहे राहगीर

**अमृत विचार।** बिना ढक्कन की टंकी से नगर पालिका गंदा पानी पिला रही है। पालिका ने यातायात बूथ पर वाटर कूलर लगाया है लेकिन इसकी टंकी में ढक्कन ही नहीं है जिससे बंदर व अन्य जीव पानी में गिर रहे हैं। ऐसे में राहगीर गंदा पानी पीने को विवश हैं।

भीषण गर्मी में आम लोगों का गला तर करने के लिये नगर पालिका की तरफ से शहर में वाटर कूलर लगाए गए हैं। इससे आने जाने वाले लोगों को गर्मी में राह चलते पीने का पानी मिलने लगा है। इसके लिए वाटर कूलर लगवाने के बाद उस पर पानी की टंकी भी रखवा दी गई है। यातायात बूथ के पास लगे वाटर कूलर की टंकी में ढक्कन न लगवाने से जीव जंतु गिर रहे हैं। इस तरह गंदा पानी आम लोगों को पीना पड़ रहा है। शहर में वैसे भी बंदरों की भरमार है। भीषण गर्मी होने से यह बंदर इस पानी की टंकी में उतर कर पूरा आनन्द ले रहे हैं। नगर पालिका ने यह भी ध्यान नहीं दिया कि टंकी का ढक्कन न लगने से इस में पूरे दिन गंदगी गिरेगी। गंदा पानी पीने से लोग बीमार भी पड़ सकते हैं। वाटर कूलर की टंकी में ढक्कन न होने की जानकारी स्थानीय लोगों ने दी तो इसको मौके पर जा कर देखा गया तो बात सही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने नगरपालिका कर्मियों को इस की जानकारी देदी है पर अभी तक इस की टंकी में ढक्कन नहीं लगाया गया है।



यातायात बूथ पर लगा बिना ढक्कन का वाटर कूलर। अमृत विचार

# इलाज के दौरान युवक की मौत

## डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर काटा हंगामा

संवाददाता सैफई इटावा



युवक की मौत के बाद रोती बिलखती मां व परिवार के अन्य लोग। अमृत विचार

- उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विवि में भर्ती था युवक
- सीएम को संबोधित करते हुए वीडियो वायरल किया

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में भर्ती युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से गुस्साए स्वजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। मृतक की मां ने डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

भरथना के मोहल्ला ब्रजनगर निवासी सुनील कुमार का22 वर्षीय पुत्र आदित्य उर्फ रमन किडनी की बीमारी से ग्रसित था। 9 जून की सुबह हालत बिगड़ने पर स्वजन उसे विश्वविद्यालय में भर्ती कराए थे। अगले दिन उसे ट्रॉमा सेंटर के एम आई सीयू में शिफ्ट किया गया, लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ। शनिवार सुबह हालत और बिगड़ने पर मां सुमित्रा देवी ने ऑक्सीजन में दिक्कत की जानकारी दी, लेकिन आरोप है कि स्टाफ ने कोई ध्यान नहीं दिया। महिला का आरोप है कि जब वह चिकित्सक से मदद मांगने पहुंची तो उसे डांटकर भगा दिया गया। हाथ जोड़ने पर भी डॉक्टरों ने अनसुना कर दिया। मां का कहना है कि यदि समय रहते इलाज मिलता तो बेटे की जान बचाई जा सकती थी।

मरीज की देखरेख मेडिसिन विभाग के डॉक्टर मनोज कुमार कर रहे थे। आरोप है कि विभाग में कोई जिम्मेदार डॉक्टर समय पर मौजूद नहीं रहता और व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। मृतक की मां ने दो वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की है। उसने यह भी कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, वह बेटे का शव नहीं ले जाएगी। सूचना पर पहुंचे विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस ने स्वजनों को समझाने का प्रयास किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि युवक को गंभीर हालत में भर्ती किया गया था। विशेषज्ञों की निगरानी में इलाज हुआ, मौत के कारणों की जांच कराई जा रही है। लापरवाही सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखवाया गया है।

## तालाब में डूबने से बच्चे की गई जान

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव नगला सिंह में खेलते समय एक 3 वर्षीय बालक तालाब के गहरे पानी में गिर गया। जानकारी होने पर परिवार के लोगों ने उसे बाहर निकाला और 50 शैय्या अस्पताल बकेवर लेकर आये, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सिंह निवासी जय चंद्र ने बताया कि उनका 3 वर्षीय पुत्र अंश शनिवार की शाम गांव के पास स्थित तालाब में बच्चो के साथ खेलते समय चला गया और उसका पैर में फिसल जाने से वह तालाब में गिर गया और वह डूब गया। जब वह शाम को घर नही पहुंचा तो परिजन ढूंढते हुए तालाब के पास पहुंचे तो देखा उनका बेटा तालाब में पड़ा दिखाई दिया। उसे लोगों ने बाहर निकला और उसे उपचार के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर लेकर आये जहां चिकित्सक ने चेकअप करने के बाद पुत्र अंश उर्फ हर्षित को मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

# बूंदाबांदी के बाद बिजली व्यवस्था ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता इटावा



बिजली न आने से ट्रांसफार्मर के पास खड़े लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार की मध्य रात को हल्की बूंदाबांदी होते ही बिजली की अघोषित कटौती ने लोगों का सोना मुश्किल कर दिया। बिजली के आने-जाने का जो सिलसिला शुरू हुआ वह रविवार की दोपहर बाद तक चलता रहा।

शहर की लाइन पार इलाके में मध्य रात से ही बिजली के आने-जाने का सिलसिला चालू हो गया। रात 1 बजे अशोकनगर क्षेत्र की बिजली गुल हो गई इसके बाद फ्रेंड्स कॉलोनी और रामनगर तथा गांधीनगर मोहल्ले की बिजली भी आती जाती रही। फॉल्ट खोजने के बाद मरम्मत का काम शुरू किया गया और यह काम इतनी देर चला कि सवेरा हो गया। सुबह 5:30 बजे अशोकनगर तथा फ्रेंड्स कॉलोनी की बिजली सप्लाई चालू की गई लेकिन थोडी ही देर में फिर बिजली गुल हो गई। रामनगर की बिजली सप्लाई सुबह 10:30 बजे चालू हो पाई। सुबह बिजली न आने से नलों में पानी भी नहीं आया और लोग रात में नींद भी पूरी नहीं कर सके। दोपहर 2 बजे फिर फ्रेंड्स कॉलोनी की बिजली सप्लाई बंद हो गई और फिर 3:15 पर मेन सप्लाई फेल होने के कारण 20 मिनट तक बिजली सप्लाई बाधित रही। इसी तरह मुख्य शहर में भी रात के बाद दिन में भी बिजली सप्लाई आती जाती रही जिससे लोग परेशान रहे। यहां बलराम सिंह चौराहा, गुरु तेग बहादुर फीडर, एकता कॉलोनी की बिजली सप्लाई रात से ही बाधित रही। सबेरे 6:30 बजे सुंदरपुर फीडर ब्रेकडाउन में चला गया जिससे इस क्षेत्र से संबंधित मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। 8:00 बजे से पहले ही बाजार क्षेत्र की बिजली भी चली गई और माल गोदाम रोड की बिजली भी गायब हो गई। उधर शहर के पूर्वी किनारे पर सुंदरपुर फीडर से संबंधित मोहल्लों में रात 2:00 बजे से बिजली सप्लाई गायब रही और सुबह 8:00 बजे तक सप्लाई चालू नहीं हो पाई। सुबह 8 बजे तक देसरमऊ तथा फीडर नंबर 6 ब्रेकडाउन में ही बने रहे। इसके बाद इन क्षेत्रों की बिजली सप्लाई चालू हो पाई।

## एक्सप्रेस-वे के किनारे नाले में पड़ा मिला बुजुर्ग का शव

संवाददाता ताखा इटावा

- दो दिन पहले घर से बिना कुछ बताये निकल गये थे

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 124 पर खरगुआ गांव के पास सर्विस रोड के किनारे स्थित नाले में एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर थाना ऊसराहार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। शव की पहचान इकघरा गांव निवासी रामसिंह (65) के रूप में हुई। पहचान उनके बेटे अशोक यादव ने की।

अशोक यादव ने बताया कि उनके पिता दो दिन पूर्व गुरुवार को सुबह बिना कुछ बताए घर से निकल गए थे, इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा था। परिवारजन उन्हें आसपास के गांवों व रिश्तेदारों के यहां तलाश रहे थे, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। रविवार दोपहर करीब 12 बजे शव मिलने की सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उनकी पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं।

थानाध्यक्ष ऊसराहार बलराम मिश्रा ने बताया कि परिजनों से पूछताछ की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

# छात्रों को दिलाई रक्तदान की शपथ

कार्यालय संवाददाता इटावा



रक्तदान की शपथ दिलाते प्रधानाचार्य कैलाश यादव।

**अमृत विचार।** पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़ ग्वालियर बाइपास में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों व अन्य लोगों को रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश यादव ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वेच्छा से रक्तदान करने और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद नियमित रक्तदान का संकल्प लें। इस अवसर पर डॉ. कैलाश चंद्र यादव, निदेशक एवं सीबीएसई डीटीसी, अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने भी लोगों को रक्तदान के लिये प्रेरित किया।

### 153 एनसीसी कैडेट्स ने किया रक्तदान


**इटावा।** रक्त दान दिवस पर 4 यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में डॉ बी आर आंबेडकर हॉस्पिटल इटावा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बटालियन कमांडर कर्नल सुधांशु द्विवेदी द्वारा की गई। इस शिविर में बटालियन स्टाफ और 153 एनसीसी कैडेट में भाग लिया। रक्तदान शिविर में बटालियन कमांडर कर्नल सुधांशु द्विवेदी ने कैडेट्स का उत्साह बढ़ाते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर कपिल देव सेना मेडल, सूबेदार जीतराम, सतनाम सिंह, सुधीर कुमार, बी एच एम जितेंद्र सिंह सेना मेडल, हवलदार श्रवण सिंह, विजयपाल सिंह, रोहितास मिलर, बहादुर गुरुंग, एनसीसी अस्थाई लेफ्टिनेंट अंकित सिंह और जनता कॉलेज बकेवर एवं अन्य कॉलेज के कैडेट्स मौजूद रहे।

## आकाशीय बिजली से किशोरी झुलसी

**भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव घमुरिया में अचानक आए आंधी-तूफान के बीच गिरी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किशोरी गंभीर रूप से झुलस गई।

गांव घमुरिया निवासी रामकुमार की बेटी ज्योति घर के बाहर खड़ी थी। उसी समय मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बादल गरजने लगे। देखते ही देखते तेज आवाज के साथ बिजली गिरी, जिससे ज्योति के पैर बुरी तरह झुलस गए। आसपास के लोग मौके पर दौड़े और परिजनों की मदद से घायल किशोरी को तुरंत कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने किशोरी की हालत गंभीर बताई और बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## सार-संक्षेप



शोक संवेदना व्यक्त करते कासिम अंसारी व अन्य।

### वरदान सोसाइटी ने विमान हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**इटावा।** वरदान वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान एवं सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद कासिम अंसारी के नेतृत्व में वाह अड्डा पर विमान दुर्घटना में मृत लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। वरदान वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद कासिम अंसारी ने कहा अहमदाबाद में विमान हादसे में हुई जानमाल की भारी क्षति से हम सभी बेहद दुखी और व्यथित हैं वरदान वेलफेयर सोसायटी इस दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हैं। दुख की इस घड़ी मे हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर प्रभावित सभी लोगों को इस अकल्पनीय क्षति से उबरने की शक्ति और सांत्वना दे। उन्होंने विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर अब्दुल जब्बार उपाध्यक्ष, फुरकान अहमद महासिचव, शावेज़ नक़वी, इमरान अंसारी एडवोकेट सचिव, जाबिर अंसारी उप महासिचव, हसीन खान, हाफिज आबिद अंसारी, समीर, आसिफ मुज़फ्फर आदि ने शोक सभा में मृतात्माओं की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखकर विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जानवर को बचाने में कार डिवाइडर से टकराकर पलटी

**जसवंतनगर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गढी जालिम के पास रविवार की दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज़ रफ्तार कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें सवार तीन युवक घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब चालक ने अचानक सामने आए अन्ना जानवर को बचाने की कोशिश की, जिससे कार असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में घायल हुए सभी युवक जालौन जनपद के कुठौंद क्षेत्र के निवासी हैं और वृंदावन से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। घायलों में राघवेन्द्र गुप्ता, जितेंद्र कुमार और गोपाल गुप्ता शामिल है। घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### मारपीट और दुर्घटना में दो लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट व सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना जीआरपी क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन परिसर में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अमन 32 वर्ष पुत्र परमानन्द निवासी नियामतपुर थाना आसनसौर पूर्वी पश्चिम बंगाल घायल हो गया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत नगला हीरालाल खरदूली निवासी राम किशन 55 वर्ष पुत्र रामनाथ गांव में मारपीट की घटना में घायल हो गया।

### गौरैया संरक्षिका ने सफारी को भेंट किये घोसले

**इटावा।** गौरैया अस्तित्व बचाओ अभियान के अंतर्गत गौरैया संरक्षिका डॉ. सुनीता यादव के नेतृत्व में पक्षियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए 40 घोसले व 40 मिट्टी के प्याले तथा पशुओं के लिए एक सीमेंट निर्मित नाद सफारी पार्क को भेंट की गई। यह सारी चीजें सफारी डायरेक्टर डॉ. अनिल पटेल को सौंपते समय उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नरेश कुमार, प्राचार्य डॉ. उमेश यादव, जेल विजिटर सुभाष यादव और जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक पेंशनर्स यूनियन बृजेश यादव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत डिप्टी डायरेक्टर विनय कुमार सिंह और सफारी रेंजर रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने किया। डॉ. सुनीता यादव की यह पहल पक्षियों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। उनके इस प्रयास की सफारी प्रशासन व कर्मचारियों ने प्रशंसा की। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. पटेल ने कहा कि जिंदा हो तो जिंदा दिखना भी चाहिए सभी के दिलों को छू गया। डायरेक्टर डॉ. पटेल ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि हर शुक्रवार परिषदीय विद्यालयों के लिए सफारी भ्रमण नि:शुल्क रहेगा।

# जैन शिविर के समापन पर मेधावियों को बांटें पुरस्कार



मेधावी बच्चों को पुरस्कृत करतीं मुख्य अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

- बच्चों को 1300 से ज्यादा पुरस्कार वितरित किये गये
- समाज के विद्वान व सभ्रांत लोग मौजूद रहे

**अमृत विचार।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जैन बाजार में 19 वर्षों से आयोजित हो रहे जैन संस्कार शिक्षण शिविरों की श्रृंखला में इस वर्ष आयोजित शिक्षण शिविर का समापन हो गया। जिसमें 1300 से ज्यादा पुरस्कार वितरित किए गए। ये पुरस्कार शिक्षण कक्षाओं के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले मेधावी बच्चों को प्रदान किए गए। कुछ बच्चों ने तो अपने हुनर की दम पर एक दर्जन के अधिक पुरस्कार जीते।

शिविर के समापन पर आये समृद्धि जैन शास्त्री, प्रज्ञा जैन शास्त्री व छवि जैन शास्त्री के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम व शिविर सहयोगी कृति जैन, अनन्या जैन, टिया जैन, क्षमा जैन, आशी जैन, अंशुल जैन, प्रीती जैन, नेहा जैन, के अलावा स्थानीय योगा शिक्षिका रानी वर्मा के साथ-साथ दैनिक स्वाध्याय करने वाले निकेतन जैन व लता जैन को भी सम्मानित किया गया।

इस शिविर में लुधपुरा जैन समाज सहयोगी अंजलि जैन व पूजन सहयोगी नवीन जैन, को भी सम्मानित किया गया। जैन क्राफ्ट वर्क, निबंध लेखन, कंठपाठ, प्रश्न मंच, अंताक्षरी, आदि के अलावा अनेको सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पुरस्कारों को भी वितरित किया गया। शिविर प्रभारी निकेतन जैन ने बताया कि इस तरह संस्कार परख आयोजन वर्तमान समय में बहुत जरूरी है।

## अवैध संबंधों का विरोध करने पर पीटा

**बकेवर।** अवैध संबंधों का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। पति व उसके तीन अन्य ससुरालीजनों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस का कहना है कि जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

थाना क्षेत्र के ग्राम नौधना की रहने वाली गुड़िया ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया है कि उसके पति के गांव की ही महिला से अवैध संबंध है जिसका वह जब विरोध करती है तो ससुरालीजन उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगते है और बेटे की दूसरी शादी करने की धमकी देते हुए घर से निकलने को कहते है। पुलिस ने पीड़ित घायल महिला को उपचार के लिए 50शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया। कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक अपराध प्रेमचंद ने बताया पीड़ित महिला का शिकायती पत्र मिला है। जांच पड़ताल करने के बाद उचित विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# बदहाल सड़कों से त्रस्त लोगों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



सांसद जितेंद्र दोहरे को ज्ञापन सौंपते सपा नेता।

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार।** बसरेहर में बदहाल सड़कों से परेशान जनता व सपा नेताओं ने सांसद को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा कि पिछले कई महीनों से सड़कें खराब स्थिति में हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हुआ है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि खराब सड़कों की वजह से पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। समाजवादी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष नितिन यादव के नेतृत्व में पार्टी के अन्य नेताओं ने सांसद जितेंद्र दोहरे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दो महत्वपूर्ण मांग की जिसमे कस्बे की सभी सड़कों को जल्द से जल्द दुरुस्त कराया जाए, कस्बे से रोडवेज बसों के संचालन की सुविधा शुरू की जाए। सांसद जितेंद्र दोहरे ने आश्वासन दिया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेंगे। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से बातचीत कर जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने और रोडवेज बसों की सुविधा शुरू कराने का वादा किया। सांसद दोहरे ने यह भी कहा कि यदि इस पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है, तो वह इस मुद्दे को संसद में उठाने से पीछे नहीं हटेंगे। ज्ञापन देने वालों में रोहित कुमार प्रमोद मिश्रा व अन्य लोग रहे।

बैठक | जिलाधिकारी ने मातहतों को दिये दिशा-निर्देश

# योग दिवस की तैयारियां समय से पूरी करें

कार्यालय संवाददाता इटावा



योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल।

- योग सप्ताह की हुई शुरुआत 21 जून को मनाया जायेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस
- कहा, आमजन को योग के लिये प्रेरित करते हुए योग के लिये अधिक से अधिक बुलाया जाये

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम स्थलों की सूची बनाई जाए एवं पद यात्रा भी निकली जाए। आमजन को योग अपनाने के लिए प्रेरित करें एवं योग के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को बुलाया जाए। प्रमुख पर्यटक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कराया जाए एवं कार्यक्रम का समय 6 से 8 बजे तक निश्चित हो। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में भारत की परंपरागत विरासत योग को जन-जन के आरोग्य का माध्यम बनाए जाने के उद्देश्य से 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह 15 जून से प्रारंभ होकर 21 जून तक मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर 21 जून को योग दिवस कंपनी गार्डन में मनाया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्र, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गुलशन ने नीट परीक्षा में 18408 वीं रैंक प्राप्त की



गुलशन राजपूत।

**बकेवर।** गुलशन राजपूत पुत्र सर्वेश राजपूत निवासी छोटी फूफई हाल निवास अर्जुन नगर पक्का बाग ने नीट 2025 में 720 में से 538 अंक पाकर पूरे देश में 18408 वीं रैंक प्राप्त कर शानदार सफलता का परचम लहराया है। गुलशन की इस सफलता से उनके इष्टमित्र व परिवारीजन काफी खुश हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। गुलशन ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट अर्चना मेमोरियल स्कूल से उत्तीर्ण किया है। पिता सर्वेश राजपूत पुस्तक भंडार की दुकान पर काम करते हैं। बेटे की इस सफलता से वह व मां सुनीता देवी सहित सभी परिजन व बेहद खुश हैं।

# पार्क पर कब्जे के विरोध में किया प्रदर्शन

संवाददाता भरथना इटावा



आंबेडकर पार्क पर कब्जा को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

- आंबेडकर पार्क पर दबंग कर रहे कब्जे का प्रयास
- लोगों ने कहा कब्जा न हटा तो करेंगे आंदोलन

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कंधेसी पचार के अनुसूचित वर्ग के सैकड़ों महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग और युवक युवतियों ने रविवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में स्थित आंबेडकर पार्क के नाम अभिलेखों में दर्ज और अधिकारियों द्वारा चिह्नित रक्बे पर दबंग कब्जा करने का प्रयास कर रहे है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कुछ नामजद दबंग लोग बाबा साहब के पार्क की भूमि पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं। जिसके सम्बन्ध में ग्रामीणों द्वारा कई बार शासन प्रशासन को लिखित सूचना देकर अवगत करा था। राजस्व विभाग ने उक्त पार्क की भूमि की नाप जोख कर चिह्नित कर दिया था। अवैध कब्जेदारों से कब्जा छोड़ने की चेतावनी देकर छोड़ दिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने आरसीसी के पिलर और तार लगाकर बाबा साहब के पार्क की भूमि को सुरक्षित किया। लेकिन दबंगों ने कब्जा करने की नियत से पिलर व तारों को तोड़ दिया। इससे ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि अगर दबंगों ने कब्जा किया तो वह लोग जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। विरोध प्रदर्शन करने वाले में अवनीश कुमार, संजय बाबू, देवेश प्रताप, महेंद्र प्रताप सिंह, महावीर सिंह, वीरेंद्र, हरेंद्र, सत्येंद्र, विशाल, धीरज, फूल सिंह, सूरज, जेपी सिंह, सौरभ, बंटू, मोना, मोहन, राजन, महिपाल, गणेश, बृजेंद्र, शिवाजी, राधा मोहन आदि प्रमुख हैं।

# प्रेमी युगल ने मंदिर में लिए सात फेरे

कार्यालय संवाददाता, औरैया


मां मंगला काली मंदिर में शादी करते प्रेमी जोड़ा। अमृत विचार

- पहले कोर्ट मैरिज और फिर आर्य समाज मंदिर में दोनों ने कर ली थी शादी
- परिवार वालों ने बनाई दूरी दोस्तों ने की मदद, मंदिर के महंत ने दिया आशीर्वाद

**अमृत विचार**। 'साथ जिएंगे-साथ मरेंगे' के वायदे को पूरा करते हुए एक प्रेमी जोड़े ने पहले कोर्ट मैरिज की और फिर आर्य समाज मंदिर में शादी की। रविवार को मां मंगला काली मंदिर में एक-दूसरे ने साथ रहने की कसमें खाईं। मंदिर के पुजारी ने सात फेरे लगवाने के बाद नवयुगल के दीर्घायु और उनके सुखमय जीवन की कामना की। साथियों ने इस कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई।

सदर कोतवाली क्षेत्र के बमहोरी गांव के रहने वाले अभिषेक उर्फ गोविंद के पिता निर्भय सिंह का निधन हो चुका है। अभिषेक गांव में खेती-किसानी करता है। उसका पड़ोसी गांव के रहने वाले राजकुमार की पुत्री शिवानी से प्यार हो गया। दोनों के बीच काफी समय तक प्रेम संबंध चला। पिछले दिनों दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली और फिर आर्य समाज मंदिर में शादी भी कर ली।

कोर्ट मैरिज और आर्य समाज मंदिर में शादी के दौरान दोनों के परिवार वाले शामिल नहीं हुए। इसके बाद दोनों ने सार्वजनिक रूप से शादी करने का निर्णय लिया। इसके लिए अभिषेक ने अपने कुछ करीबी दोस्तों की मदद ली। रविवार को दोनों मां मंगला काली मंदिर पहुंचे और सामाजिक लोगों की मौजूदगी में सात फेरे लेकर सार्वजनिक रूप से वैवाहिक जिंदगी की शुरुआत की। इस मौके पर मां मंगला काली मंदिर के महंत ने उन्हें सुखमय जीवन गुजारने का आशीर्वाद दिया और फिर हंसी-खुशी दोनों को विदा किया।


महिला थाने में मिले बिछड़े दंपति। अमृत विचार

## 14 जोड़े गिले-शिकवे भूल बाकी की जिंदगी साथ रहने को तैयार

**औरैया।** ककोर महिला थाने की प्रभारी पूजा राठौर की पहल पर 14 जोड़े गिले-शिकवे भूल फिर साथ रहने को राजी हो गए। प्रोजेक्ट नई किरण में रविवार को पारिवारिक विवाद के कुल 40 मामले पेश हुए, जिनमें कुल 14 जोड़ों ने आपसी मतभेद भुलाकर नई जिंदगी की शुरुआत करने को तैयार हो गए। ये ऐसे जोड़ थे, जो आपसी मतभेदों की वजह से कुछ दिनों से एक-दूसरे से अलग रह रहे थे और एक-दूसरे के साथ रहने को राजी नहीं थे। नई किरण की बैठक में इन्हें समझा-बुझाकर गिले-शिकवे दूर किए गए और मनमुटाव दूर कर एक साथ रहने को राजी किया गया और परिवारों से मिलाया गया। इसके बाद दंपतियों हंसी-खुशी विदा किया गया। थाना प्रभारी पूजा राठौर का कहना है कि नई किरण का मकसद बिखरे परिवारों को मिलाना है। इस दौरान नई किरण के सदस्य भी मौजूद रहे।


महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी। अमृत विचार

## एंटी रोमियो टीम ने सुरक्षा के टिप्स दिए

**औरैया।** पुलिस अधीक्षक अभिजित आर .शंकर के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों ने स्कूलों, बाजारों, रेलवे स्टेशन, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, पार्क आदि में चेकिंग कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। टीम की सद्सयों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के हेल्पलाइन नंबरों 1090, 1076, 112 के बारे में जानकारी दी और साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया। कहा गया कि कोई भी समस्या होने पर फौरन हेल्प लाइन नंबरों पर काल कर मदद मांगें।

## एक नजर

### पूर्व प्रधान के आकस्मिक निधन पर जताया शोक

**फफूंद।** भाग्यनगर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोयला के पूर्व प्रधान चिरैयापुर निवासी श्रीनारायण दुबे का निधन हो गया। उनकी शव यात्रा में लोगों ने शामिल होकर शोक जताया। इस मौके पर पुत्र अमरेंद्र दुबे, रजत दुबे, जगदीश नारायण दुबे, पंकज दुबे, साबरिया दुबे, मंगलीप्रसाद पाल, इंद्रपाल सिंह पाल, डॉ. भानु दीक्षित, शैलू पांडेय, संजय पांडेय, ओमप्रकाश त्रिपाठी, रामकृपाल दीक्षित, अंकित रंजन त्रिपाठी, धर्म नारायण त्रिपाठी आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### एसडीएम से चकबंदी रोकने की लगाई गुहार

**अजीतमल।** तहसील क्षेत्र के नगला बनारस निवासी बटेश्वर ने एसडीएम को प्रार्थना देकर बताया कि उसका गांव नदी के किनारे है। वहां घर बने हैं। कार्यक्रम करवाने के लिए सभी के पास पर्याप्त जगह है। गांव के प्रधान कुछ लोगों को लेकर चकबंदी करवाना चाह रहे हैं, जबकि 90 प्रतिशत लोग चकबंदी नहीं करवाना चाहते हैं। प्रधान चकबंदी कराकर लोगों को भूमिहीन कर अपना कब्जा जमाना चाह रहा है। उसका कहना है कि कई बार उसने शिकायती पत्र दिया, लेकिन अभी तक कोई निस्तारण नहीं हो सका है।

### जमीन के लिए चचेरे भाइयों में झगड़ा, दो लोग घायल

**अयाना।** थाना क्षेत्र के भरतौल गांव में रविवार सुबह जमीन पर कब्जा को लेकर प्रमोद कुमार और उसके चचेरे भाई शिवमंगल के बीच विवाद हो गया। मामला तूल पकड़ा तो दोनों गुटों के बीच आपस में मारपीट हो गई। इसमें प्रमोद व शिमंगल घायल हो गए। पुलिस ने प्रमोद व शिवमंगल को सीएचसी अयाना में भर्ती करवाया। वहां डॉक्टर ने दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पहले पक्ष से प्रमोद कुमार ने शिवमंगल, अश्वनी व कृष्णकांत के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी। वहीं शिवमंगल ने प्रमोद, उसके पिता अरविंद सिंह, सिद्धार्थ व शरद के खिलाफ मारपीट करने की तहरीर दी है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### सोलर पैनल चोरी

**बिधूना।** शनिवार रात चोरों ने हरचंदपुर ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में लगे कीमती सोलर पैनल चोरी कर लिया। सुबह जब पंचायत सहायक पुष्पेन्द्र सिंह सचिवालय पर पहुंचे तो सोलर पैनल गायब देख होश उड़ गए। पंचायत सहायक पुष्पेन्द्र सिंह एवं रोजगार सेवक सत्येन्द्र सिंह ने घटना की लिखित शिकायत चौकी पुलिस को दी है। चौकी प्रभारी विकास त्रिपाठी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ग्राम प्रधान राजीव कुमार आर्य एवं ग्रामीणों ने थाना पुलिस से घटना का अतिशीघ्र अनावरण किये जाने की मांग की है।

## आंधी-पानी के बाद रात भर गुल रही बिजली, दोपहर बाद तल्ख धूप ने बढ़ाई उमस

# रात में बरसात से राहत दिन में उमस से आफत

**41.5** डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

**31** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआ

कार्यालय संवाददाता, औरैया


धूप में बच्चों को लेकर निकलीं महिलाएं। अमृत विचार

- भीषण गर्मी से जूझे शहरवासी पेयजल की भी बढ़ी समस्या
- दिन भर लाइनों में फाल्ट दुरुस्त करते रहे लाइनमैन

**अमृत विचार**। भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने शहरवासियों की हालत बदतर कर दी है। शनिवार देर रात हुई बारिश से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं बिजली गुल हो जाने से रात भर लोग परेशान रहे। बिजली आपूर्ति न होने से लोग रात भर छतों व घरों के बाहर घूमते नजर आए। रविवार सुबह बादल छाये रहे, लेकिन दोपहर में चिलचिलाती धूप ने उमस बढ़ा दी। आंधी आने की वजह से कई जगह फाल्ट हो गए, जिन्हें लाइनमैन दुरुस्त करते रहे।

लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से आम जनमानस बुरी तरह प्रभावित है। वहीं बिजली की आंख मिचौली लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। शनिवार देर रात हुई बारिश के बाद पूरे शहर की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। भयंकर गर्मी के बीच रात भर लोगों ने घर की छत, बालकनी और गलियों में रात गुजारी। बिजली न होने के कारण बच्चे बिलबिलाते रहे। गर्मी और बेचौनी के कारण कई लोग पूरी रात जागते रहे और सुबह पानी न आने से काम पर भी नहीं जा सके।

भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। धूप की तपिश के साथ गर्म हवा ने हर किसी को बेहाल कर रखा है। वहीं, बिजली की बढ़ती मांग के बीच आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। हर रोज ट्रांसफार्मर फुंकने के कारण लोगों को घंटों बिजली से वंचित रहना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे आपूर्ति का रोस्टर हवा-हवाई साबित हो रहा है।

### गांवों में ट्रिपिंग की समस्या से जूझ रहे लोग

- भीषण गर्मी में जनपद के सभी बिजली घर ओवरलोड हो गए हैं। इनसे जुड़े 476 से अधिक गांवों के उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग की समस्या से जूझना पड़ा। लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की वजह से एयर कंडीशनर तो दूर कूलर और पंखे तक ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 12 से 14 घंटे बिजली मिल पाना भी मुश्किल हो गया। बिजली की समस्या होने से इन दिनों गंवई जिंदगी मुसीबत से गुजर रही है। लोगों का कहना है कि सरकार को इस दिशा में सार्थक कदम उठाना चाहिए।

### बाजारों में पसरा सन्नाटा रात में भी सुकून नहीं

- रविवार सुबह से ही तेज धूप के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो गया। दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा पसर गया, लोग धूप से बचने के लिए घरों में दुबके रहे। तेज धूप और गर्म हवा की वजह से दोपहर के समय में शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की आमद कम रही। दुकानें खुलीं जरूर, लेकिन ग्राहक नदारद रहे। गांवों में लोग दोपहर के समय पीपल, बरगद और आम के पेड़ों की छांव में बैठकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। सूर्यास्त के बाद भी मौसम में कोई खास बदलाव नहीं आया। उमस भरी गर्मी ने रात का सुकून भी छीन लिया। दिन का अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

बिजली आपूर्ति सुचारु रखने के लिए निरंतर काम चल रहा है। भीषण गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से परेशानी बढ़ी है। बिजलीघरों में ट्रिपिंग की समस्या दूर करने के प्रबंध किए जा रहे हैं।
**- अजय यादव, एसडीओ**

## केवाईसी के बहाने साले ने कराई भूमि की रजिस्ट्री

**औरैया।** एक व्यक्ति ने अपने साले पर पत्नी को केवाईसी कराने के बहाने तीन बीघा भूमि का अपनी पत्नी के नाम बैनामा कराने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने पीड़ित को मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कन्नौज जिले के छिबरामऊ क्षेत्र के रुद्रपुर निवासी रामनरेश ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह छिबरामऊ तहसील से संग्रह अमीन के पद से 30 अप्रैल 2024 को सेवानिवृत्त हुआ था। लगभग 25 वर्ष पहले मौजा मुढ़ियाई में उसने गाटा संख्या- 423 रकबा- 0.6920 हेक्टेयर जमीन का अपनी पत्नी विद्यावती के नाम बिधूना तहसील में बैनामा कराया था। उसने इस भूमि को अपने सगे साले अनवर सिंह निवासी पुनेपुर्वा को जोतने-बोने के लिए दिया था। तीन वर्ष तक अनवर सिंह दो-दो पैकेट धान भेजता रहा।

अनवर सिंह ने तीन बार में 30 हजार रुपये दिए। जब वह अपनी बेटी की शादी के लिए जमीन का इंतखाब लेने आया तो पता चला कि उसकी पत्नी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की केवाईसी कराने के बहाने अनवर ने अपनी पत्नी उर्मिला के नाम जमीन का बैनामा करवा लिया है। अधिकारियों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# 18 साल बाद भी टंकी से नहीं मिल रहा पानी

संवाददाता, एरवाकटरा

- 14 गांवों में जलापूर्ति के लिए रठगांव में बनी थी टंकी
- सिर्फ दो गांवों की 30 प्रतिशत आबादी को मिल रहा पानी

**अमृत विचार**। रठगांव में लगभग 18 वर्ष पहले 14 गांवों में जलापूर्ति के लिए जल निगम ने टंकी बनवाई थी। पाइप लाइन पड़ने के बाद भी पानी नहीं मिल रहा। अधिकारियों व ठेकेदार की लापरवाही से मात्र दो गांवों के लगभग 30 प्रतिशत लोगों को ही इस टंकी से जलापूर्ति का लाभ मिल सका है।

ठेकेदार की लापरवाही का आलम यह भी है कि रठगांव में मेन रोड पर बनाए गए चेंबर के गड्ढे आज तक खुदे पड़े हैं, जिनसे किसी भी समय हादसा हो सकता है। ग्राम पंचायत रठगांव में वर्ष 2007 में जल निगम ने पानी की टंकी का निर्माण कराया था। इस टंकी से संबंधित ग्राम पंचायत के रठगांव, नगला पियरा, नगला भारत, नगला गोसाई, बोझा, पिपरी, सहसपुर, बदनपुर, नगला मुंशी, नगला निरंजन, बखौटिया, सामपुर, बमुराह, नगला दैले आदि गांवों की जलापूर्ति किया जाना निर्धारित है किंतु संबंधित ठेकेदार की लापरवाही के चलते पानी की टंकी बनने के लगभग 18 वर्ष बीत जाने के बावजूद लगभग 12 गांवों के ग्रामीणों को इस पानी टंकी के पानी की आज तक दरकार है।

आलम यह है कि इस पानी की टंकी की जलापूर्ति से इन 18 वर्षों में सिर्फ रठगांव में 30 प्रतिशत आबादी को और सहसपुर गांव में 30 प्रतिशत आबादी को जलापूर्ति का लाभ मिल रहा है। अन्य गांव आज तक इस जलापूर्ति के लाभ से वंचित हैं। यही नहीं सबसे गौरतलब बात तो यह है कि ग्राम रठगांव में पानी टंकी की जलापूर्ति के लिए मेन सड़क पर गड्ढा खोदकर बनाए गए चौंबर आज तक गड्ढे में तब्दील पड़े हैं जिससे सड़क पर किसी भी समय किसी बड़े हादसे की बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। समस्या से परेशान ग्रामीणों द्वारा समस्या के निराकरण के लिए लगातार आवाज उठाई जा रही है इसके बावजूद संबंधित जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं जिससे पीड़ितों में रोष भड़क रहा है। इरशाद अली, सनी चौहान, बृजपाल सिंह चौहान, कल्लू सेंगर, श्रीकृष्ण वेदराम व महेशचंद्र आदि जागरूक लोगों ने शासन व जिला प्रशासन से जल्द मामले की जांच कराने और लापरवाही बरतने वाले संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग करते हुए समस्या का निराकरण न होने पर इसके खिलाफ आंदोलनात्मक कदम उठाने की भी चेतावनी दी है। इस संबंध में संबंधित ठेकेदार से फोन पर वार्ता का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी है।

# तीन ट्रांसफॉर्मरों पर गिरी बिजली

कार्यालय संवाददाता, औरैया


ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करता लाइनमैन। अमृत विचार

- बिजली गुल होने से सैकड़ों घरों में पसरा अंधेरा

**अमृत विचार**। शनिवार की शाम और रात में हल्की बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिर गई। कई स्थानों पर पेड़ धराशायी हुए तो तीन अलग-अलग स्थानों तीन लोगों को आकाशीय बिजली गिरने से जान गवानी पड़ी। शहर में तीन ट्रांसफार्मरों के ऊपर बिजली गिरने के कारण मोहल्ले की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई।

उप खंड अधिकारी अजय यादव ने बताया कि शहर में 400 केवीए का एक ट्रांसफार्मर विधिचंद मोहल्ले में रखा था, जो आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया। इसके अलावा 250 केवीए के दो ट्रांसफार्मर जो कस्बा खानपुर एवं मोहल्ला बनारसी दास में रखे हुए थे, उनके ऊपर भी आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे सप्लाई बाधित हो गई।

उन्होंने बताया कि जानकारी मिलने पर विभागीय कर्मचारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बिजली सप्लाई चालू कराने के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया है। एसडीओ ने बताया कि मोबाइल ट्रांसफार्मर लगाकर सप्लाई को चालू कर दिया गया है। शीघ्र ही उन ट्रांसफार्मरों को बदला जाएगा।

# कृष्ण और सुदामा की मित्रता अनुकरणीय

**भागवत कथा**

संवाददाता, फफूंद


कथा सुनाते आचार्य। अमृत विचार


कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**अमृत विचार**। कस्बा फफूंद के सुप्रसिद्ध अस्तल धाम मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य अर्पण द्विवेदी ने भगवान श्री कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया।

सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास आचार्य अर्पण द्विवेदी महाराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए, यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र (सखा) से सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं।

इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया और सुदामा को अपने महल में ले गए ओर उनका अभिनंदन किया। इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। सात दिवसीय भागवत कथा में प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भक्त सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

**रूपरेखा तय** समिति की ओर से 27 जून को निकाली जाएगी शोभायात्रा, बैठक में तैयारियों पर हुआ विचार-विमर्श

# झांकी और नृत्य के साथ निकलेगी जगन्नाथ रथ यात्रा

कार्यालय संवाददाता, औरैया


जगन्नाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा करते संगठन के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार**। समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की बैठक रविवार को श्री गोपाल वाटिका आश्रम नारायनपुर में समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रभु जगन्नाथ की शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में कार्यक्रम संयोजक कपिल गुप्ता व सखी ग्रुप की अध्यक्ष लक्ष्मी बिश्नोई ने बताया कि आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया को प्रभु जगन्नाथ की शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी। मान्यता है कि प्रभु जगन्नाथ की उपासना या दर्शन करने से श्रद्धालुओं की सभी मनोकामना पूर्ण होती है। 27 जून को दोपहर 2 बजे से प्रभु जगन्नाथ की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें वृंदावन के कलाकारों की झांकी और नृत्य के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना करेंगे। शोभायात्रा में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी अभिजित आर. शंकर भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को शोभायात्रा के माध्यम से प्रभु जगन्नाथ के दर्शन का वर्ष भर इंतजार रहता है। शोभायात्रा के समापन पर फूलमती मंदिर कमेटी की ओर से प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने प्रभु जगन्नाथ के अनुयायियों व धार्मिक विचारधारा रखने वाले श्रद्धालुओं व मातृशक्ति से शोभायात्रा में समय से सम्मिलित होने की अपील की है। बैठक में प्रमुख रूप से गोपाल सेवा संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष रमन पोरवाल, समाजसेवी शिवकुमार पुरवार, प्रदीप कुमार द्विवेदी, मनोज गुप्ता, रामआसरे गुप्ता, हिमांशु दुबे, समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू), कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी बिश्नोई, कपिल गुप्ता, शर्मिष्ठा गुप्ता, आनन्द नाथ गुप्ता आदि सदस्य मौजूद रहे।


आत्मा की शांति के लिए आहुतियां देते गायत्री परिवार के लोग। अमृत विचार

## आत्मा की शांति के लिए गायत्री साधकों ने दीं आहुतियां

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार**। गायत्री शक्तिपीठ आर्यनगर में अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। गायत्री महायज्ञ में विशेष आहुतियां दी गईं। आचार्य प्रदीप ने कहा कि इस घटना की गहनता से जांच होनी चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसे न हों। अखिल विश्व गायत्री परिवार शोक संतृप्त परिवारों को नमन करता है। आहुतियां समर्पित करने वालों में आचार्य प्रदीप, शिवनाथ मिश्रा, ओमप्रकाश गुप्ता, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, प्रदीप सक्सेना, प्रताप नारायण मिश्रा, सुशीला गुप्ता, उमा पुरवार, ममता गुप्ता, राममूर्ति गुप्ता, हरिओम पांडेय, गौरी, ज्योति गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। कक्षा 6 से 8 तक के दो हजार बच्चों को निशुल्क शिक्षा संग आवासीय शिक्षा का मौका मिलेगा। अगले वर्ष से कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। गरीब मेधावी बच्चों को निशुल्क आवासीय शिक्षा देने तहत इस वर्ष से प्रदेश के विभिन्न जिलों में नौ नये सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलीभीत, मनकापुर (गोंडा), सरवनखेड़ा (कानपुर देहात), अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकर नगर, मैनपुरी शामिल हैं। उप निदेशक जे राम ने बताया कि अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि अभी तक 58 जिलों में 100 स्कूल संचालित थे। अब 62 जिलों में 109 विद्यालय संचालित होंगे।

### निजीकरण के विरोध में आज होगा मौन प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 16 जून को राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने मौन विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, मनमाने स्थानांतरण के विरोध में प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन भी होगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने रविवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 13 जून को आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों के बीच सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के साथ गुपचुप लंबी बैठक की गई। इस बैठक में सलाहकार कंपनी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट आयोग के सामने प्रस्तुत किए। समिति ने आरोप लगाया कि आयोग के अधिकारी कॉरपोरेशन के पक्ष में कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने इस पर एतराज व्यक्त करते हुए कहा कि निजीकरण के लिए सलाहकार कंपनी की नियुक्ति पूरी तरह अवैध है। यह जानकारी विद्युत नियामक आयोग को थी, इसके बाद भी उन्होंने इस सलाहकार कंपनी को प्रस्तुतीकरण करने दिया। समिति ने कहा कि आयोग निष्पक्षता के साथ कार्य नहीं कर रहा है।

# नक्सलवाद पर जीरो टॉलरेंस : शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले वर्ष 31 मार्च तक देश को नक्सलवाद मुक्त करने का गृह मंत्री ने किया एलान
- यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का किया आह्वान



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते गृह मंत्री।

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें अमृत काल में सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस सख्त नीति है। 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा।

रविवार को 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरण कार्यक्रम में गृह मंत्री ने कहा कि यूपी पुलिस का डर गुंडों और माफियाओं पर सख्त होना चाहिए, लेकिन गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए पुलिस को मसीहा के रूप में दिखना चाहिए। कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस अधिकारी सहित सभी 75 जनपदों के यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे 60,244 नवनियुक्त आरक्षी मौजूद रहे।

# पैसे और सिफारिश से अब नहीं मिलती नौकरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं : योगी
- 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है।

योगी ने रविवार को 60,244 नव-नियुक्त पुलिसकर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि यह देश के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल में अब तक का सबसे बड़ा नियुक्ति कार्यक्रम है। यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गईं हैं। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है।

# 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के तबादले

## परिवहन विभाग में फेरबदल, प्रभात पांडेय बने लखनऊ के नए आरटीओ (प्रवर्तन)

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में परिवहन विभाग में 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के स्थानांतरण किए गए हैं। झांसी में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) प्रभात पांडेय लखनऊ के नए आरटीओ (प्रवर्तन) होंगे। जबकि लखनऊ में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज को अब मुरादाबाद का आरटीओ (प्रवर्तन) बनाया गया है।

फेरबदल के इसी क्रम में, परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर तैनात आरटीओ अनीता सिंह को मेरठ का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ में तैनात आरटीओ प्रशासन हिमेश तिवारी को प्रयागराज का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। राजेश कुमार वर्मा को मिर्जापुर से हटकर झांसी का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। बस्ती में तैनात आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ला को मिर्जापुर का आरटीओ प्रवर्तन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, बरेली में तैनात आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार को मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण का प्रभार सौंपा गया है। मुरादाबाद में तैनात आरटीओ प्रणव झा अब बरेली के आरटीओ प्रवर्तन होंगे। हाल में प्रमोट हुए संभागीय परिवहन अधिकारी, संप्रति सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थ नगर, सुरेश कुमार मौर्य को बस्ती का संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बनाया गया है।

प्रयागराज में आरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात राजेश कुमार मौर्य अब गोंडा के नए आरटीओ प्रशासन होंगे। गोंडा में तैनात आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव को (नगर परिवहन/नियोजन/जल परिवहन), मुख्यालय और अतिरिक्त प्रभार उपनिदेशक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना (परिवहन) बनाया गया है।

### राजीव बंसल बने लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल

अमृत विचार : तबादलों के इस क्रम में प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अलका शुक्ला को सुल्तानपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ परिक्षेत्र में तैनात एआरटीओ टेक्निकल अमिताभ चतुर्वेदी को संभल का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्त को सुल्तानपुर एआरटीओ का जिम्मा दिया गया है।

लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल राजीव कुमार बंसल बने हैं जो पहले बुलंदशहर में तैनात थे। सुल्तानपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार को गौतम बुद्ध नगर का एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल बनाया गया है। वाराणसी में तैनात एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को सीतापुर का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सोनभद्र में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल धनवीर यादव अब एआरटीओ प्रशासन गाजीपुर की जिम्मेदारी संभालेंगे।

रायबरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह को गाजियाबाद का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। आगरा में तैनात एआरटीओ प्रशासन नानक चंद्र शर्मा को औरैया का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। शाहजहांपुर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल शांति भूषण पांडेय को लखीमपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल कानपुर नगर में तैनात अंबुज को एआरटीओ प्रवर्तन रायबरेली बनाया गया है। सीतापुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई को बस्ती का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हरदोई में तैनात एआरटीओ प्रशासन संजीव कुमार सिंह को उन्नाव का एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रथम दल बनाया गया है।

संभल में तैनात एआरटीओ प्रशासन प्रवेश कुमार सरोज को बरेली का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सहारनपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन महेंद्र बाबू को अमेठी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। बरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल संदीप कुमार जायसवाल को सहारनपुर का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। मथुरा में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल मनोज प्रसाद वर्मा को वाराणसी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बरेली में तैनात एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह को महाराजगंज का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हमीरपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन राम प्रकाश सिंह को चित्रकूट का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। उन्नाव में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल अरविंद कुमार सिंह को हरदोई का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बहराइच में तैनात एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार को प्रयागराज का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। गौतम बुद्ध नगर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल विपिन चौधरी को ललितपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। चित्रकूट में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला को मुख्यालय में सहायता अधिकारी बनाया गया है।

# केजीएमयू कुलपति व चार डॉक्टरों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हरदोई के रतनपुर आंझी निवासी पीड़ित ने की थी फर्जीवाड़े की शिकायत, कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** केजीएमयू की कुलपति और क्वीन मैरी की चार महिला डॉक्टरों पर खिलाफ जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौक पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर किया। आरोप है कि क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी महिला की प्रसव के दौरान ही नसबंदी कर दी गई। इसके लिए परिवार की सहमति नहीं ली गई। मामला खराब हुआ तो फर्जी सहमति पत्र तैयार कर दिखा दिया। पीड़ित दंपति को धमकी भी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी हेमवती नंदन के मुताबिक, उन्होंने अपनी पत्नी उमा मिश्रा को 4 अक्टूबर 2022 को प्रसव के लिए किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया था। उनका इलाज डॉ. अमिता पांडेय, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. निदा खान और डॉ. शिवानी ने शुरू किया। 5 अक्टूबर को आपरेशन कर प्रसव कराया गया। पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के साथ ही बच्चे की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उसे वेंटीलेटर मशीन पर रखा गया। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

**डिलीवरी आपरेशन में कर दी नसबंदी :** हेमवती नंदन के मुताबिक, अभी वह और उसकी पत्नी को बेटे की मौत के आंसू भी नहीं सूखे थे कि इसी बीच एक और झटका लगा। पता चला कि डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान ही डॉक्टरों ने बिना परिवार की सहमति से नसबंदी कर दी। हेमवती के मुताबिक उसकी पत्नी से आपरेशन के समय सहमति मांगी गई। जिसे उसकी पत्नी उमा ने साफ मना कर दिया। इसका जिक्र डॉक्टरों के पर्चे पर दर्ज है। पत्नी बेसुध पड़ी थी। वहीं बेटा भी वेंटीलेटर पर था। इसी बीच बताया गया कि पत्नी की नसबंदी कर दी गई है। इसका विरोध किया तो डॉक्टरों ने पत्नी के टांके नहीं लगाने की धमकी दी। जब डॉक्टरों ने उसे पर्चा उपलब्ध कराया तो उसमें फर्जी हस्ताक्षर बनाए गये थे।

### अवसाद में चली गई पत्नी

हेमवती ने बताया कि डॉक्टरों की इस फर्जीवाड़े और मनमाने कृत्य से पत्नी सदमे में चली गई। इस संबंध में डॉक्टरों से कहा कि पहला बेटा हुआ था उसकी भी मौत हो गई। बिना सहमति के नसबंदी कर दिया। इस डॉक्टरों ने चुप्पी साध ली। आनन-फानन 10 अक्टूबर 2022 को पत्नी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हेमवती ने इस संबंध में चौक थाने की मेडिकल कॉलेज चौकी में शिकायत की। इसके बाद चौक थाने, पुलिस कमिश्नर और मुख्यमंत्री आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो वर्ष तक एफआईआर कराने के लिए इधर-उधर भागता रहा। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश के बाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को दिखाई हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गाजियाबाद


गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद व अन्य।

**अमृत विचार :** पांच वर्षों के बाद उप्र. से कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा की शुरुआत हुई है। पहली बार उप्र. के कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा में मुख्यमंत्री योगी द्वारा एक लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने की सुविधा शुरू की गयी है।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से रविवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर 39 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया गया। इस जत्थे में दो लाइजनिंग अधिकारी भी शामिल हैं। पहले दल में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, किंतु कुछ स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके।

मंत्री जयवीर सिंह ने इसे गौरव का क्षण बताया। इस मौके पर सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एमडी सान्या छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

### तीर्थ यात्रियों को मिलेगा बाबा विश्वनाथ के दर्शन का लाभ

अमृत विचार : कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों के लिए उप्र. सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा एक विशेष घोषणा की गई है। मंदिर न्यास के सीईओ एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रियों को वापस आने के बाद एक साल तक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन हेतु तीर्थयात्रियों व उनके चार परिजनों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके लिए उन्हें यात्रा से लौटने पर एक विशेष रुद्राक्ष माला और क्यूआर कोड युक्त कार्ड भेंट किया जाएगा। यह कार्ड एक वर्ष तक वैध रहेगा और क्यूआर कोड से उन्हें सुविधा मिलेगी। हालांकि, विशेष पर्वों से महाशिवरात्रि, सावन सोमवार, रंगभरी एकादशी आदि पर यह सुविधा मान्य नहीं होगी।

### विशेष शैव आराधना का हुआ वाचन

कैलाश यात्रा की रवानगी के मौके पर विशेष शैव आराधना का वाचन हुआ, डमरू, मृदंग, तुरही, ढोलक आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने अपनी गूंज से वातावरण को शिवमय बना दिया। यात्रियों और जनप्रतिनिधियों ने "हर हर महादेव" के जयघोष के साथ यात्रियों में ऊर्जा का संचार कर दिया।

# चिकित्सा शिक्षा विभाग ने किए ऑन डिमांड तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्थानांतरण नीति 2025 के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग में कर्मियों की मांग पर तबादले किए गए हैं। उक्त क्रम में ही विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत सात सीनियर नर्सिंग अधिकारी, इतने ही नर्सिंग अधिकारी और दो टेक्नीशियनों को प्राथमिकता अनुरूप मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर निदेशक आलोक कुमार द्वारा शनिवार देर रात स्थानांतरण के तीन संवर्ग की तीन सूची जारी कर दी गयी हैं। पहली सूची में सीनियर नर्सिंग अधिकारियों में सुनीता पटले को बांदा मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज स्थानांतरित किया है, इसी प्रकार राजपुतानी को जालौन से कानुपर, राधा को मेरठ से आगरा, प्रिया शुक्ला को बांदा से कानपुर, आराधना सिंह गौतम को जालौन से कानपुर, मधुबाला वर्मा को आजमगढ़ से प्रयागराज और जसविंदर कौर को कन्नौज मेडिकल कॉलेज से कानपुर मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित किया गया है। दूसरी सूची में नर्सिंग अधिकारियों में श्रुत्रि और सोनिया को सहारनपुर मेडिकल कॉलेज से हृदय रोग संस्थान कानपुर, गोरखपुर से नवीन चंद्र पाण्डेय को आजमगढ़, सोनिया सिंह को झांसी से आगरा, प्रीति भारती को मेरठ से गोरखपुर, मोहिनी प्रियदर्शिनी को सहारनपुर से मेरठ और कृष्ण कुमार एस को मेडिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज कानपुर से मेडिकल कॉलेज मेरठ में तबादला किया गया है। इसके अलावा तीसरी सूची में झांसी मेडिकल कॉलेज के लैब टेक्नीशियन मनीष वर्मा को आजमगढ़ और कृष्णार्जुन मिश्र को मेडिकल कॉलेज जालौन से गोरखपुर भेज दिया गया है।

# फ्रूट वाइन भी बनेगी मलिहाबाद की पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** विविध किस्म के आम उत्पादन के लिए दुनियाभर में मशहूर मलिहाबाद क्षेत्र फ्रूट वाइन (फलों की शराब) के लिए भी खास पहचान बनाने जा रहा है। रविवार को आबकारी मंत्री और मुख्य सचिव ने मलिहाबाद क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की पहली वायनरी एम्ब्रोसिया नेचर लिविंग एलएलपी की शुरुआत की। इस वायनरी में फलों से जो शराब निर्मित होगी, उसे आबकारी विभाग पांच वर्ष तक देगा एक्साइज ड्यूटी में पूरी छूट देगा।

इस मौके पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वायनरी के संस्थापक कुंवर माधवेंद्र देव सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश में फल उत्पादन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने इस परियोजना को प्रदेश के विकास की दिशा में एक अभिनव प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल किसानों की आय को दोगुना करने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। मुख्य सचिव ने वायनरी के प्रशासनिक विंग का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने यूनिट का निरीक्षण किया।

## वर्ग पहेली- 3

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।

4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।

8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़

9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।

2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।

5. हाथी दांत का बना हुआ।

6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।

7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।



### वर्ग पहेली -2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | | 2 खु | द | ना |
| र | | | 3 ऐं | | | |
| मौ | | | पा | | 4 कु | |
| र | | 5 पा | य | जा | मा | |
| | 6 झा | ल | र | | र | |
| 7 सा | | की | | | | 8 सु |
| ज़ | | | 9 र | वा | दा | र |

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | | | 8 | | 5 | |
| | 8 | | 4 | 6 | | | 7 | |
| 6 | | 4 | | | 2 | | 3 | |
| | 6 | | | 1 | 5 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 8 | | |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | 2 |
| | 3 | | | 8 | 9 | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | | 3 | | 1 |

### सुडोकू - 9 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी-15 .31 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष** – आज आपका मन शांत रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। राजनीति और कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरी में आपकी आय बढ़ सकती है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** – आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापारिक सहयोगियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लोग आपसे सलाह लेने के लिए आ सकते हैं। व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमान्टिक रहेगी। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन** – आज परिवार का वातावरण उत्तम रहेगा। नए व्यापारिक समझौते हो सकते हैं। आपकी समझदारी से बड़ा आर्थिक नुकसान टल सकता है। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**कर्क** – आज आपके रचनात्मक कार्यों और विचारों को मित्रों का समर्थन मिल सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। गर्भवती स्त्रियों को यात्रा से बचना चाहिए।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में सारा माहौल आपके ही पक्ष में रहेगा। विदेश से नौकरी के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। अपने प्रयासों में कमी न रखें। धार्मिक आयोजनों में विशेष रुचि लेंगे। गठिया का दर्द उभर सकता है। इसीलिए खानपान और दिनचर्या में लापरवाही न करें।

**कन्या** – आज अधिकारियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। विद्यार्थियों को स्वाध्याय करना चाहिए। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए।

**तुला** – आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक** – आज भाइयों के साथ संबंध मधुर रखें। प्रतियोगी परीक्षा में अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सकता है। लव लाइफ में भाग्य का लाभ मिलेगा। यदि कारोबार में विस्तार करना चाहते हैं तो आपको नया लोन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** – आज परिवार और धन को लेकर समस्या दूर होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। छोटे बच्चों को लेकर प्रसन्न रहेंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। उच्च पदासीन लोगों से आपके संबंध सुधरेंगे।

**मकर** – आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। व्यवहारिक होकर निर्णय लेना आपके हित में होगा। परिजनों के लिए आप उपहार खरीद सकते हैं। जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपके ज्ञान और प्रतिभा की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंध मधुर बने रहेंगे।

**कुंभ** – आज व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होंगे। बेरोजगार जातकों को नौकरी मिल सकती है। आप विविध व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**मीन** – आज आपके बढ़ रहे खर्चों में अचानक कमी आयेगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। युगल जोड़े फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। प्रणय संबंधों के दिन समय बहुत ही अच्छा है। मेहनत के दम पर स्वयं को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 17 जून 13 .13 तक तत्पश्चात शतभिषा।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नरा : पण्डितबुद्धय : ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# हादसों से सबक

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास रविवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। राज्य में एक के बाद हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक नहीं लिया जाता। राज्य में करीब 40 दिनों में यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। एहतियात के तौर पर हेली सेवाओं के दौरे को कम कर दिया गया था। इससे पहले, 8 मई को गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर उत्तरकाशी जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। 7 जून को केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी, जिसमें पायलट घायल हो गया था, लेकिन विमान में सवार पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया था। चार धाम यात्रा के दौरान लगातार हेलीकॉप्टर हादसों की खबर के बाद पिछले दिनों डायरेक्टोरेट ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की ओर से जांच कराई गई। डीजीसीए ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा कि हेलीकॉप्टर के ठहराव स्थल पर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसी स्थिति है। इस कारण डीजीसीए ने उड़ानों में 35 फीसदी की कटौती का आदेश दिया। 2004 में हेली सेवा शुरू की गई थी। जानकारों के मुताबिक चारधाम यात्रा में एक इंजन के हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। हेली संचालकों के लिए कड़े प्रावधान नहीं होने की वजह से इनकी मनमानी बढ़ती गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में एक इंजन के हेलीकॉप्टर की उड़ान कम जोखिम भरी नहीं है। यह हादसा उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में हवाई सेवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। लगातार हो रहे हादसों ने प्रशासन और सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह समिति हेलीकॉप्टर संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करेगी। इसके बाद ही एक मजबूत और व्यावहारिक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उम्मीद की जा सकती है एसओपी और सख्त नियमों से ही भविष्य में चारधाम यात्रियों को सुरक्षित हवाई सेवा मिल पाएगी।

# परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं।

इजराइल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजराइल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजराइल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, 'जब तक इजराइल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है।' इजराइल ने शुक्रवार 13 जून को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजराइल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिये ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजराइली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजराइली डिफेंस सिस्टम ने इजराइल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजराइल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है, ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजराइल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो दोनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजराइल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था।

> ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छदम् युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजराइल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजराइल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजराइल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजराइल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजराइल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजराइल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजराइल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमेरिका को इजराइल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजराइल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजराइल का सहयोग भी किया था ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है ? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विश्लेषकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजराइल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजराइल का संघर्ष और बढ़ेगा ? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है। रूस भले ही इस समय यूक्रेन से ही युद्ध में उलझा हुआ है, बावजूद रूस ने ईरान के रणनीतिक भागीदार के रूप में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान पर इजराइल का यह हमला उकसावे को बढ़ावा देने वाला है। हालांकि रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते के लिए जो वर्ता चल रही है, वह उसमें सहयोगा करेगा।

इस युद्ध को लेकर भारत दुविधा में है। क्योंकि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया था तब इजराइल उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा था। इजराइल भारत का रक्षा साझेदार भी है। दूसरी तरफ ईरान से भारत के ऐतिहासिक संबंध है। ईरान ने कई अवसरों पर इस्लामिक देशों के संगठन के मंच पर भारत की मदद की है। इसलिए भारत किसी को भी छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए भारत ने दोनों देशों के बीच कूटनीति व शांति बरतने की अपील की है। बहरहाल इस युद्ध के साथ बड़ी आशंका यह जुड़ गई है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर न बढ़ जाए।

## प्रसंगवश

# पवन उर्जा को बढ़ावा देने की जरुरत

गत वर्ष अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दावा किया था कि अगर उत्तर अटलांटिक महासागर में भारत जितने क्षेत्रफल का विंड फार्म स्थापित कर दिए जाएं तो उससे संपूर्ण विश्व की उर्जा जरुरत पूरी की जा सकती है। शोधकर्ताओं की मानें तो विश्व की उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में 30 लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल में विंड फॉर्म स्थापित किया जा सकता है। विंड फॉर्म लगाने के लिए उत्तर अटलांटिक महासागर सबसे उपयुक्त स्थान है। इस विंड से सालाना 18 टेरावाट बिजली का उत्पादन होगा और एक अनुमान के मुताबिक विश्व में करीब इतनी ही बिजली का उपभोग भी होता है।



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

शोधकर्ताओं का कहना है कि जमीन पर विंड फॉर्म से 105 वाट प्रति वर्ग मीटर बिजली उत्पादन संभव होता है। लेकिन उत्तर अटलांटिक महासागर में विंड फॉर्म स्थापित करने से 6 वाट प्रति वर्ग मीटर की दर से बिजली उत्पादन संभव होगा। यहां समझना जरुरी है कि जमीन के मुकाबले समुद्र में हवाओं की गति और बल 70 प्रतिशत अधिक होता है और वहां तूफान भी अधिक आते हैं। इसलिए टरबाइन को अधिक हवा मिलती है।

भारत की बात करें तो यहां पवन उर्जा का विकास 1990 के दशक में प्रारंभ हुआ और पिछले कुछ वर्षों में कमाल की सफलता हासिल हुई है। वर्तमान समय में भारत में पवन उर्जा का उत्पादन तकरीबन 32.56 गीगावाट है। भारत में राज्यस्तरी पवन उर्जा की दृष्टि से तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल और पश्चिम बंगाल शीर्ष पर हैं। भारत में पवन टरबाइनों की स्थापित करने की लघु अवधि और पवन उर्जा मशीनों पर बढ़ती निर्भरता और उनके प्रदर्शन ने पवन उर्जा को भारत की क्षमता वृद्धि के लिए एक पसंदीदा बना दिया है। भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी के रुप में सुजलॉन पिछले दशक में वैश्विक परिदृश्य पर उभरी है और भारतीय बाजार के लिए पवन टरबाइन की अग्रणी कंपनी बन गई है। सुजलॉन की सफलता ने भारत को उन्नत पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में विकासशील देश का नेता बना दिया है। कह सकते हैं कि पवन उर्जा का आशय वायु से गतिज उर्जा को लेकर उसे उपयोगी यांत्रिक अथवा विद्युत उर्जा में परिवर्तित करना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु का उर्जा उत्पादन करने हेतु उपयोग में न तो किसी प्रकार की प्रदूषण की समस्या या खानों के अपवाह या विषाक्त प्रदूषक पदार्थों जैसी समस्या आती है। न ही इसके कारण विस्तृत क्षेत्र में फैली भूमि को किसी तरह नुकसान पहुंचता है। ध्यान देने वाली बात यह कि जहां जीवाश्मीय ईंधन सीमित है वहीं पवन कभी समाप्त नहीं होने वाली है। जीवाश्मीय ईंधनों की तुलना में पवन उर्जा संयंत्रों का परिचालन भी अति सुरक्षित है।

ध्यान दें तो यह बात तापीय या नाभिकीय उर्जा संयंत्रों पर लागू नहीं होती। आधुनिक पवन संयंत्रों में प्रयुक्त प्रभावी सुरक्षा यांत्रिकी से यहां तक संभव हो गया है कि इन्हें सार्वजनिक स्थलों पर भी थोड़ी सी क्षति के बिना भी स्थापित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इसे पहाड़ी के शिखर पर, समतल सपाट भू-प्रदेश, वनों तथा मरुस्थलों तक में लगाया जा सकता है। संयंत्र को अपतटीय क्षेत्रों तथा छिछले पानी में भी लगाया जा सकता है। हालांकि पवन उर्जा की बढ़ती जरुरत और उपयोगिता के बावजूद कुछ पर्यावरणविदों का तर्क है कि पवन उर्जा से कई तरह की समस्याएं उत्पन हो रही हैं। मसलन उत्पादक संयंत्र विद्युत चुंबकीय संकेत वातावरण में प्रसारित होने से कठिनाई उत्पन हो रही है।

पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि क्षैतिज अक्ष वाले पवन चालित टरबाइनों के घूमते हुए ब्लेड दूरदर्शन संकेतों के दृश्य अंश विरुपित करके निकटवर्तीय क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन कर रहे हैं। अनेक प्रकृति प्रेमियों को आशंका है कि पवन चालित संयंत्रों की उपस्थिति प्रवासी पक्षियों तथा सामान्य पक्षियों को भयभीत करती है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पक्षी टकराने की घटनाएं निचली उड़ान के स्तर पर ही होती है और ऐसे पक्षियों की संख्या बहुत ही कम होती है। गौर करें तो इन विरोध के इन दलीलों में कोई खास दम नहीं है। सच तो यह है कि उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए पवन उर्जा अति सुरक्षित व महत्वपूर्ण विकल्प है।

# मुद्दे की बुनियाद

जब उसूलों में इनसाफ़ की जगह सिफ़ारिश ले लेती है, तो ज़ुल्म एक दस्तूर बन जाता है। स्वीडन के नामवर अर्थशास्त्री गुनार मिर्डल ने अपनी किताब एशियन ड्रामा (1968) में हिन्दुस्तान की नौकरशाही और करप्शन की जो तस्वीर पेश की थी, वह आज भी हू-ब-हू सही बैठती है। उन्होंने यह भी लिखा कि इस मसले पर रिसर्च करना तब गुनाह-ए-अज़ीम समझा जाता था। मगर वक्त के साथ हालात बदले, और आज "इकोनॉमिक्स ऑफ करप्शन" एक मानी हुई अकादमिक शाखा बन चुकी है।

अगेंस्ड द स्ट्रीम नामक दूसरी किताब में मिर्डल एक दिलचस्प वाक़िया बयान करते हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर, नेहरू से विदा लेने के बाद, उन्होंने देखा कि दूर कुछ टैक्सी ड्राइवर शोरगुल कर रहे हैं। उन्होंने पास खड़े दिल्ली पुलिस के आला अफ़सर से पूछा कि ये लोग क्यों हंगामा कर रहे हैं, और पुलिस उन्हें काबू क्यों नहीं कर रही। अफ़सर ने जवाब दिया:"हम डरते हैं, सर। अगर हम हस्तक्षेप करेंगे तो वे चिल्लाएंगे कि पुलिस वाले पैसे मांगते हैं।"

मिर्डल ने पूछा: "लेकिन उन पर कौन विश्वास करेगा??" जवाब मिला: "कौन विश्वास नहीं करेगा, सर?" यानी, रिश्वतखोरी को लोग इतना आम और स्वाभाविक मान चुके थे कि उसका इल्ज़ाम खुद पुलिस को भी डराने लगा था। अगेंस्ड द स्ट्रीम में मिर्डल ने एक और वाकिए का बयान किया है: एक लंबी मीटिंग के बाद जब वो पंडित नेहरू के साथ बाहर निकल रहे थे, तभी उनका सेक्रेटरी तेज़ी से भागता हुआ आया और कुछ झिझकते हुए अर्ज़ किया: 'असर, सामाजिक इंसाफ़ पर बहस तो अजेंडा में थी, मगर उस पर कोई बातचीत नहीं हुई।' नेहरू का चेहरा तमतमा उठा। उन्होंने बिना लफ़्ज़ों को नर्म किए झिड़क दिया-'ऐसी बातें अजेंडा में डालने और मीटिंग की रिपोर्ट के आमुख में दर्ज करने के लिए होती हैं, न कि वाक़ई में गुफ़्तगू करने के लिए!'



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए–यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

इस एक जुमले से ये साफ़ झलकता है कि किस हद तक कुछ मसाइल महज़ सियासी शोशा थे, और पंडित नेहरू के लिए हक़ीक़त में कोई अहमियत नहीं रखते थे। सामाजिक इंसाफ़ उनके लिए एक नारा था-एक सियासी ज़रूरत-मगर नीयत की तह में वह मुद्दा कभी गया ही नहीं।

आज़ादी के बाद भारत के पास गांधी, त्याग, और सत्याग्रह की एक नैतिक पूंजी थी। लेकिन जब आर्थिक नीति की बात आई तो यह नैतिक पूंजी एक राज्य-नियंत्रित समाजवादी ढांचे की तरफ़ झुक गई।नेहरू की ख्वाहिश थी कि समाजवाद की प्रेरणा से एक योजनाबद्ध और तेज़ औद्योगिक विकास हो, जिससे बराबरी आए। मगर यही सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल, लाइसेंस-परमिट राज, और ब्यूरोक्रेटिक राज वह ढांचा बन गया, जिसने क्रोनी कैपिटलिज़्म और रिश्वत की तहज़ीब को जन्म दिया। जो कारोबारी हुकूमत के करीब थे या जिनका हाथ सियासी रहनुमाओं के कंधे पर था, उन्हें तरक्की के लिए दरवाज़े खुले मिले। उन्हें सरकारी योजनाओं में तरज़ीह मिली, क़ायदे-कानून उनके मुफ़ीद बनाए गए। इसके बरअक्स जिनकी सोच ज़रा अलग थी या जो कांग्रेस की "लाइन" में फिट नहीं बैठते थे-उन्हें तफ्तीश, कानूनी केसों और सरकारी दबावों का सामना करना पड़ा। कई बार तो यह दबाव सिर्फ इसलिए आता था कि उन्होंने किसी "प्रिय उद्योगपति" की मार्केट में हिस्सेदारी कम कर दी थी। इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब हर इजाज़तनामा, हर मंजूरी, हर लाइसेंस सरकारी बाबू के दस्तख़त पर मुंह ताकता हो तो फिर सिफ़ारिश, रिश्वत और ताल्लुकात की अहमियत बढ़ जाती है। शुरू-शुरू में ये तौर-तरीक़े सिर्फ़ बड़े कारोबारियों तक सीमित थे, लेकिन जल्द ही ये अफ़सरशाही की रगों में ऐसा दौड़े कि अर्थव्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन गए। कच्चा माल, विदेशी मशीनों की इम्पोर्ट, बैंक ऋण, सब्सिडी-हर जगह अफ़सर की मेहरबानी चाहिए थी। कभी राजनीतिक सरपरस्ती, तो कभी नक़द नज़राना-बिना इसके न कारोबार चलता था, न फ़ैक्टरी। जो रिश्वत पहले सिर्फ़ लाइसेंस और ठेकों में थी, वह धीरे-धीरे समाज की हर परत में घुस आई। सिस्टम ऐसा हो गया कि ईमानदार व्यक्ति को या तो हार माननी पड़ती थी, या समझौता करना पड़ता था। रिश्वत अब एक जुर्म नहीं रही-वह एक 'प्राकृतिक शुल्क'बन गई थी।

## सोशल फोरम

# तनाव के बीच

ईरान और इजरायल के तनाव के बीच में सबसे महत्वपूर्ण है पर्शियन गल्फ यानी ईरान की खाड़ी और वहां से लगभग 2 हजार किलोमीटर दूर अदन की खाड़ी और लाल सागर का इलाका। क्योंकि यहाँ से विश्व व्यापार प्रभावित होता है। और चूंकि ईरान की खाड़ी इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विश्व व्यापार के सबसे बड़े हब यूएई, कतर और सऊदी आते हैं। यूएई जितना बड़ा टैक्स हैवन बनकर उभरा है। और विश्व के सारे माल का डंपिंग ग्राउंड बना है वह विशेष है।



हरिशंकर शाही
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

और साथ ही यमन के पास मौजूद अदन की खाड़ी और लाल सागर तक पहुंच भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यानी विश्व व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इससे प्रभावित है। इसीलिए कॉर्पोरेशन तो यही चाहेंगी की ईरान यहां कमजोर हो। क्योंकि जिस तरह से यूएई बदल चुका है और सऊदी बदल रहे हैं और व्यापारिक हब बन रहे हैं। उससे मुख्य तौर पर यहां जो जड़ है वह है ईरान में बदलाव के लिए जोर मारती विश्व शक्तियां। क्योंकि ईरान का पोर्ट खुलना आवश्यक है। अब यहां यदि ईरान न्यूक्लियर बम बना ले या इजरायल पर हमला करने लगेगा तो यहां का शांति संतुलन बिगड़ेगा। अमेरिका का मुख्य उद्देश्य भी यहां पर रूसी प्रभाव मिटाना ही था जब ईरान की इस्लामिक क्रांति कराई गई थी।

> और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है।

और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है। इसीलिए जैसे हिंद महासागर के देशों में बवाल चल रहा है वही हाल यहां है। बस ईरान की खमैनई सरकार को अपना हिस्सा चाहिए। जो देने को कोई तैयार नहीं है क्योंकि ईरान का ऊंट किस करवट बैठे यह पता नहीं। और दूसरा ईरान अरब तो है नहीं इसीलिए अरब देश से कब बवाल हो जाए या इजरायल से कब बवाल हो जाए इससे ग्लोबल मनी चैनल को बचाना है।

**-फेसबुक वॉल से**

# भारत में बढ़ रहे हैं नगरों के 'हीट वेव डेज'

द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट के वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में एक ख़ास बात ने ध्यान खींचा, जिसमें भारत की शीर्ष बायो-मेडिकल वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सन 2024 में भारत में 536 हीटवेव-डेज़ के रहे थे। यह बात उन्होंनें सम्मेलन की कार्रवाई से अलग एक साक्षात्कार में कही जिसे भारत के मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। साल में 365 दिन होते हैं लेकिन हीट वेव डेज़ 536 होने से क्या आशय है। गर्मी की ऋतु के तीन महीने अप्रैल, मई और जून होते हैं लेकिन गर्मी का प्रभाव सितंबर महीने तक भी खिंच जाता है। इस दौरान देश में मानसूनी वर्षा भी होती है और वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा हो जाता है। बरसात कम और छितरे तरीके से होती है तो देश के अनेक मौसम-खंडों अर्थात क्लाइमेटिक जोन्स, में नमी अधिक होने से असहनीय गर्मी बनी रहती है। अर्थात गर्मी का प्रकोप 15 मई से लेकर 30 जून तक, 45 दिन के लिए अधिकतम होता है। ऐसे में व्यक्तिगत आर्थिक सुविधा और बिजली की उपलब्धता के अनुसार एयर-कंडीशनिंग का उपयोग दिनों-दिन बढ़ा है। कुछ दिन पहले एक नीतिगत फैसले के तहत केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि बिजली की खपत कम रखने के लिए भविष्य में घरेलू और व्यवसायिक एयर कंडीशनरों को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर ही चलाया जाएगा। इसे बारे एयर कंडीशनर निर्माताओं को निर्देश दे दिए गए हैं। दिल्ली के सामानांतर अक्षांशों वाले क्षेत्रों में लोग अप्रैल आते ही दिन में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। क्लाइमेट चेंज से बढ़ते तापमान और जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभाव पर विपुल जानकारी उपलब्ध है। हीट वेव डेज़ के बारे में तकनीकी जानकारी के निहितार्थ क्या हैं? भारत के उत्तरी अक्षांशों के मैदानी इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट के क्षेत्र है जिनमें तापक्रम 40 से 46.5 डिग्री सेल्सियस के बीच तक झूलता है। थार मरुभूमि में स्थित चुरू, बीकानेर और बाड़मेर के धोरों में मई और जून महीनों में तापक्रम 48 से 50 को छू लेता है। डॉ. सौम्या ने 536 हीटवेव डेज़ को टेक्निकल भाषा में सही ही बताया था। भारत में पिछले 125 वर्षों में हीट वेव डेज़ की संख्या बहुत से नगरों में बढ़ गई है। उनमें भी जहां पहले ऐसा कभी नहीं होता था। कुछेक रोज पहले ज्योग्राफिकल इनफार्मेशन सिस्टम्स में काम करने वाली दो बड़ी गैर सरकारी संस्थाओं ने वर्ष 2025 के लिए मानसूनी वर्षा की मात्रा और विस्तार के बारे में आकलन किया और कहा कि भारत में वर्षा का डिस्ट्रीब्यूशन और इंटेंसिटी दोनों ही अबके साल एकसार नहीं होने वाले। ये दोनों कम्पनियां अपना डाटा जेनरेट नहीं करती। मालूम नहीं, खरीदती हैं या सरकारी संस्थानों से फ्री में लेती हैं, लेकिन एक्सपर्ट एनालिसिस इनकी होती है। दोनों कंपनियों के मौसम संबंधी आकलन कमर्शियल प्रवृत्ति हेतु किए जाते हैं इसलिए हमें अपनी सरकारों के डाटा-एनालिसिस पर अधिक भरोसा करना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग हीट वेव को परिभाषित करने के लिए केवल अधिकतम तापमान पर विचार करता है, जैसे कि किसी स्थल का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिए कम से कम 40सेल्सियस या उससे अधिक, तटीय स्थल के लिए 37 सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्र के लिए कम से कम 30 सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है तो यह हीट वेव है। भारत उपमहाद्वीप में होने वाली ताप तरंग घटनाओं को चुनने के लिए इन मानदंडों को सावधानी से चुना गया था। पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को सीमित करने के लिए 35 सेल्सियस मानदंड का उपयोग किया जाता है। दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी के प्रभावों के वर्तमान और भविष्य के बोझ को रोकने के लिए हीट वेव और विभिन्न स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों को समझना आवश्यक है। कई देशों में, हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम ने थर्मल कम्फर्ट इंडेक्स को अपनाया है, जो हीट वेव के दौरान वास्तविक मानव थर्मल स्थिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए कथित तापमान पर मौसम संबंधी कारकों यथा, वायु तापमान, आर्द्रता और हवा, की एक श्रृंखला के संयुक्त प्रभाव को मापता है।



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है।

भारत में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी प्रतिवर्ष हीट-वेव और हीट वेव-डेज़ के प्रति आगाह करता है। परिवेश के तापमान सहित एक थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने वाले हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हीट वेव की परिभाषा और इसकी अवधि और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कितनी अच्छी तरह से आपस में जोड़ कर किस थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने का तकाजा करती है। वैज्ञानिक नीति के अंतर्गत हीट वेव या हीट वेव डेज़ की सार्वजनिक घोषणा के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### मारपीट में सात लोगों के खिलाफ एफआईआर

**सुमेरपुर।** निजी भूमि पर जबरन शौचालय बनाने से मना करने पर हुई मारपीट के मामले में एसपी के निर्देश पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। बदनपुर निवासी रामस्वरूप ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी शिव शंकर, रामशरन, राममिलन, श्याम मिलन, शिव मिलन, सुनील, कमल उसकी जमीन पर जबरिया शौचालय का निर्माण करा रहे थे। उसके मना करने पर सभी ने गाली गलौज करके जमकर पीटा। पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### ब्रह्मलीन रोटी राम महाराज की पुण्यतिथि 21 को

**सुमेरपुर।** ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटी राम महाराज की पुण्यतिथि पर 21 जून को सुबह 8 बजे विरक्त आश्रम में मनाई जाएगी। इसकी तैयारियां तपोभूमि यज्ञ कमेटी की ओर से जारी हैं। प्रसिद्ध संत स्वामी रोटी राम महाराज नागा स्वामी कस्बे की गायत्री तपोभूमि में 21 जून को ब्रह्मलीन हुए थे। प्रतिवर्ष उनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है। कमेटी के सदस्य रामविलास उर्फ बबलू गुप्ता ने बताया कि 21 जून को सुबह 8 बजे से हवन पूजन के बाद प्रसाद बांटा जाएगा।

### शादी का प्रस्ताव रखकर युवती के साथ छेड़छाड़

**राठ।** युवती ने युवक पर घर में घुसकर शादी का प्रस्ताव रख छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के एक मोहल्ला की युवती ने बताया कि रविवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे वह घर पर बैठी थी। मां कपड़े धो रही थी, तभी एक रिश्तेदार युवक आया और शादी का प्रस्ताव रख उसका हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। मां को आता देख युवक भाग खड़ा हुआ। थोड़ी देर बाद युवक अपने पिता सहित अन्य दो लोगों को घर पर लेकर आया और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर दी। बीच बचाव में पिता व भाई आए तो उन्हें भी मारा-पीटा। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, जांच शुरू

**राठ।** कस्बे के अतरौलिया मोहल्ले में संदिग्ध हालात में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय विनोद पुत्र कल्लू प्राइवेट सफाई कर्मी का कार्य करता था। रविवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे विनोद मकान में संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। जब परिजनों ने उसे देखा तो हड़कंप मच गया और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डॉ नेहा ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अजय ने बताया कि उसका भाई सफाई कर्मी था। वह अपने दूसरे मकान में रहता था। बताया कि वह शराब पीने का आदि था। मृतक अपने पीछे एक पुत्र शनि को छोड़ गया है। पुत्र की मौत पर मां का रो रोकर बुरा हाल है।

### सरकारी काम में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा।** ग्राम पंचायत में दो चकरोडों पर अतिक्रमण कर कब्जा करने और सड़क निर्माण में बाधा डालने के मामले में ग्राम प्रधान ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। बिवांर थाना क्षेत्र के ग्राम टीहर के ग्राम प्रधान रामकुमार शुक्ल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि ग्राम पंचायत के चकरोड 620 और 644 में गांव के कामता अतिक्रमण कर कब्जा किए हुए हैं। जब राजस्व विभाग की टीम पैमाइश करने पहुंची तो रघुवीर, जगभान पुत्रगण कामता और जितेंद्र पुत्र रघुवीर ने काम नहीं करने दिया और लड़ाई करने पर आमादा हो गए। जान माल की धमकी दे रहे हैं। ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने चारों लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आंधी में टूटे तार, करंट से 7 मवेशियों की मौत

## शनिवार रात तेज आंधी से क्षतिग्रस्त हुईं बिजली लाइनें, कलौलीतीर गांव में 7 मवेशी करंट की चपेट में आए

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)



बांधुर रोड पर आंधी से टूटा नीम का पेड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार की रात आंधी से बिजली लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। पेड़ भी टूटकर धराशायी हो गए। कलौलीतीर गांव में टूटे पड़े हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से चार भैंस, एक पड़िया और दो गायों की मौत हो गई। मवेशियों की मौत से पशुपालकों को लाखों का नुकसान हुआ है, जिससे बिजली विभाग के प्रति पशुपालकों में आक्रोश है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कलौलीतीर में रविवार को अनीश अहमद के ट्यूबवेल के पास टेनी महाराज के खेत पर शनिवार रात तेज आंधी में तार टूटकर पड़े थे। रविवार सुबह रामप्रसाद यादव की तीन भैंस, एक पड़िया, मुन्ना अहमद की एक भैंस, जीतबहादुर उर्फ जीतू की एक गाय व उसके पड़ोसी संतोष वाल्मीकि की एक गाय खेतों पर चर रही थी। करीब 11 बजे बिजली के टूटे तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से इन सबी मवेशियों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कुछेछा चौकी पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी डा. वंशराज को बुलाकर सभी मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद मवेशियों को दफना दिया गया। पशुपालक रामप्रसाद यादव ने बताया कि उनकी तीन भैंस और एक पड़िया की कीमत तीन लाख रुपये थी। वहीं मुन्ना ने एक भैंस की क़ीमत 80 हजार रुपये बताई। जीतबहादुर उर्फ जीतू ने जर्सी गाय की क़ीमत 60 हजार रुपये बताई, जबकि संतोष वाल्मीकि ने 50 हजार कीमत बताई।

**आंधी से पेड़ टूटे, बांधुर मार्ग बाधित : बिवांर।** तेज आंधी आने से बांधुर रोड के किनारे दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए। पेड़ों के सड़क पर गिरने से वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। वन दरोगा ने पेड़ों की कटान कराकर हटवाया, तब कहीं जाकर वाहनों का आवागमन चालू हो सका। वनकर्मी सड़क के किनारे पड़े पेड़ों की सफाई करने में लगे रहे।

वनरक्षक पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि बिवांर से बांधुर गांव तक 5 किमी सड़क के किनारे खड़े पेड़ धराशायी हुए हैं। कटान कराकर सड़क खोल दी गई है। किनारे पड़े पेड़ों की कटान कर सफाई कराई जा रही है।

### बिजली गिरने से 4 बकरियों और एक भैंस की मौत

- **बिवांर।** शनिवार शाम आंधी-पानी के साथ आकाशीय बिजली गिरने से तीन बकरियों की मौत हो गई। न्यूरिया गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बकरी और एक भैंस की मौत हो गई। छेड़ी बसायक गांव के शोभा यादव, रामकरण प्रजापति और महादेव प्रजापति की पत्नी गांव के बाहर खेत पर अपनी बकरियों को चरा रहे थे, तभी अचानक बरसात शुरू होने पर बकरियां पीपल के पेड़ के नीचे आ गईं। तेज गर्जना के साथ पीपल के पेड़ में आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से तीनों चारवाहों की एक-एक बकरी की मौत हो गई। पूर्व प्रधान समरथ यादव ने बताया कि लेखपाल को सूचना दी गई है। उधर, न्यूरिया में खेत पर आकाशीय बिजली गिरने से बृजेंद्र प्रजापति की एक बकरी, अनुज यादव की भैंस की मौत हो गई। लेखपाल दीपक कुमार ने गांव जाकर जांच-पड़ताल की।



पेयजल समस्या को लेकर पहुंचीं महिलाएं। अमृत विचार

# महिलाओं को देखकर आपरेटर ने जड़ा ताला

संवाददाता, बिवांर

- पानी के लिए परेशान महिलाओं ने टंकी परिसर में धावा बोला
- रजमल मोहल्ले में तीन दिन से नहीं पहुंच रहा टंकी का पानी

**अमृत विचार।** कस्बे में तीन दिनों से एक मोहल्ले में पानी नहीं मिल रहा है। इससे नाराज महिलाएं रविवार को पेयजल योजना परिसर में जा धमकीं। महिलाओं को आता देखकर आपरेटर ने गेट में ताला बंद कर घुसने से रोक दिया।

पेयजल आपूर्ति को लेकर लोग परेशान हैं। पेयजल आपूर्ति की समस्या से रजमल मोहल्ले के लोग कुछ ज्यादा ही परेशान हैं। मोहल्ले की रामसखी, सीमा, फूला, गोमती, विद्यारानी, रेखा, भानुमती, पुष्पा, ज्ञानेंद्री, सुशीला सहित करीब एक दर्जन महिलाओं ने रविवार को टंकी परिसर में धावा बोल दिया। महिलाओं को आता देख आपरेटर ने टंकी परिसर के गेट में अंदर से ताला बंद कर लिया। महिलाएं गेट पर खड़े होकर पानी न छोड़े जाने की शिकायत करती रहीं।

महिलाओं ने बताया कि आपरेटर पानी देने को कहने पर अभद्रता करता है। तीन दिनों से पानी नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी में पूरे दिन पानी की समस्या से जूझना पड़ता है। थाना तिराहे से इंडियन बैंक की तरफ पाइप लाइन पूरी तरह जाम है। नमामि गंगे की नई पाइप लाइन से सप्लाई होती है, जिसमें 24 घंटे में सिर्फ आधा घंटा पानी आता है। जब ज्यादा पानी देने की बात कही जाती है तो आपरेटर आशीष कुमार कहता है कि नई लाइन में ट्यूबवेल नहीं है। पुराने ट्यूबवेल से सप्लाई दी जाती है।

आपरेटर कहता है कि इससे ज्यादा पानी नहीं दिया जा सकता है। जब उससे कहा जाता है कि पुरानी पाइप लाइन सही करवाई जाए तो वह कहता है कि पुरानी पाइप लाइन सही नहीं करवाई जा रही है। जेई आशीष कुमार ने बताया कि बिजली बार-बार बाधित होने से टंकी पूरी तरह नहीं भर पा रही है। रोस्टिंग से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, ताकि सबको पर्याप्त पानी मिल सके। आपरेटर के रवैए पर उसे हिदायत दी गई है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### शव की तीसरे दिन शिनाख्त

**राठ।** तीन दिन पहले रोडवेज बस स्टैंड परिसर में शव मिला था। रविवार को शव की शिनाख्त हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

गुरुवार को रोडवेज बस स्टैंड में एक युवक का शव मिला था। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को सीएचसी के शव गृह में रखवा दिया था। जिसकी शिनाख्त रविवार को महोबा जनपद के चरखारी थाने के गुढ़ा गांव निवासी 37 वर्षीय जगदेव पुत्र भवानीदीन पाल के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई दीनदयाल पाल ने बताया कि वह प्रतिदिन मजदूरी करने के लिए राठ कस्बे के पड़ाव स्थित लेबर चौक पर आता था। मृतक अविवाहित था। मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था। मृतक के पिता भवानीदीन पाल के नाम 12 बीघा जमीन है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रंगदारी मांगने में चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मौदहा

- मकान का निर्माण कराने के एवज में मांग रहे रंगदारी

**अमृत विचार।** मकान निर्माण कराने के मामले में दस हजार रंगदारी वसूल चुके दबंगों पर दोबारा पचास हजार रुपये रंगदारी मांगने के आरोप का मामला सामने आया है। जबकि कुछ लोग इस मामले को राजनीति से जुड़ा हुआ बता रहे हैं।

कोतवाली क्षेत्र के भमौंरा निवासी शवाब खां पुत्र नवाब खां ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते पांच जून को वह अपने प्लाट में निर्माण करा रहा था। तभी मदारपुर निवासी हारून, शाह आलम, गुल्लू और एक अज्ञात व्यक्ति आए और गाली गलौज करते हुए तमंचा दिखाकर काम रुकवाने की धमकी दी। अपने रिश्तेदारों की जमीन बताते हुए रुपये मांगने लगा और विरोध करने पर मारपीट करने पर आमादा हो गया। जिस पर पीड़ित ने दस हजार रुपये उक्त लोगों को दे दिए और काम शुरू कर दिया। जिसके बाद उक्त हारून 11 जून को पुनः अपने साथियों के साथ आ गया और पचास हजार रुपये रंगदारी मांगने लगा तथा गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगा। जिससे भयभीत होकर पीड़ित अपने परिवार सहित घर में घुस गया और अब कोतवाली शिकायत करने आया है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं कुछ लोग इस मामले को आगामी ग्राम प्रधान पद के चुनावों से जोडकर देख रहे हैं।

# योग सप्ताह पर निकली रैली, कराया गया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर



योगाभ्यास करते अधिकारी और कर्मचारी। अमृत विचार



जागरूकता रैली में शामिल विधायक और अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को लेकर रविवार से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जाएगा। इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग घोषित की गई है। रविवार को आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह प्रातः 05:30 बजे सदर विधायक डा मनोज प्रजापति ने किया।

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कुलदीप निषाद, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, अपर जिलाधिकारी (वि/रा), डिप्टी कमिश्नर, मनरेगा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डा निरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा योग प्रवर्तक महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक आयुष सुजीत कुमार, डा छंदीलाल (नोडल) डा आशीष पांडेय, डा विकास जायसवाल, डा मनीष कुमार चौधरी, डा प्रियंका प्रजापति, प्रदीप कुमार मिश्र, कनिष्ठ सहायक, मनोज कुमार, कनिष्ठ सहायक, रामऔतार फार्मासिस्ट, रामनरेश सिंह, फार्मासिस्ट, संजय कुमार, सुशीलचन्द्र, आनन्द द्विवेदी, मुन्नीलाल आदि विभागीय कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

योग प्रशिक्षक डा. बृजेश कश्यम एवं योग सहायक अमित कुमार बाथम ने योगाभ्यास कराया। योगाभ्यास के पश्चात् सदर विधायक सहित अधिकारियों के मार्गदर्शन में योग जागरुकता रैली भी निकाली गई। जो स्टेडियम से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट गेट, रोडबेज बस स्टैण्ड, इस्लामियां इण्टर कालेज, किंग रोड, विद्या मंदिर इण्टर कालेज, रमेड़ी होते हुए स्टेडियम पर समाप्त हुई।

रैली में अधिक से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। आयुष विभाग ने सूक्ष्म-जलपान की व्यवस्था की। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान ने किया।

## सार-संक्षेप



स्कॉलरशिप के लिए रविवार को परीक्षा देतीं छात्राएं। अमृत विचार

### बुंदेलखंड स्कॉलरशिप के लिए टेस्ट, मिलेंगी सुविधाएं

**बिवांर।** इंटर कालेज में बुंदेलखंड स्कालरशिप टेस्ट का आयोजन हुआ। उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को कुलपहाड़ पालीटेक्निक में नि :शुल्क सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुस्करा ब्लाक के उमरी स्थित शाश्वत शान्ति इंटर कालेज में रविवार को कुलपहाड़ पालीटेक्निक की ओर से बुंदेलखंड स्कालरशिप टेस्ट का आयोजन हुआ, जिसमें 170 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार पालीवाल ने बताया कि टेस्ट में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट के छात्रों ने भाग लिया। बुंदेलखंड स्कालरशिप टेस्ट का आयोजन तीन केंद्रों में हुआ। पालीटेक्निक के सुरेंद्र व भीष्म ने बताया कि टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों को नि :शुल्क कोर्स और पुरस्कृत किया जाएगा।



वृद्धाश्रम में महिलाओं को जानकारी देते प्राधिकरण के सचिव। अमृत विचार

### वृद्धाश्रम में वृद्धजनों की सुनीं समस्याएं

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृद्धाश्रम में विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वृद्ध जन की समस्याओं को सुन आवश्यक कानूनी जानकारी दी गई। नालसा की हेल्प लाइन 15100, साफ-सफाई एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए तमाम आवश्यक जानकारी दी गई। इसी क्रम में सचिव ने संवासित वृद्धजनों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वृद्धजनों को फल वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी जलील खान, पीएलवी प्रमोद कुमार, वृद्धाश्रम के प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### आत्महत्या के लिए उकसाने में 5 लोग नामजद

**मौदहा।** बीते तीन दिन पहले युवक द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा निवासी मीना पत्नी राम औतार सोनकर ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 12 जून को उसके घर उसकी बहू कपूरी, माया पत्नी रमाशंकर सोनकर, सोनू और मोनू पुत्रगण रमाशंकर सोनकर निवासी ग्राम जाजपुत्र घाटमपुर और कुंवरबाबू निवासी सुमेरपुर आए और उसके और उसके पुत्र दिनेश के साथ मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि उसकी बहू का उसके पुत्र के साथ काफी समय से विवाद भी चल रहा था। पीड़िता ने बताया कि मारपीट करने बाद जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। उसी बात को लेकर उसके पुत्र ने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जबकि उसके पुत्र ने एक सुसाइड नोट भी लिखा था जो कोतवाली पुलिस के पास है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।

## नदिया के पार

दूसरे दिन भी यमुना पुल में कोठियों की बेयरिंग की मरम्मत का कार्य जारी रहा, नाविकों को कमाई का मिला मौका, आज सुबह खुल जाएगा हाईवे

# यमुना पुल बंद होने से पैदल निकली बारात, दूल्हा 35 किमी घूमा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



यमुना पुल से पैदल निकलते बाराती। अमृत विचार




बैरीकेडिंग लगाकर हाईवे को बंद किया गया है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के यमुना नदी पुल की मरम्मत का कार्य दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। वाहनों का आवागमन बंद रहा, जिसकी वजह से एक बारात के बारातियों को पैदल ही पुल पार करना पड़ा। दूल्हे की गाड़ी को दूसरे रास्ते से 35 किलोमीटर का चक्कर लगाकर ससुराल की दूरी तय करना पड़ा। बारात सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल से सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नदेहरा गांव जा रही थी।

जिला मुख्यालय में यमुना नदी के पुल की बेयरिंग बदलने के लिए सप्ताह में शनिवार व रविवार को पुल पर आवागमन पूरी तरह ठप रहेगा। शनिवार को पुल मरम्मत का कार्य होने के बाद रविवार को दूसरे दिन भी कार्य जारी रहा, जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आवागमन बंद होने से एक बारात में शामिल बारातियों को भी पैदल जाना पड़ा। गाड़ियां कई किलोमीटर का चक्कर काटकर पहुंची।

कानपुर नगर जिले के बरीपाल गांव से एक बारात सुमेरपुर के नदेहरा गांव जानी थी। बरीपाल से नदेहरा की दूरी 28 किमी है। 150 बाराती बरीपाल गांव से 8 किलोमीटर ई-रिक्शा से यमुना पुल तक पहुंचे। फिर बारातियों को पांच किलोमीटर पैदल दूरी तय करना पड़ा। फिर दूसरी गाड़ी बुक कर 15 किलोमीटर दूर नदेहरा पहुंचे, जहां शादी में शामिल हो सके।

दूल्हे रफीक के चचेरे भाई मोहम्मद समीर ने बताया कि बुआ के लड़के की शादी हो रही है। बरीपाल से बारात आ रही है और नदेहरा जाना है। पुल बंद होने की वजह से हम लोगों को यहां तक ई रिक्शा से आना पड़ा। उसके बाद पैदल ही पुल पार किए हैं। अब यहां से गाड़ी की व्यवस्था करके हम नदेहरा बारात लेकर जाएंगे। गर्मी में बहुत परेशानी हो रही है।

### 48 वर्ष पुराने यमुना पुल की क्षमता 40 टन

यमुना पुल 48 वर्ष पुराना है। यह पुल उत्तर प्रदेश को मध्य प्रदेश से जोड़ता है। नेशनल हाईवे-34 पर स्थित इस पुल पर आई दरारों और कंपन की वजह से एनएचएआई ने मरम्मत का निर्णय लिया है। 14 जून से मरम्मत कार्य शुरू हुआ जो 21 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान हर शनिवार सुबह 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक पुल पूर्णत : बंद रहेगा। पुल की स्थिति अक्टूबर 2024 में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान की टीम ने जांची थी। जांच में पुल में दरारें और कंपन की समस्या सामने आई थी। पुल की क्षमता 40 टन की है, लेकिन इस पर 80 टन तक के भार वाले 18 से 24 चक्का वाहन गुजरते हैं। पुल बंद होने से अलियापुर टोल टैक्स पर दो दिन में लगभग 30 लाख का नुकसान होगा।



यमुना पुल के मरम्मत कार्य में जुटे कर्मी। अमृत विचार

### कानपुर जाने में डेढ़ गुना लग रहा किराया

यमुना पुल बंद होने से परिवहन निगम की बसों को 42 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। हमीरपुर से कानपुर जाने के लिए रोडवेज बस का किराया 93 रुपये है, लेकिन 42 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करने की वजह से लगभग डेढ़ गुना ज्यादा 149 रुपये किराया देना पड़ रहा है। बीते दिन परिवहन निगम की 23 बसों से करीब 1500 यात्रियों ने सफर किया, जिन्हें लगभग 82 हजार 500 रुपये अतिरिक्त चुकाना पड़ा। एनएचएआई ने पुल के दोनों तरफ 100-100 मीटर की दूरी पर बैरीकेड लगा दिए हैं। मरम्मत के दौरान रामादेवी और नौबस्ता चौराहे से महोबा-हमीरपुर जाने वाले वाहनों को फतेहपुर-बांदा मार्ग से डायवर्ट किया गया है। एनएचएआई ने हाईवे पर आसपास के जिलों में सूचना बोर्ड पहले से लगा दिए हैं।

- **नाव के सहारे हो रही दूध की सप्लाई :** जिला मुख्यालय में कानपुर नगर के सजेती क्षेत्र के छह गांवों से दूध की आपूर्ति होती है। दूध विक्रेता अब नावों से मोटर साइकिल और दूध के कैन लादकर नदी पार कर रहे हैं। इस स्थिति में नाविकों को भी सप्ताह में दो दिन खासी आय का अवसर मिल रहा है। दूधियों को समय से लोगों के घरों और होटलों तक दूध पहुंचाने में दिक्कत हो रही है और उन्हें नाव से पार करने में पैसा भी खर्च करना पड़ रहा है।

# तेज रफ्तार वाहन ने क्रशर चौकीदार की जिंदगी छीनी

## कबरई कस्बे में साइकिल में टक्कर मारने के बाद भाग निकला वाहन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- रात भर ड्यूटी करने के बाद सुबह घर जा रहा था चौकीदार
- वाहन चालक का सुराग लगाने के लिए चेक पोस्ट में चेकिंग

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कबरई क्रशर से रात में ड्यूटी कर सुबह साइकिल से घर जा रहे चौकीदारी को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह साइकिल के साथ हाईवे पर गिर गया। अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक तेज रफ्तार के साथ भाग निकला।

कबरई के विशाल नगर मोहल्ले के रहने वाले मोहन तिवारी (65) कस्बे के ही एक क्रशर में चौकीदारी करता था। शनिवार की शाम वह घर से क्रशर ड्यूटी के लिए पहुंचा था। रात भर क्रशर में ड्यूटी करने के बाद रविवार की सुबह करीब सात बजे वापस साइकिल से घर जा रहा था, तभी क्रशर से कुछ आगे पहुंचने के बाद तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे चौकीदार की मौके पर ही सड़क पर गिरने के बाद मौत हो गई।


हादसे के बाद अस्पताल में जुटी ग्रामीणों की भीड़। अमृत विचार

दुर्घटना के बाद आसपास के लोग दौड़ पड़े और घायल को अस्पताल ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था कर रहे थे, इसी बीच चौकीदार ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद भागे अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस जुट गई है। चेक पोस्ट पर वाहनों की इंट्री देखी जा रही है, लेकिन आभी तक पुलिस वाहन चालक का सुराग नहीं लगा सकी है।

# प्रतिबंधित लकड़ी से भरा ट्रक किया जब्त

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** वन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण और अवैध लकड़ी तस्करी पर रोक लगाए जाने को लेकर समय समय पर जिले में अभियान चलाया जाता है। कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कालीपहाड़ी गांव के पास चेकिंग के दौरान वन विभाग ने एक ट्रक को प्रतिबंधित छेवला की लकड़ी को वैध दस्तावेज न मिलने पर पकड़ा। वन अधिनियम के तहत ट्रक को कब्जे में लेकर लकड़ी को जब्त कर खड़ा करा लिया गया है।

वन क्षेत्राधिकारी राजू श्रीवास ने बताया कि जिले के कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम कालीपहाड़ी के समीप विभागीय टीम गश्त पर थी तभी एक तेज रफ्तार ट्रक उनकी तरफ आता दिखा। टीम के संदेह होने पर ट्रक संख्या- यूपी 75 एटी 1347 को रोका और तलाशी लेने पर ट्रक में प्रतिबंधित छेवला की लकड़ी मिली। इस सम्बंध में चालक से कागजात मांगे गया, लेकिन वह वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। वन अधिनियम


वन विभाग की ओर से जब्त हुआ ट्रक।

के तहत ट्रक को जब्त कर पुलिस लाइन स्थित वन विभाग कार्यालय में खड़ा करवा दिया और विभाग ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन अधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि लकड़ी कहां से काटी गई और कहां ले जाई जा रही थी।

एक तरफ सरकार पौधरोपण में लाखों रुपए खर्च कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कुछ तस्कर राजनीतिक संरक्षण में जंगलों व वनों को उजाड़ रहे है, जिससे जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिनका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा। इस समस्या से निपटने के लिए वन विभाग ने जिले में अवैध कटान और लकड़ी तस्करी को लेकर अभियान चलाकर तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# तेज गर्जना से धड़ाम हो गए कई इंसुलेटर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** बीती रात आंधी पानी के साथ हुई तेज गर्जना के चलते 33 केवी लाइन के डेढ़ दर्जन इंसुलेटर ध्वस्त होने से सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन की आपूर्ति ठप हो गई। जिससे एक दर्जन गांव अंधेरे में डूब गए। सुबह जल आपूर्ति न होने से लोगों को हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ा। 16 घंटे बीत जाने के बाद आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। विद्युत विभाग की टीमें मरम्मत करने में जुटी है।

शनिवार की रात 12:00 बजे आंधी पानी के साथ हुई तेज गर्जना के चलते 132 केवी पावर हाउस से सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन के लिए गई 33 केवी लाइन के 16 इंसुलेटर ध्वस्त हो गए। इससे दोनों पावर हाउस से जुड़े एक दर्जन से ज्यादा गांव में अंधेरा पसर गया। वहीं सुबह कहीं भी जलापूर्ति नहीं हो सकी। इससे लोग परेशान रहे। 16 घंटे बीत जाने के बाद आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। दोनों पावर हाउस का कार्यभार संभाल रहे जेई महेश चंद तिवारी ने बताया कि विद्युत कर्मियों की टीमें मरम्मत कार्य में जुटी हैं। शाम तक आपूर्ति बहाल होने की संभावना है।

# दीवार ढहने से मजदूर दबा, झांसी हुआ रेफर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर कोतवाली के बारात पहाड़ी गांव में रविवार को दोपहर के समय एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर जाने से एक मजदूर मलबे में दब गया। श्रमिकों की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े और मलबे में दबे श्रमिक को निकालकर गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया है।

कालीपहाड़ी गांव निवासी बलराम गांव के ही धर्मेंद्र अहिरवार के यहां निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। वह दीवार के पास लाल मोरम की खुदाई कर रहा था। इसी दौरान दीवार हिलने लगी और दीवार का संतुलन बिगड़ गया, जिससे दीवार गिर गई। दीवार गिरते ही शोरगुल मचाने लगा।

शोर शराबा सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े और मजदूरों की मदद से आनन-फानन में मलबा हटाकर मलबे मे दबे मजदूर को


जिला अस्पताल में हुआ इलाज।

- शोरशराबा सुनकर ग्रामीणों ने मलबे से बाहर निकाला

बाहर निकाल कर उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर ट्रामा सेंटर झांसी के लिए रेफर कर दिया है।

घायल श्रमिक को परिजनों ने मेडिकल कालेज झांसी में भर्ती करा दिया गया है, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद गांव मे निर्माण कार्य बंद हो गया है और गांव में सन्नाटा दिखाई दे रहा है। मजदूर के परिजनों ने हादसे की जांच कराए जाने की मांग की है। इस घटना से निर्माण कार्य कर रहे अन्य श्रमिकों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

# सात दशक बाद भी चकबंदी नहीं

**सुमेरपुर।** स्वतंत्रता के 75 वर्षों बाद भी हमीरपुर जनपद के औद्योगिक नगर सुमेरपुर में चकबंदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि वर्षों से दबंगों के हस्तक्षेप के कारण चकबंदी की प्रक्रिया बार-बार बाधित होती है।

किसान संजय त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा है कि जब भाजपा सरकार सत्ता में आई थी, तब क्षेत्रवासियों को उम्मीद जगी थी कि अब सुमेरपुर में चकबंदी अवश्य होगी और किसानों को उनकी जमीन का समुचित अधिकार मिलेगा।किसानों का कहना है कि चकबंदी न होने से भूमि विवाद, असमान खेती और सरकारी योजनाओं का लाभ न मिल पाने जैसी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं। किसानों की मांग है कि मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले में हस्तक्षेप करें और सुमेरपुर में शीघ्र चकबंदी प्रक्रिया शुरू कराएं, जिससे क्षेत्र में खेती व्यवस्थित हो सके।

# आंधी में सड़क पर पेड़ गिरा, आवागमन रुका

संवाददाता, जैतपुर

**अमृत विचार।** शनिवार रात तेज आंधी की चपेट में आने से अजनर बेलाताल रोड पर कई पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित रहा। जिससे लोगों को यात्रा करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। देर रात में पहुंची वन विभाग की टीम ने सड़क पर पड़े पेड़ों की कटान कर आवागमन शुरू कराया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

शनिवार की रात को अचानक हल्की बारिश के साथ तेज आंधी चलने लगी। तेज आंधी की चपेट में आकर कई पेड़ बेलाताल मार्ग पर गिर गए। जिससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। सड़क पर पेड़ पड़े होने के कारण ग्रामीणों का कई गांव से संपर्क टूट गया। कुछ गांव के लोगों को कई किलो मीटर का चक्कर लगाकर अपने घर


बेलाताल-अजनर मार्ग पर गिरा पेड़।

तक पहुंचनाा पड़ा। वन विभाग की टीम भी देर रात में पेड़ो की कटान के लिए पहुंची। जिससे कई गाड़ी चालकों को यात्रा करने के लिए पेड़ कटने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। तेज आंधी के बाद कई स्थानों पर पेड़ गिरने के साथ साथ बिजली के तार भी टूटकर गिर गए, जिससे बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। इससे लोगों की रातों की नींद हराम हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से दशकों पुराने पेड़ों और दयनीय स्थिति में खड़े पेड़ों की पहले से ही कटान कराने की मांग की है।

# गैस रीफिलिंग में लगी आग, 4 लोग झुलसे

**राठ।** कस्बे के बजरिया चौराहे पर चाय की दुकान में गैस रीफलिंग के दौरान लीकेज होने से सिलेंडर में आग लग गई। हादसे में दुकानदार सहित चार लोग झुलस गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

कस्बे के मुगलपुरा बजरिया निवासी मुईद बजरिया चौराहे पर चाय की दुकान खोले है। मुईद रविवार की दोपहर अपनी चाय की दुकान में बड़े एलपीजी सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफलिंग कर रहा था। तभी अचानक लीकेज हो रहे गैस सिलेंडर में आग लग गई।

इस हादसे में गैस रीफिलिंग कर रहे 45 वर्षीय मुईद, उसका बड़ा भाई 55 वर्षीय सईद निवासी मुस्करा, 30 वर्षीय हिमांशु पुत्र सुदर्शन सहित चाय पी रहा सैदपुर गांव निवासी जयपाल पुत्र रामप्रसाद झुलस कर घायल हो गये। घायलों को इलाज के सीएचसी ले जाया गया। जहां सभी का उपचार कर दिया गया है।


स्थापना दिवस पर धुरिया समाज के नेता को सम्मानित करते लोग।


मछुआ समाज के लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। अमृत विचार

# संगठित होने से ही समाज का भला संभव

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय वेद व्यास महासभा (ट्रस्ट) एवं मछुआ समाज की ओर से रविवार को मान सरोवर मंदिर परिसर में स्थापना दिवस मनाया गया, जिसमें समाज के अधिक से अधिक लोगों ने शिरकत की। स्थापना दिवस पर समाज को एक जुट करने का आहवान किया। कार्यक्रम का संचालन बलदेव प्रसाद रैकवार एडवोकेट ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश कश्यप ने कहा कि समाज को संगठित होने की जरूरत है। उन्होने कहा कि जब तक मछुआ समाज एक जुट नही होगा समाज का भला नही हो सकता। उन्होने कहा कि समाज को अनुसूचित जाति का आरक्षण मिलना चाहिए। बिना आरक्षण के समाज तरक्की नही कर सकेगा। उन्होने कहा कि समाज अलग अलग गुटो में बटा होने के कारण समाज के लोगों को कोई लाभ नही मिल पा रहा है।

विशिष्ट अतिथि राम गोपाल रैकवार ने कहा कि मछुआ समाज अति पिछड़ा हुआ है। उन्होने समाज के लोगों से आहवान किया कि वह अपने अपने बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाए। समाज की तरक्की के लिए लोगों का शिक्षित होला जरूरी है। अतिथि संतोष कुमार धुरिया ने कहा कि आने वाली पीढी हो शिक्षा के लिए पे्ररित किया जाए, जिससे आगे चलकर समाज के लोग शिक्षित निकलें। बिना शिक्षा के लोग आने अधिकारों को नही समझते है। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष देशराज रैकवार, बलदेव प्रसाद रैकवार, डा. अखिलेश रैकवार, राजेश कश्यप, रामचरन, कुलदीप रैकवार, गनेश प्रसाद, किशन रैकवार कमलेश रैकवार आदि लोग उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर संकल्प सभा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने कस्बे के एक गेस्ट हाउस में संकल्प सभा की, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सदर विधायक युवराज सिंह मौजूद रहे।

सभा में पूर्व विधायक ने कहा कि मोदी सरकार आने के बाद देश में बहुत बदलाव हुए हैं। देश ने विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। सांस्कृतिक और धार्मिक विरासतों का भी पुनरुत्थान हुआ है। गांव, गरीब और किसानों के हित में भी अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। किसान सम्मान निधि के साथ कृषि उत्पादों के मूल्यों में वृद्धि की गई। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारत में निवेश के लिए विभिन्न सुविधाएं दी गईं। अर्थव्यवस्था को गति मिली और आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित भारत बनाने के मार्ग पर बढ़ रहा है। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कामता कुशवाहा, हरनारायण हिंदू, रामविलास श्रीवास, कार्यक्रम संयोजक विनय भटनागर, दीपक सिंह, अभय यादव, भोला कुशवाह, अखिलेश सिंह गौर, अभिषेक त्रिपाठी, रामबालक प्रजापति, शिवम गुप्ता, दीपक पांडेय, कालका सविता आदि रहे। संचालन दिनेश द्विवेदी ने किया।

# 'आडंबर की आड़ में धरम को धंधा बनाया'

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में शहर के मोहल्ला कटकुलवापुरा स्थित कबीर आश्रम में अमृतवाणी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कबीर आश्रम में भजन पूजन सत्संग के बाद कवियों ने काव्य पंक्तियों के माध्यम से कबीर ज्यंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत विदेश विद्यासन ने सरस्वती वंदना हंस वाहिनी बिराजो आज दाहिनी की प्रस्तुति देकर की।

कवि प्रमोद सक्सेना ने बन्धुत्व प्रेम भाव जगाया कबीर ने, मतभेद द्वेष भाव भगाया कबीर ने प्रस्तुति देकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। लखन लाल चैरसिया ने कबीर पर रचना पढी, मानव तन


कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

अनमोल रतन है इससे अंधविश्वास में मत गवांइए प्रस्तुत की। बरिष्ठ कवि हरिशचंद्र वर्मा ने कबीर जैसा सच्चा कवि नही हुआ रचना प्रस्तुत की। विदेश विद्यासन ने भी आडंबर की आड़ में देखो, धरम को धंधा बनाया। मनमंदिर के वासी को मंदिर में बैठाया रचना सुनाई।

सत्संग में बुंदेली कवि पं. हरीशंकर नायक ने रचना सुनाई, प्रार्थना जो कबीर के किए जाएंगे, दो दुखी है वे सुखी हो जाएंगे। राम स्वरूप राजपूत एडवोकेट

- संत कबीर अमृतवाणी सत्संग में कवियों ने पेश किए भजन

ने कहा कि जिंदगी जियो संत की तरह, जिंदगी मत काटो पैसेंट की तरह। दयाशंकर राठौर ने रचना सुनाई, गुरू निंदा जो कोई करै, ताको भलो न होए।

सांई इंटर डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. एलसी अनुरागी ने मृत्यु भोज प्रथा को जड़ से मिटाने के लिए रचना पढी- संत कबिरा की जयंती मनवाने और भेदभाव है मिटवाने, मृत्यु भोज परम्परा भारी, इसे मिटाए सब नर नारी, स्वस्थ परम्परा होगी जारी प्रस्तुत की। इस मौके पर मां चंद्रिका महाविद्यालय के प्रबंधक अरविंद कछवाह, कामता प्रसाद चैरसिया, राजा राम चैरसिया, सुनील कुमार जोशी आदि उपस्थित रहे।

# तप रहे ट्रांसफॉर्मर, लगे कूलर

संवाददाता, जैतपुर

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर तप रहे हैं। उन्हें जलने से बचाने के लिए विद्युत विभाग ने कूलर लगाकर ठंडी हवा दे रहा है, लेकिन तेजी से बढ रहे तापमान के चलते ट्रांसफार्मरों के फुकने का सिलसिला थम नही रहा है। जिससे भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल है।

जिले में तापमान पूरे शबाब पर है। हालत यह है कि एक तरफ ट्रांसफार्मर कम क्षमता के होने और लोड अधिक होने से ट्रांसफार्मर अधिक गर्म हो रहे हैं। हालांकि बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मरों की हीट कम करने के लिए कूलर लगाए गए है, लेकिन बढती तपिश के चलते कूलर भी काम नही कर रहे हैं और ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं।

विद्युत विभाग ने इस साल


ट्रांसफॉर्मर के पास लगाया गया कूलर।

भीषण गर्मी और हीट को देखते हुए ट्रांसफार्मरों को बचाने क लिए ट्रांसफार्मरों में कूलर लगा दिए है। इससे थोड़ी हीट तो कम हुई लेकिन बढते तापमान के आगे कूलर भी फेल हो गए है। जिसके चलते ट्रांसफार्मर गर्म होने के बाद फुक रहे है। इसका खामियाजा बिजली उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। हालात यह है कि ग्रामीण अंचलों के कई ट्रांसफार्मर फुंके पड़े हैं।

करें योग-रहें निरोग

जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कीरत सागर तट पर अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह की कराई शुरुआत

# अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह के पहले दिन हुआ योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य' के लिए योग के अंतर्गत कीरत सागर तट के आल्हा मंच पर रविवार को जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने दीप प्रज्ज्वलित कर योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इसके बाद अधिकारियों, कर्मचारियों, समाजसेवियों के अलावा अन्य लोगों ने योगा किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि युवा एवं वृद्धजन योग से जुड़ें। योग न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखने का जरिया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पूरी दुनिया यह जानती है कि बहुत सारे ऐसे रोग हैं, जो योग से ठीक किए जा सकते हैं। इस पूरे योग


योगाभ्यास करते अधिकारी और आम नागरिक। अमृत विचार

सप्ताह में जिले में गतिविधियां हो रही हैं। खासकर ऐतिहासिक स्थल, तालाब के किनारे, गांव के स्कूलों में जो गतिविधियां हो रही हैं, उससे हर व्यक्ति जुड़ें और दिनचर्या में योग को सम्मिलित करें।

उन्होंने कहा कि जिले में हर व्यक्ति अपने स्वास्थ्य के मनोयोग से योग करने का प्रण ले। इस समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संतोष चौरसिया, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त रामप्रकाश, डीसी मनरेगा, समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, शरद तिवारी आदि ने भी योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन सीएल साहू ने किया। योग प्रशिक्षकों में सचिन गुप्ता, शिखा अरजरिया, सुशील कुमार, राकेश गुप्ता ने योग कराया और बीके सुधा ने ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. ममता वर्मा, डॉ. रामकिशोर, डॉ. विकास कुमार, डॉ. आदित्य मोहन अवस्थी, डॉ. अभिलाषा, डॉ. बृजराज, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित देवरिया उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में लगभग 250 योग प्रेमियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश कुमार, यशपाल, जितेन्द्र, पुष्पेन्द्र, विपिन का विशेष सहयोग रहा।

# मौदहा में विकसित भारत संकल्प सभा

**मौदहा (हमीरपुर)।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने संकल्प सभा आयोजित की। मुख्य अतिथि हमीरपुर चेयरमैन कुलदीप निषाद ने केन्द्र सरकार की योजनाओं का गुणगान किया।

उन्होंने कहा कि मोदी ने अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का काम किया है। इसके लिए योजनाएं ऑनलाइन की गई है। वरिष्ठ नेता जगदीश प्रसाद व्यास ने कहा कि देश सुरक्षित ही नहीं विकास की ओर अग्रसर है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार में युवाओं को कुटीर उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष अनूप सिंह सभा संयोजक प्रहलाद सिंह, रेनु अनुरागी, उमा दीक्षित राकेश सोहाने, नितिन ओमर सुबोध गुप्ता, छोटेलाल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# ताड़का वध देखने को जुटी भीड़

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी ब्लाक के टोलासोयम गांव में श्री विष्णु महायज्ञ में आदर्श रामलीला एवं नाटक संगीत समिति भटेवर के कलाकारों ने ताड़का वध की लीला का मंचन किया, जिसका दर्शकों ने देर रात तक भरपूर आनंद लिया। कलाकारों ने श्रीराम जन्म, मुनि आगमन, ताड़का वध, पुष्प वाटिका की लीला का मंचन कर मनोरंजन कराया। रामलीला देखने के लिए दर्शक डटे रहे।

रामलीला की शुरुआत में संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने तबला वादन से शोलो वादन प्रस्तुत किया। शोलो वादन में उन्होने तबले से बनारस और दिल्ली घराने के अनेक बोल पेश कर दर्शकों को आनंदित किया। इसके बाद संगीताचार्य ने तबले से रेल गाड़ी और हवाई जहाज की आवाज


रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

- टोलासोयम गांव के विष्णु महायज्ञ में रामलीला का आयोजन

सुनाकर दर्शकों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। रामलीला में प्रभु श्रीराम का जन्म आयोध्या में राजा दशरथ के महलों में हर्षोल्लास के साथ हुआ। राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघन जब कुछ बड़े हुए तो मुनि विश्वामित्र अपनी यज्ञ रक्षा के लिए राम और लक्ष्मण को मांग ले जाते हैं और अपने यज्ञ की पूर्णाहुति करते हैं। विश्वामित्र का अभिनय संजय मिश्रा ने किया। दशरथ का जीवंत अभिनय महेश्वरीदीन तिवारी ने किया। व्यास पीठपर बद्री प्रसाद शर्मा ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया। श्रीराम का अभिनय राहुल तिवारी और लक्ष्मण का किरदार संजीव कुमार ने निभाया। ताड़का का अभिनय लालजी दीक्षित ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान रामसेवक तिवारी, यज्ञाचार्य पं. देवीशंकर शास्त्री उपस्थित रहे।



योगाभ्यास कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करती सीडीओ अमृतपाल कौर।




राजापुर में योगा का संकल्प लेते लोग। अमृत विचार

# जीवन में नई ऊर्जा का प्रवाह करता है योगाभ्यास

## अटल पार्क में योग पखवारे के तहत कार्यक्रम की हुई शुरुआत

- सीडीओ अमृतपाल कौर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया
- 21 जून को मनाया जायेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कोठी तालाब स्थित अटल पार्क में रविवार को योग पखवारे के तहत योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि योग जीवन में नई ऊर्जा का प्रवाह करता है।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, अध्यक्ष जिला कोआपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने दीप प्रज्ज्वलन से की। सीडीओ ने कहा कि योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। यह भारतीय संस्कृति की धरोहर है। योगाभ्यास शरीर व मन मस्तिष्क के लिए अतिआवश्यक है। यह शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मांसपेशियों में ताकत के लिए भी फायदेमंद है। बताया कि 15 से 21 जून तक विभिन्न स्थानों पर योगाभ्यास किया जाएगा। पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक नरेंद्र नरायण चंद्रवंशी व मंजू केशरवानी ने योगाभ्यास कराया। इस दौरान हेमंत सिंह, रामसागर चतुर्वेदी, डा. धीरेंद्र विजौरिया, डा आशुतोष तिवारी आदि मौजूद रहे। संचालन साकेत बिहारी शुक्ला ने किया।

### नियमित योगाभ्यास करने का लिया संकल्प

- **राजापुर चित्रकूट** । तहसील प्रांगण में योग पखवाड़े के पहले दिन उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन व तहसीलदार भारत प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। लोगों ने नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। उप जिलाधिकारी ने योग का महत्व बताया। योगाभ्यास में प्रशिक्षक गणेश शंकर, लेखपाल प्रदीप तिवारी, प्रदीप, दिनेश, राम सजीवन यादव, विमल पाल, कैलाश नाथ, पुष्पांजलि एडवोकेट, रवि कटियार, आनंद यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## क्षेत्राधिकारी यातायात ने की विवेचकों की समीक्षा, दिये निर्देश

**चित्रकूट।** क्षेत्राधिकारी यातायात फहद अली ने रविवार को क्राइम ब्रान्च,एचटीयू, साइबर थाना के समस्त विवेचकों के कामों की समीक्षा की। उन्होंने विवेचकों से लंबित विवेचना का कारण पूछकर गुण दोष के आधार पर विवेचना के शीघ्र निस्तारण करने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी एचटीयू शिवमूरत यादव ,प्रभारी क्राइम ब्रांच अजीत कुमार पांडेय, निरीक्षक विनोद कुमार राय, निरीक्षक राकेश मौर्या व अन्य विवेचक मौजूद रहे।

## घायल युवक की उपचार के दौरान गई जान

**इटावा।** थाना वैदपुरा क्षेत्र के अंतर्गत वैदपुरा के पास तीन दिन पूर्व सडक हादसे में अरविंद 26 वर्ष पुत्र रमेश चन्द्र निवासी नगरिया भाटी कुर्रा मैनपुरी घायल हो गया था उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।



स्थापना दिवस पर श्रद्धालुओं को शर्बत पिलाते जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

## कैंची धाम का स्थापना दिवस मनाया गया

**राजापुर चित्रकूट** । नगर पंचायत प्रांगण में रविवार को नीम करौली बाबा के कैंची धाम के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम हुआ।

पूर्व विधायक मानिकपुर आनंद शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष बीजेपी चंद्र प्रकाश खरे व नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने अवतार बाबा जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा अर्चना की और श्रद्धालुओं ने लोगों को शर्बत, ठंडाई और लस्सी का वितरण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि 15 जून 1976 को इस धाम की स्थापना हुई थी। यह धाम कैंची धाम के नाम से जाना जाता है यह उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित है। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां मांगी गई मन्नतें अवश्य पूर्ण होती हैं और बाबा नीम करौली को संकट मोचन हनुमान जी का अवतार माना जाता है। इस मौके पर सुनील मिश्रा, मनोज जायसवाल, राजीव कौशल, विकास जायसवाल, अमित सोनी, वीरेंद्र पांडेय, हिमांशु जायसवाल आदि मौजूद रहे।

पहल



**नि :शुल्क शिक्षा देने की ललक :** रविवार की सुबह जहां लोग भीषण गर्मी से बचने की कोशिश कर रहे थे, वहीं मवई गांव में युवा शिक्षक अंकुर शुक्ला बच्चों को पेड़ के नीचे शिक्षा देने में जुटे थे। अंकुर द्वारा क्षेत्र में हर रविवार शिक्षा कार्यक्रम चलाया जाता है। वह पिछले कई महीनों से हर रविवार अलग-अलग गांवों में जाकर कक्षाएं चला रहे हैं। खुद एक सामान्य ग्रामीण परिवार से आने वाले अंकुर कहते हैं कि शिक्षा ही सबसे बड़ा बदलाव है, और वह इस बदलाव का एक सच्चा सिपाही बनना चाहते हैं।

## लुटेरों ने महिला से लूटे बाला, गिरने से घायल

- रनियां थाना क्षेत्र में हाईवे पर लुटेरों ने मारा झपट्टा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** कानपुर नगर से देर शाम पति के साथ घर लौट रही बाइक सवार महिला से रनियां क्षेत्र में हाईवे पर बाइक सवार लुटेरों ने बाला लूट लिया। छीनाझपटी में महिला बाइक से हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग निवासी हिमांशु दुबे प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। शनिवार को वह पत्नी रक्षा उर्फ कोमल (24) के साथ बाइक से कानपुर नगर गए थे। देर शाम करीब 10 बजे वापस लौटते समय रनियां थाना क्षेत्र के उमरन ढाबा के पास हाईवे पर पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने रक्षा उर्फ कोमल पर झपट्टा मारकर बाला लूट लिया। छीनाझपटी में कोमल अनियंत्रित होकर बाइक से हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

पति उसे फौरन उसे अकबरपुर मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया। हिमांशु दुबे ने बताया कि लुटेरे पत्नी के कान से बाले लूट ले गए हैं। इस बारे में रनियां थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि बाइक सवार महिला से बाले छीने जाने की मौखिक सूचना मिली है।



राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी का स्वागत करते समाजसेवी, पत्रकार और व्यापारी। अमृत विचार

## पारदर्शी शासन के लिए आरटीआई जरूरी

- जागरूकता कार्यशाला में बोले राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जन सूचना अधिकार अधिनियम के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए रविवार को राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश ने लोक निर्माण विभाग डाक बंगले में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी ने कहा कि पारदर्शी शासन व्यवस्था के लिए जन सूचना अधिकार आवश्यक है।

राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह सरकार के कामों की जानकारी ले ताकि भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके। वह यह जाने कि उसके क्षेत्र, गांव मोहल्ले में जो भी काम हो रहे हैं, उनकी क्या लागत है, किस गुणवत्ता के साथ काम होना चाहिए। गड़बड़ी की आशंका पर जन सूचना अधिकार के माध्यम से इसकी जानकारी ले सकता है और दोषी पाए जाने पर संबंधित को दंडित भी करा सकता है। बताया कि जन सूचना अधिकार के तहत सूचना लेने के लिए 10 रुपये का पोस्टल आर्डर, नकद या बैंक ड्राफ्ट जन सूचना अधिकारी के पास जमा किया जाता है। इसके अलावा यदि कोई आवेदक कोई सूचना ज्यादा पेज में मांग रहा है तो उसके लिए अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है। इस शुल्क की मांग जन सूचना अधिकारी 30 दिन के अंदर आवेदक से करेगा। जो अधिकारी 30 दिन के अंदर आवेदक से फीस नहीं मांगता तो फिर जन सूचना अधिकारी को निशुल्क सूचना देनी पड़ेगी। अब आयोग ने सूचना अधिकार की सुनवाई के लिए हाईटेक व्यवस्था की है। ऑनलाइन सूचना मांग सकते हैं सुनवाई भी ऑनलाइन हो सकती है। राज्य सूचना आयुक्त को भगवान कामतानाथ का चित्र भेंट किया गया। कार्यशाला में इस मौके पर संकटमोचन मंदिर छतरपुर के महंत परमात्मा दास, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ओम केशरवानी, महामंत्री गुलाब गुप्ता, अशोक केशरवानी, जानकी प्रसाद, डा. संग्राम सिंह, अरुण त्रिपाठी, शंकर प्रसाद यादव, रतन पटेल, प्रवीण यादव, महेश जासवाल, संजय सिंह, सुरेश अनुरागी सुभाष चंद्र मिश्र, राजकिशोर पाल आदि मौजूद रहे। कार्यशाला के संयोजक बीपी पटेल ने सभी का आभार व्यक्त किया। बाद में उन्होंने तीर्थक्षेत्र में भगवान कामतानाथ के दर्शन किए।

## आस्था का केंद्र है नांदी का प्राचीन हनुमान मंदिर

- मान्यता है कि तुलसीदास यहां पूजा करने आते थे

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

**अमृत विचार।** नांदी का प्राचीन हनुमान मंदिर आस्था का केंद्र है। यहां हर मंगलवार और शनिवार को आस्थावानों की भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि यह वह हनुमान मंदिर है जिसमें पूजा अर्चना करने राजापुर से महान संत तुलसीदास रोजाना आया करते थे।

ब्लॉक मुख्यालय पहाड़ी से महज आठ किलोमीटर दूर नांदी गांव में सुप्रसिद्ध हनुमान जी का मंदिर है, जो पूरे जिले में ही नहीं आसपास के जिलों में प्रसिद्ध है। रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी पूजित बजरंग बली की मनोहारी प्रतिमा नांदी गांव में स्थापित है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि मान्यता है कि गोस्वामी तुलसीदास अपने गुरु की आज्ञा से बजरंगबली की पूजा करते थे लेकिन उनके आसपास कहीं बजरंगबली का मंदिर न होने के कारण उन्हें इधर उधर भटकना पड़ता था। बिना पूजा वह भोजन नहीं करते थे। एक दिन उन्हें एक श्वेतकेशधारी साधु मिला जिसने उन्हें दक्षिण दिशा की ओर 10 मील पलाश के जंगलों में जाने को कहा। बताया कि वहां पर हनुमान जी की दिव्य मूर्ति है, वहां तुम पूजा कर सकते हो। तभी से वहां तुलसीदास वहीं पूजा करने लगे। बाद में गांव वालों ने मूर्ति निकाल स्थापना करने की सोची लेकिन मूर्ति के दाहिने पांव का कहीं ओर छोर नहीं मिला। धीरे धीरे वहां पर मंदिर का निर्माण किया गया और आज हनुमान जी का विशाल मंदिर बना हुआ है। मंदिर के पुजारी महंत महेंद्र दास ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर सुंदरकांड का पाठ संकीर्तन व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है हनुमान जी की विशेष पूजा की जाएगी।



मंदिर में हो रहा अखंड कीर्तन। अमृत विचार



मंदिर के पुजारी महंत महेंद्र दास।

### चौबीसों घंटे चलता है अखंड संकीर्तन

लोग बताते हैं कि बजरंगबली की प्रेरणा से आसपास के दर्जनों गांव के लोगों ने अखंड संकीर्तन करना शुरू किया। 22 जनवरी 1998 से सीताराम संकीर्तन आज भी लगातार चल रहा है जिसमें इलाके के नांदी, जरिहा, अनिपुर, हरदौली, खरसेडा, रंपुरिया, डांढिया, बक्टा, सिकरिया, आनन्दपुर, शाहपुर, सिहंपुर, लोहदा, पथरा, पिपरोदर, बछरन, अर्जुनपुर, गौहानी, गढवारा, छीबो, रगौली, जमहिल, बूढा, कपना, इटौरा, सिकरी, हर्रा एवं पहाड़ी सहित 30 ग्राम पंचायतों के लोग बारी-बारी से अपनी हाजिरी देकर कीर्तन करते हैं। साल में एक बार वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। इसमें सभी कीर्तन मंडलियां चित्रकूट जाकर परिक्रमा करने के बाद वापस लौटती हैं। फिर भंडारे का आयोजन मंदिर और गांवों के सहयोग से किया जाता है।

## वृद्धों को बताये गये उनके अधिकार

**चित्रकूट।** अनुराग कुरील, प्रभारी जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं सचिन कुमार दीक्षित प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के निर्देशन में रविवार को वृद्धाश्रम विनायकपुर में विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस मनाया गया।

गया प्रसाद निषाद मुख्य न्याय रक्षक ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसकी शुरुआत की। बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी अधिकारों, संरक्षण अधिनियमों, योजनाओं और विधिक सहायता सेवाओं की जानकारी देना है। कुलदीप सिंह सहायक न्याय रक्षक ने बताया कि वरिष्ठजनों को उनके अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें शोषण व उपेक्षा से बचाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सेवाओं और जन-जागरूकता अभियानों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## अलग-अलग मामलों के दस वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** एसआई भरतकूप ने वारंटी अमर निवासी ग्राम घुरेटनपुर व दयानिधी उपाध्याय निवासी ग्राम मानपुर को गिरफ्तार किया। पहाड़ी थाने के एसआई सत्यनारायण सिंह ने कमलेश निवासी परसौंजा, सरधुआ एसआई चंद्रमणि पांडेय ने शोभा निषाद निवासी ग्राम लक्ष्मीपुरवा मजरा चिल्लीमल, मानिकपुर एसआई रामेश्वर प्रसाद ने गुडानंद निवासी मऊ गुरदरी, गनीवा एसआई यदुवीर सिंह ने रामकेश पटेल निवासी ग्राम कंधवनिया, राजापुर एसआई सिद्धनाथ राय ने विजय बहादुर यादव निवासी ग्राम पटैयन पुरवा मजरा अतरसुई, एसआई शैलेंद्र कुमार सिंहने संदीप निवासी महुआ, बहिलपुरवा एसआई प्रभाकर उपाध्याय ने लवकुश निवासी शीतलपुर तरौहा और एसआई जुबैर खां ने वारंटी नरेंद्र तिवारी निवासी देवरा को गिरफ्तार किया।

## जिला सूचना अधिकारी को पितृशोक

**चित्रकूट।** जिला सूचना अधिकारी सुरेंद्र कुमार के पिता रूपचंद्र निवासी कनेरी जिला गाजीपुर का रविवार को 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दुखद यह कि 13 जून को उनकी मां मेवाती देवी का निधन हुआ था। जिला सूचना कार्यालय में कर्मचारियों व पत्रकारों ने शोकसभा कर परिवार को दु:ख की घड़ी में भगवान से दु:ख से उबरने की शक्ति और धैर्य देने की प्रार्थना की। स्व. रूपचंद्र राम अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

खेती किसानी | उद्यमिता विद्यापीठ में ग्रामीण कृषण क्रेता और विक्रेता सम्मेलन का हुआ आयोजन

## बाजार के बिना किसानों को उचित मूल्य मिलना संभव नहीं

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** दीनदयाल शोध संस्थान एवं विंध्याचल कृषक उत्पादक संगठन ग्वालियर ( एफपीओ ) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को उद्यमिता विद्यापीठ के लोहिया सभागार में टिकाऊ कृषि विकास के लिए समेकित तकनीकी एवं ग्रामीण कृषक क्रेता-विक्रेता सम्मेलन की शुरुआत हुई। इस मौके पर केंद्र सरकार के सचिव एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. एमएल जाट ने कहा कि बाजार के बगैर किसानों को उचित मूल्य मिलना संभव नहीं है। जब तक उसे उचित मूल्य नहीं मिलेगा तब तक वह खेती से नहीं जुड़ पाएंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमाओं के समक्ष, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन से की गई। विंध्याचल एफपीओ ग्वालियर के निदेशक देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों, खरीदार कंपनियों, शासकीय संस्थाओं एवं कृषि तकनीकी, नवीन अन्वेषण के बीच विचार- विनिमय तथा समाधान केंद्रित संवाद को प्रोत्साहित करना है। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी के कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि किसानों को तकनीक चाहिए और उत्पाद का अच्छा मूल्य मिलना चाहिए। बुंदेलखंड में सरसों एवं मूंग का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है पर खेती के साथ-साथ पशु उत्पादन को भी बढ़ावा आज की जरूरत है। संरक्षित खेती की तकनीक तथा जैव विविधता को संरक्षित एवं संवर्धन करने की आवश्यकता है। खेती से जुड़ी विभिन्न संस्थाएं एवं अच्छे एफपीओ के बीच एमओयू करके बीज उत्पादन को बढ़ावा दिया जा सकता है। दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन को प्रत्यक्ष रूप में धरातल पर उतारने का कार्य नानाजी ने संस्थान के माध्यम से करके दिखाया है। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. पुनीत चौहान सीनियर साइंटिस्ट सीएसआईआर लखनऊ ने किया। इस अवसर पर कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। आईसीएआर के उप महानिदेशक कृषि डॉ. राजवीर सिंह, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय इंफाल के कुलपति डॉ. अनुपम मिश्रा, विंध्याचल एफपीओ ग्वालियर के निदेशक देवेंद्र सिंह भदौरिया, दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, वसंत पंडित, राजेश महाजन साइंटिस्ट एवं क्रेता विक्रेता मौजूद रहे।




आगंतुकों को पौधा भेंट करते अभय महाजन। अमृत विचार

### किसानों को किया गया सम्मानित

- इस अवसर पर कृषि, जैव विविधता एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले केंद्र सरकार से सम्मानित 6 पद्मश्री प्राप्त कृषकों को सम्मानित किया गया। इसमें बाबूलाल दाहिया, कंवल सिंह चौहान, सेठपाल सिंह, भारत भूषण त्यागी, उमाशंकर पांडेय और लक्ष्मण सिंह शामिल हैं।

## आखिरकार एआरटीओ विवेक को जिले से जाना ही पड़ा

- जब तक रहे विवादों से घिरे रहे, अब मुख्यालय से संबद्ध

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



विवेक शुक्ला।

**अमृत विचार।** विवादों में घिरे रहने वाले सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ल को आखिरकार जिले से जाना ही पड़ा। विवेक के तबादले को यहां उनकी कार्यशैली से जोड़कर देखा जा रहा है। उनको मुख्यालय से संबद्ध कर सहायता अधिकारी बनाया गया है।

विवेक शुक्ल जबतक चित्रकूट में रहे विवादों में घिरे रहे। एक बार निलंबित होने के बाद जब उनकी बहाली हुई तो फिर से जिले में ही उनको चार्ज मिला। इसके बाद आयेदिन कोई न कोई विवाद उनके साथ जुड़ता रहा । हाल ही में सदर विधायक सपा अनिल प्रधान ने एआरटीओ शुक्ल पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा था। हालांकि इसके बाद विधायक का एक आडियो वायरल हुआ (जिसकी 'अमृत विचार' पुष्टि नहीं करता), जिसमें अनिल प्रधान किसी ट्रैक्टर को छोड़ने के संबंध में एआरटीओ से बात करते सुनाई दिए थे। हालांकि तब मानिकपुर के पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद यादव ने यह कहा था कि एआरटीओ ने सदर विधायक की नाराजगी की वजह से वाहन नहीं छोड़ा है। उन्होंने यह भी कहा था कि वह किसी अधिकारी का पक्ष नहीं लेते पर वह इसलिए बोले हैं क्योंकि सदर विधायक ने प्रदेश सरकार की जीरो टालरेंस नीति की आलोचना की है। इसके बाद मानिकपुर के अपना दल विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी का वह बयान भी आया था, जिसमें उनका आशय यह था कि जनता के काम के लिए जनप्रतिनिधि अफसरों को फोन करता ही है। सपा सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल ने भी एआरटीओ के खिलाफ मुख्यमंत्री को पत्र भेजा था। बहरहाल, इतने विवादों के बाद यह तय माना जा रहा था कि जिले में एआरटीओ विवेक शुक्ला अब ज्यादा दिन नहीं रह पायेंगे। जब विभाग की तबादला सूची जारी हुई तो उसमें उनका भी नाम था। मुख्यालय से उनको संबद्ध किए जाने के पीछे उनसे जुड़े विवादों को ही माना जा रहा है। हमीरपुर में अब तक कार्यरत रहे सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) रामप्रकाश सिंह को इसी पद पर चित्रकूट भेजा गया है।

## एक नजर

### दिल्ली में 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर गिरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के तेज हवा और बारिश के कारण 100 फुट ऊंचा एक मोबाइल टावर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। सफदरजंग एन्क्लेव के बी-2 ब्लॉक के निवासियों के अनुसार, यह घटना तड़के करीब चार बजे उस समय हुई जब तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

### आरए चंद्रशेखर कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरए चंद्रशेखर को कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में यह जानकारी दी गई। केरल कैडर के 1991 बैच के आईपीएस शेखर वर्तमान में आसूचना ब्यूरो में विशेष निदेशक हैं। नियुक्ति समिति ने 1 अगस्त 2025 को या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से कैबिनेट सचिवालय में शेखर की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

### कुनो राष्ट्रीय उद्यान के पांच चीते मुरैना पहुंचे, दहशत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को सड़क पार करते हुए पांच चीतों को देखा गया। इन चीतों को अफ्रीकी चीतों के घर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 50 किलोमीटर दूर जौरा क्षेत्र में पगारा बांध को पार करते देखा गया। इन चीतों को सुबह खुले में देखकर स्थानीय लोग घबरा गए।

### महिला और उसकी नाबालिग बेटी नदी में डूबी

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में रविवार को विश्वगंगा नदी में 20 वर्षीय महिला और उसकी तीन वर्षीय बेटी डूब गईं। यह घटना तब घटी जब पूनम बेटी के साथ नंदुरा तालुका में नदी के तट पर स्थित निम्बादेवी मंदिर में दर्शन करने गई थीं।

# तदर्थ न्यायाधीश नहीं चाहते हाईकोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बावजूद पांच महीनों में एक भी नाम की सिफारिश नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय द्वारा लगभग पांच महीने पहले मंजूरी दिए जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालय लंबित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के पास उपलब्ध ब्योरे से यह जाहिर हो रहा है।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से वाकिफ लोगों के मुताबिक, अभी तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश नहीं की है। देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, लेकिन 11 जून तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।



- 18 लाख लंबित आपराधिक मामले निपटाने के लिए दी गई थी अनुमति

उच्चतम न्यायालय ने 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामलों के लंबित रहने को देखते हुए 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की इजाजत दे दी थी, बशर्ते इनकी संख्या अदालत के लिए स्वीकृत कुल न्यायाधीशों के पदों के 10 फीसदी से ज्यादा न हो।

### शर्तों में भी ढील दे चुका है उच्चतम न्यायालय

तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल 2021 को दिए गए फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि बाद में विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा। पूर्व सीजेआई एसए बोबडे लिखित फैसले में लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल की अवधि के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इसके बाद भी देश भर में किसी भी उच्च न्यायालय ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की इजाजत देता है। तय प्रक्रिया के मुताबिक, संबंधित उच्च न्यायालय का कॉलेजियम उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें कानून मंत्रालय के न्याय विभाग को भेजता है। इसके बाद न्याय विभाग उम्मीदवारों की जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को भेजता है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय का कॉलेजियम अंतिम फैसला लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।

## बीएसएफ के जवान ने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक शिविर में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी।

घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात करीब 10:30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों जवान बीएसएफ की एक इकाई में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

# वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद नियमों में दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा अनुसंधान संगठन काफी समय से केंद्र सरकार से कर रहे थे मांग

अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा जीईएम पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी खरीददारी करने की अनुमति दे दी है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है।

# म्यांमार के आठ नागरिकों को दो साल की सजा

ठाणे, एजेंसी

महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रह रहे म्यांमा के आठ नागरिकों को दो साल के कारावास की सजा सुनाई और यह अवधि पूरी होने के बाद उन्हें देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जी टी पवार ने 10 जून को सुनाए गए फैसले में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा जारी किए गए शरणार्थी कार्ड भारत में रहने के लिए वैध नहीं माने जा सकते क्योंकि भारत ने 1951 की शरणार्थी संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। अदालत ने आठों लोगों को विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 के तहत दोषी करार दिया और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अन्य आरोपी रियाज अहमद अकबर अली शेख, जो भारतीय नागरिक है को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। उसपर इन लोगों की मदद करने का आरोप था।

- ठाणे में अवैध रूप से रहते हुए किया गया था गिरफ्तार, सजा के बाद निर्वासित करने का आदेश

मामले के अनुसार ठाणे जिले के उत्तन सागरी पुलिस ने 26 फरवरी 2024 को गुप्त सूचना के आधार पर चौकगांव जेट्टी पर छापा मारा, जहां से म्यांमा के आठ नागरिकों को पकड़ा गया था। न्यायाधीश ने फैसले में कहा, हालांकि, आरोपी संख्या एक से आठ के पास यूएनएचसीआर कार्ड हैं, लेकिन भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी समझौता, 1951 और उसके 1967 प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है। ऐसे में निष्कर्ष है कि ये सभी आरोपी विदेशी हैं और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश कर यहां रह रहे हैं।

### काली उत्सव



केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदानिलम में काली उत्सव में भाग लेते लोग। मलयालम महीने मिथुनम के पहले दो दिनों में यह उत्सव कायमकुलम की लड़ाई की स्मृति में मनाया जाता है। एजेंसी

### कंतारा-1 की शूटिंग के दौरान नाव पलटी, ऋषभ शेट्टी समेत 30 लोग बाल-बाल बचे

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कन्नड़ फिल्म कंतारा : चैप्टर 1 की शूटिंग के दौरान एक नाव जलाशय में पलट गई। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 अन्य लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई। यह दुर्घटना जलाशय के उथले क्षेत्र में हुई, जिससे संभावित त्रासदी टल गई। माना जा रहा है कि कैमरे और अन्य शूटिंग उपकरण पानी में डूब गए हैं। नुकसान का आकलन किया जाना अभी बाकी है।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से आठ की मौत

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। एसडीआरएफ की रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे में

- राज्य के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट, कई और जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

सुबह 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस घायल हुए हैं। मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, इनमें अधिकतर मौत बिजली गिरने के कारण हुईं।

### दक्षिण कन्नड़ में रेड अलर्ट, परिवार हटाए गए

**मंगलुरु।** तटीय कर्नाटक में लगातार भारी बारिश और रेड अलर्ट को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों को हटने और सभी नियंत्रण कक्षों एवं मंगलुरु सिटी कॉरपोरेशन को 24 घंटे काम करने का निर्देश दिया है। तहसीलदारों को उच्च सतर्कता बनाए रखने और जीवन रक्षा के लिए बचाव उपकरणों की बहाली तय करने का निर्देश दिया है।

## कोविड 19: देश में 10 और लोगों की मौत मगर सक्रिय मामले घटे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना से मौतों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है।

पिछले 24 घंटों के दौरान



कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आई, हालांकि केरल में कुल मामले सर्वाधिक 2007 है।

# पहलगाम में पटरी पर लौट रहा पर्यटन

पहलगाम, एजेंसी

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के करीब दो महीने बाद पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। ईद की छुट्टियों के बाद स्थानीय लोगों और पंजाब से कुछ लोगों ने चरवाहों की घाटी में आना शुरू कर दिया है। ईद के तीसरे दिन घाटी के अन्य भागों से बड़ी संख्या में कश्मीरी पहलगाम पहुंचे, जिससे यहां पर्यटन व्यापार से जुड़े लोग काफी खुशी हैं।

यह पर्यटन स्थल श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर है। श्रीनगर

- छंटने लगा आतंकी हमले का साया पर्यटकों के प्रति और ज्यादा मित्रवत हुए स्थानीय कारोबारी

के एक युवा नबील भट ने बताया, हम हर साल पहलगाम जाते रहे हैं, भले ही वहां पर्यटकों की भीड़ हो या नहीं। इस साल भी कुछ अलग नहीं था। हालांकि, इस बार हमारा ज्यादा सत्कार किया गया। यहां से छह किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन थम गया था।

श्रीनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी अलीना जान ने कहा, इस बार सेवा प्रदाता स्थानीय लोगों के प्रति अधिक मित्रवत हैं, पिछले वर्षों में ऐसा नहीं था, जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते थे। अधिकांश स्थानीय पर्यटक इस बात से खुश हैं कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम में पार्क खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे इस स्थान पर अधिक लोग आकर्षित होंगे।

एक 'टूरिस्ट हट' के मालिक मोहम्मद इशाक ने कहा, मौखिक प्रचार से बेहतर कुछ नहीं है, कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग ईद के तुरंत बाद आना शुरू हो गए थे, लेकिन संख्या ज्यादा नहीं बढ़ी क्योंकि सभी पार्क बंद होने के कारण उनके पास बैठने के लिए कोई जगह नहीं थी।

## कारोबार/कृषि

# पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान

## विशेषज्ञों ने कहा- जीडीपी में वर्ष 2030 तक हो सकती है 7% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग का विदेशी मुद्रा आय में योगदान 2030 तक 4.5 लाख करोड़ को पार कर सकता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका हिस्सा सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है।

पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन जगत से विदेशी मुद्रा आय 2023 में 2,31,927 करोड़ रुपये थी जो 2024 में 2,77,842 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ द टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष राजीव गोसेन ने कहा कि भारत में पर्यटन के बढ़ने से विदेशी मुद्रा आय भी लगातार बढ़ रही है लेकिन अब भी यह क्षेत्र अपने उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा, भारत का पर्यटन क्षेत्र अगले पांच



- पर्यटन से 2023 में 2.32 लाख करोड़ थी विदेशी मुद्रा आय

वर्षों में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में विदेशी मुद्रा आय 2,77,842 करोड़ रुपये रही और हम करीब 8-10 प्रतिशत की स्थिर वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद कर रहे हैं। यदि ये रुझान जारी रहे, तो 2030 तक पर्यटन क्षेत्र की विदेशी मुद्रा आय 4,50,000 करोड़ रुपये को पार कर सकती है।

जीडीपी में योगदान पर उन्होंने कहा, पर्यटन वर्तमान में जीडीपी में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से

### पिछले साल 96.57 लाख लोग आए भारत घूमने

दुनियाभर से 2024 में 96,57,003 लोग भारत आए। यह 2023 की तुलना में 19 .80 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 28 .35 प्रतिशत की वृद्धि है। इनमें से सबसे अधिक 24 .38 प्रतिशत लोग अमेरिका से आए थे। पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु तलवार ने कहा, यह क्षेत्र हमेशा भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों से यह और स्पष्ट हो जाता है। भारत के सड़क, रेल एवं विमानन अवसंरचना के तेजी से विकसित होने से इसे और बल मिला है।

लगभग पांच से छह प्रतिशत का योगदान देता है। पर्यटन मंत्रालय और विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के आंकड़ों से पता चलता है कि 2030 तक इस क्षेत्र का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अनुकूल नीतियों के साथ बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण और कौशल विकास में निवेश को प्रोत्साहित करना जारी रखा जाए।

रोजगार सृजन पर गोसेन ने डब्ल्यूटीटीसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में इस क्षेत्र में लगभग आठ करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कुल रोजगार का लगभग 12 से 13 प्रतिशत है। प्रत्यक्ष रोजगार में होटल, विमानन कंपनियां, यात्रा संबंधी एजेंसियों व यात्रा परिचालक और अप्रत्यक्ष रोजगार में निर्माण, खाद्य उत्पादन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

# बीमा दावे से न्याय तक नियम और राहत

बीमा एक ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है जो व्यक्ति को आर्थिक जोखिमों से बचाने में सहायक होती है। चाहे वह जीवन बीमा हो, वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या संपत्ति बीमा—किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में बीमित व्यक्ति या परिजनों को वित्तीय सहायता मिलती है। बीमा कराने के लिए कई कानूनी नियम और शर्तें होती हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होता है। बीमा पर दावा करने की एक स्पष्ट प्रक्रिया होती है, जिसमें आवश्यक दस्तावेज़, समयसीमा और प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं। यदि बीमा कंपनी दावा अस्वीकार कर देती है या निपटान में देरी करती है, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम, लोक अदालत या बीमा नियामक प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के समक्ष न्याय की मांग कर सकता है।

### बीमा दावा की प्रक्रिया

- **घटना की सूचना :** बीमा घटना (दुर्घटना, बीमारी आदि) के बाद कंपनी को सूचित करना होता है।
- **दस्तावेज़ों की पूर्ति :** दावा फ़ॉर्म, पॉलिसी नंबर, पहचान पत्र, एफआईआर (यदि लागू हो), अस्पताल या मृत्यु प्रमाण पत्र, बिल आदि जमा करने होते हैं।
- **सर्वेक्षण :** कंपनी सर्वेयर नियुक्त करती है जो नुकसान का मूल्यांकन करता है।



### कानूनी और समाधान के विकल्प

- यदि बीमा कंपनी दावा खारिज करती है या राशि कम देती है तो बीमा लोकपाल, उपभोक्ता फोरम या न्यायालय में शिकायत की जा सकती है।
- भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण बीमा कंपनियों की निगरानी करता है। कोई भी शिकायत उसके पोर्टल पर की जा सकती है।
- बीमा लोकपाल योजना 2017 के तहत 30 लाख रुपये तक के दावों का निपटारा मुफ्त में किया जा सकता है।

### बीमा कराने के नियम

- बीमा लेते समय सही जानकारी दें। वर्ना दावा अस्वीकार हो सकता है। समय पर प्रीमियम भुगतान आवश्यक। देरी से पॉलिसी अमान्य हो सकती है।
- बीमित वस्तु या व्यक्ति के संबंध में सही जानकारी दी जानी चाहिए। इसके साथ पॉलिसी की शर्तों को पढ़ना भी जरूरी है। हेल्थ और लाइफ बीमा में मेडिकल जांच कराना भी जरूरी हो सकता है।

### उपभोक्ता फोरम व लोक अदालतों में विवादों का निपटारा

- हाल के वर्षों में हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावों का निपटारा उपभोक्ता फोरम और लोक अदालतों द्वारा किया गया है।
- हाल में आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 30 दिन के भीतर दावों के निपटान के निर्देश दिए हैं। डिजिटल दावे और व्हाट्सएप पर दावा दर्ज कराने जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं।

# यूपी से दशहरी आम का दुबई को पहला सीधा निर्यात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश के दशहरी आम की खुशबू गल्फ तक पहुंच गई है। एफपीओ को 1200 किलो दशहरी आम का पहली बार सीधा ऑर्डर मिला और इसे दुबई को सीधा निर्यात करके इतिहास रचा गया है।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के अभियान को नई उड़ान मिली है। मैंगो पैक हाउस, रहमानखेड़ा, लखनऊ से दशहरी आम के 1200 किलो (400 पैक, प्रत्येक 3 किग्रा) का कन्साइनमेंट दुबई के लिए रवाना किया गया। यह आम का कन्साइनमेंट वायु मार्ग से लखनऊ से दुबई भेजा गया। आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है। इसका कुल मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कन्साइनमेंट को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित 3 एफपीओ



- दशहरी की खुशबू पहुंची गल्फ तक, एफपीओ ने रचा नया इतिहास
- 1200 किलो आम का एफपीओ को पहली बार मिला सीधा ऑर्डर

को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पर अदाणी ग्रीन एनर्जी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है।

इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं।

# नौकरी-सुधारों के मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राजग की सरकार सत्ता में आई थी, तब आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा- देश बन रहा आर्थिक शक्ति


अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था। सुब्बाराव ने कहा, आज 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गई है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं। हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी बढ़ रही है, आज हम चार ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

## डीएलएफ गुरुग्राम में करेगी 5,500 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी जल्द ही गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में 18 एकड़ की परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' शुरू करेगी। इसमें 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को विकसित करने की अनुमानित लागत करीब 5,500 करोड़ रुपये है।

## एक नजर



जर्मनी की टाटजाना मारिया रविवार को लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप की ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुईं। फाइनल में उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को हरा दिया। ● एजेंसी

### मेडिसन कीज क्वींस क्लब सेमीफाइनल में हारीं

**लंदन :** दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा। दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है। मारिया 2020 के बाद से डब्ल्यूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए। आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं। शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

### पिच से स्पिनरों के लिए भी मदद मिलने की उम्मीदः कुलदीप

**बेकेनहैम :** अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और यह वामहस्त स्पिनर 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच के दौरान पिच से मिली मदद से आत्मविश्वास से लबरेज है। कुलदीप बायें हाथ के एक अन्य स्पिनर (हरफनमौला) रविंद्र जडेजा के साथ अधिक समय बिता रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की है।

### अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर और जूनियर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट 16 से

**मुंबई :** मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपये इनामी ऑरियनप्रो अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है। बारह वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।

# मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे

## भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने टीम के प्रति जताई उदारता

- भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा
- नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भी भूमिका की तैयारी कर रहे गिल

**लंदन, एजेंसी**

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था। उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे। बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है।

गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे। लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा।

गिल ने कहा इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए। गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, श्रृंखला के दौरान और श्रृंखला के बाद भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।

गिल ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती रोहित के रास्ते पर चलना चाहते हैं जिन्होंने हमेशा टीम को व्यक्तिगत खिलाड़ियों से आगे रखा। उन्होंने कहा रोहित भाई ने जिस तरह का माहौल बनाए रखा, भले ही रोहित भाई आपको अपशब्द कह रहे हों, आप इसे अपने दिल पर नहीं लगाएंगे। यह उनका व्यक्तित्व है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी विशेषता है। गिल ने कहा वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है। पच्चीस वर्षीय गिल ने कहा कि उन्होंने रोहित के साथ टीम के भविष्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा यह एक ऐसी बातचीत है जो मैंने रोहित भाई के साथ कई बार की है कि आदर्श रूप से अगले पांच, सात या 10 या 15 वर्षों में हम भारतीय क्रिकेट टीम की संस्कृति को कहां देखना चाहेंगे? गिल ने यह भी कहा कि उन्होंने विराट कोहली के नेतृत्व से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा जब मैं विराट के नेतृत्व में खेला तो मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में क्षेत्ररक्षण या विचारों या उनकी सोच के साथ उनकी सक्रियता कुछ ऐसी थी जो मुझे पसंद थी और मैंने उसे अपनाया। अगर उन्हें लगता है कि यह योजना काम नहीं कर रही है तो वह तुरंत एक और योजना बना लेते हैं, गेंदबाज को बताते हैं कि वह उनसे क्या चाहते हैं। गिल ने नेतृत्व की भूमिका संभालने से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ अपनी बातचीत का सार भी दिया।

भारतीय कप्तान ने कहा वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक नेतृत्वकर्ता के रूप में खुद को अभिव्यक्त कर सकूं।





नई दिल्ली स्थित आईजी स्टेडियम में पहलवान नेहा शर्मा, मुस्कान नांदल और मुस्कान मलिक, कोच मंदीप सिंह के साथ आगामी यू-20 एशियाई चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल जीतने के बाद। ● एजेंसी

# विश्व चैंपियनशिप में मुस्कान दिखाएंगी दम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

पिछले महीने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान ने यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 57 किग्रा के ट्रायल को जीतकर चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का किया। मुस्कान ने फाइनल में महाराष्ट्र की अश्लेषा कल्याण को पटखनी दी। मुस्कान नाम की एक अन्य पहलवान ने 65 किग्रा के ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ही रोशनी को शिकस्त दी।

### क्वालीफाई करने वाली अन्य महिलाएं

**पहलवानों में** श्रुति (50 किग्रा), सारिका (53 किग्रा), रीना (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), अंजलि (62 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) शामिल हैं। **पुरुषों की फ्रीस्टाइल** और ग्रीको रोमन शैली के ट्रायल 14 जून को लखनऊ में आयोजित किए गए। **फ्रीस्टाइल टीम :** अंकुश (57 किग्रा), अनुज (61 किग्रा), अश्वनी (65 किग्रा), सौरभ (70 किग्रा), विवेक (74 किग्रा), अमित (79 किग्रा), सचिन (86 किग्रा), सचिन (92 किग्रा), विशाल (97 किग्रा) और जशपूरन (125 किग्रा)। **ग्रीको रोमन :** नितिन (55 किग्रा), सूरज (60 किग्रा), वरुण (63 किग्रा), योगेश (67 किग्रा), आकाश पुनिया (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), रोहित (87 किग्रा), नमन (97 किग्रा), और जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।

### बीजिंग पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी 16 सदस्यीय भारतीय टीम

**नयी दिल्ली :** भारत की 16 सदस्यीय टीम 17 से 25 जून तक बीजिंग में होने वाले 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी। इस टीम में जैनब खातून, सीमा रानी, झंडू कुमार, जॉबी मैथ्यू, मनीष कुमार और कस्तूरी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावित किया था। भारतीय टीम में शामिल 16 खिलाड़ियों में से सात महिलाएं हैं। खिलाड़ियों के लिए रविवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे। सिंह ने कहा, ''भारत हर टूर्नामेंट के साथ वैश्विक पैरा पावरलिफ्टिंग बिरादरी में खुद को एक ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं।


# आस्ट्रेलिया की हार पर भड़के पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन

- बोले-हेजलवुड का राष्ट्रीय टीम की बजाय आईपीएल को प्राथमिकता देना चौंकाने वाला था


**सिडनी, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने के लिए हमवतन जोश हेजलवुड की आलोचना करते हुए कहा कि इससे लोग उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठायेंगे। हेजलवुड उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद दोबारा शुरू होने पर भारत लौटने का फैसला किया था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार इस खिताब को जीता। हेजलवुड ने आईपीएल सत्र में 22 विकेट लिये। उन्होंने फाइनल में पंजाब के आक्रामक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य को चलता किया। हेजलवुड लॉर्ड्स में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के अहम खिलाड़ी थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में सिर्फ दो विकेट चटका पाये। दक्षिण अफ्रीका शनिवार को पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।



मिचेल जॉनसन



जोश हेजलवुड

जॉनसन ने 'वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' में लिखा हमने हाल के वर्षों में हेजलवुड की फिटनेस को लेकर समस्या देखी है। राष्ट्रीय टीम की तैयारियों के बजाय विलंबित इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी को प्राथमिकता देने के उनके फैसले ने लोगों को चौंका दिया है।'' जॉनसन ने खुद भी आईपीएल के छह सत्र का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है।

# तीरंदाज गाथा, पृथिका ने विश्व कप के लिए ट्रायल जीते

**पुणे, एजेंसी**

तीरंदाजी विश्व कप चरण चार और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में उलटफेर देखने को मिला। अनुभवी अभिषेक वर्मा और तीन बार के ओलंपियन अतनु दास टीम में जगह बनाने से चूक गए, जबकि तीन किशोर सहित चार खिलाड़ियों ने पहली बार टीम में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में महाराष्ट्र की 15 वर्षीय गाथा खडके और शरवारी शेंडे शामिल थीं जिन्होंने चार सदस्यीय महिला रिकर्व टीम में जगह बनाई।

ये दोनों अनुभवी दीपिका कुमारी और अंकिता भकत से पीछे रहीं। क्रमशः युवा और कैडेट विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शरवारी और गाथा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक दीपिका (तीसरे) और अंकिता (चौथे) को पछाड़कर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष दो स्थान हासिल किए थे। हालांकि एलिमिनेशन दौर में दीपिका ने गाथा को पछाड़ दिया और 16.5 अंक के साथ ट्रायल में शीर्ष पर रहीं। अंकिता (13.75), गाथा (13) और शरवारी (11.75) ने टीम में अन्य तीन स्थान हासिल किए। ये चारों मैड्रिड में विश्व कप चरण चार (8-13 जुलाई) में हिस्सा लेंगी जबकि केवल शीर्ष तीन तीरंदाजी ही ग्वांगझू (5-12 सितंबर) में विश्व चैम्पियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अतनु सिर्फ 0.5 अंक से पुरुष रिकर्व में चयन से चूक गए।

# मेसी की इंटर मियामी गोल रहित ड्रॉ खेला

**मियामी गार्डन्स :** लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दायें छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। इससे पहले 60वें मिनट में भी मेस्सी की फ्री किक गोल पोस्ट से टकरा गई थी। अल आहली को इससे पूर्व पहले हाफ में गोल करने का शानदार मौका मिला लेकिन गोलकीपर ऑस्कर उस्तानी ने मध्यांतर से ठीक पहले ट्रेजेगे की पेनल्टी को रोक दिया।



क्लब विश्व कप में लियोनेल मेसी फ्री किक लेते हुए। ● एजेंसी

# भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

**एफआईएच प्रो लीग**

- ऑस्ट्रेलिया ने 2-3 से शिकस्त दी, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से पहले ही मिल चुकी है मात

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा। रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए।

भारत ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए दबदबा बनाया। मैच के तीसरे मिनट में ही संजय के गोल से बढ़त हासिल कर ली। संजय ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर गोल किया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी का गोल दाग दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टिम ब्रैंड के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट (मैच के पांचवें मिनट) के बाद ही गोवर्स ने सर्कल के पास से गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद मैच पर पूरी तरह हावी हो गया। टीम ने अगले कुछ मिनटों में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। बर्न्स ने मैच के 18वें मिनट में गोल कर टीम को 3-1 से आगे कर दिया। पाठक ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को और बड़ी होने से रोक दिया। उन्होंने इस दौरान 24वें मिनट में डेविस एटकिंसन के प्रयास पर कमाल का बचाव किया। भारतीय टीम को मैच के 27 वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम ने दोनों मौकों को जाया कर दिया। मध्यांतर के बाद मैच के 36वें मिनट में शिलानंद लाकड़ा और अभिषेक की मदद से बनाये मौके को दिलप्रीत सिंह ने गोल में बदल कर मैच में भारत को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय रक्षापंक्ति पर दबाव बनाये रखा। ऑस्ट्रेलिया को आखिरी 10 मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन पाठक ने तीनों मौकों पर अच्छा बचाव किया। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।



भारत के जुर्गराज सिंह (बाएं) व ऑस्ट्रेलिया के कूपर बर्न्स (दाएं) गोल का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

### भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया

**लंदन :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है।

टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।

# नक्सल प्रभावित में क्षेत्र में 50 मैदान विकसित होंगे

- प्रशासन की पहल पर सचिन का फाउंडेशन पूरा करेगा काम

**दंतेवाड़ा, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है। स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पीटीआई को बताया इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

उन्होंने कहा इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया। दुदावत ने कहा कि पहले चरण में 50 गांवों में इतने ही खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे।


अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



वाराणसी के नमो घाट पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष योग शिविर की शुरुआत जोश और ऊर्जा से हुई। गंगा तट पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और योगाभ्यास किया। सूर्योदय की स्वर्णिम किरणों के बीच युवाओं का अनुशासित योग प्रदर्शन न सिर्फ शारीरिक और मानसिक संतुलन का प्रतीक बना, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करता दिखा। एजेंसी

# पॉलीग्राफी टेस्ट झूठ पकड़ने की वैज्ञानिक तकनीक

पॉलीग्राफी टेस्ट, जिसे आमतौर पर लाई डिटेक्टर टेस्ट कहा जाता है, एक ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के झूठ बोलने या सत्य कहने का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह परीक्षण व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाओं जैसे कि हृदयगति, रक्तचाप, पसीना और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है जब उससे प्रश्न पूछे जाते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से आपराधिक मामलों में संदिग्धों या गवाहों की सच्चाई की जांच करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। हालांकि यह परीक्षण अदालत में साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होता, फिर भी जांच एजेंसियों के लिए यह एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य करता है।



## पॉलीग्राफी टेस्ट क्या है

- पॉलीग्राफी टेस्ट मनोवैज्ञानिक विश्लेषण होता है, जिसमें मशीन के माध्यम से व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाएं मापी जाती हैं। इसमें एक प्रशिक्षित परीक्षक व्यक्ति से प्रश्न पूछता है और उसकी प्रतिक्रिया के दौरान हृदयगति, रक्तचाप, त्वचा की विद्युत चालकता (पसीना) और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है। माना जाता है कि जब कोई झूठ बोलता है तो उसका शरीर तनाव में आ जाता है, जिससे ये संकेत बदलते हैं।

## इसकी जरूरत क्यों होती है

- पॉलीग्राफी टेस्ट की आवश्यकता तब पड़ती है जब किसी अपराध की जांच में ठोस साक्ष्य नहीं मिलते या जब किसी व्यक्ति की बातों पर संदेह होता है। जांच एजेंसियां इस टेस्ट के जरिए यह समझने की कोशिश करती हैं कि कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा है या नहीं। हालांकि यह परीक्षण सत्य का अंतिम प्रमाण नहीं है, लेकिन यह जांच को दिशा देने में सहायक हो सकता है। यह परीक्षण अक्सर हाई प्रोफाइल मामलों, आतंकवाद, हत्या, बलात्कार या धोखाधड़ी जैसे अपराधों में उपयोग किया जाता है।

## कानूनी पहलू

- भारतीय कानून के अनुसार, पॉलीग्राफी टेस्ट केवल व्यक्ति की सहमति से ही किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटका (2010) के फैसले में स्पष्ट किया है कि बिना सहमति के पॉलीग्राफी, नार्को और ब्रेन मैपिंग जैसे टेस्ट करवाना व्यक्ति के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 20(3) – आत्म-साक्षी न बनने का अधिकार) का उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति सहमति देता है, तो भी कोर्ट की अनुमति आवश्यक होती है।

## अपराध के खुलासे में भूमिका

- पॉलीग्राफी टेस्ट सीधे अपराध सिद्ध नहीं करता, यह जांच के दौरान उपयोगी सूचनाएं दे सकता है। इससे जांचकर्ता समझ सकते हैं कि कौन-से बयान संदेहास्पद हैं और किन बिंदुओं पर जांच की जरूरत है। यह टेस्ट संदिग्ध की मानसिक स्थिति का संकेत देता है, जिससे गहन पूछताछ की जा सकती है।

## जांच में सहायक

- पॉलीग्राफी टेस्ट अपराध जांच में एक सहायक उपकरण है, लेकिन इसे वैज्ञानिक प्रमाण या कानूनी साक्ष्य के रूप में नहीं माना जाता। इसकी उपयोगिता तभी है जब इसे कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जाए और इसकी रिपोर्ट को विवेकपूर्ण ढंग से देखा जाए।

# इजराइल-ईरान में संघर्ष जारी, वार्ता रद्द

## इजराइल ने दी जोरदार हमले की धमकी, ईरानी मिसाइलों ने दिया वायु रक्षा प्रणाली को चकमा

दुबई, एजेंसी

इजराइल ने रविवार को तीसरे दिन भी ईरान में हवाई हमले किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलें दागनी जारी रखीं, जिसमें से कुछ मिसाइलें इजराइली वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देकर मध्य इलाके में इमारतों पर गिरीं। इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई।

शुक्रवार को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर की बमबारी में कई शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में लंबे संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। इजराइल ने कथित तौर पर एक गैस प्रतिष्ठान को निशाना बनाया, जिससे ईरान के प्रतिबंधित ऊर्जा उद्योग पर व्यापक हमले की संभावना बढ़ गई है और इसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल की कार्रवाई के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही ईरान को चेतावनी दी कि वह नए परमाणु समझौते पर सहमत होकर ही तबाही से बच सकता है। रविवार को तेहरान तथा देश के अन्य हिस्सों से भी नए विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं, लेकिन ईरान ने इसकी कोई जानकारी



तेल अवीव पर ईरान की मिसाइलों को रोकती इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली।

नहीं दी कि कितने लोग हताहत हुए हैं।

वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा था कि 78 लोग मारे गए हैं तथा 320 घायल हैं। इजराइल की बचाव सेवा मैगन डेविड एडोम के अनुसार इजराइल में शनिवार रात भर और रविवार को हुए ईरानी हमलों में 10 लोग मारे गए हैं।

चीन के विदेश मंत्री ने कहा कि परमाणु स्थलों पर हमले ने एक खतरनाक मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल के अब तक के हमले आने वाले दिनों में हमारी सेना द्वारा किये जाने वाले हमलों की तुलना में कुछ भी नहीं हैं। वहीं, ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। अमेरिका तथा अन्य देशों का आकलन है कि ईरान ने 2003 के बाद से कोई हथियार विकसित नहीं किया है।

### यदि इजराइली हमले बंद हो जाएं तो हमारी जबावी कार्रवाई भी रुक जाएगी : ईरानी विदेश मंत्री

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर उनके देश पर इजराइल के हमले बंद हो जाएं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी रुक जाएगी। अराघची ने तेहरान में राजनयिकों के समक्ष यह टिप्पणी की। शुक्रवार को इजराइली हमले शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए। उन्होंने कहा, अगर आक्रामण बंद हो जाते हैं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी बंद हो जाएगी। इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### इजराइल ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखाने को खाली करने को कहा, नए हमलों की आशंका

**दुबई।** इजराइल सेना ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखानों को खाली करने की चेतावनी दी, जिसके बाद नए हमलों की आशंका बढ़ गई है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने 'एक्स' पर ईरान को फारसी भाषा में चेतावनी जारी की। अद्राई ने पूर्व में गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी, लेबनान और यमन में अन्य हमलों का संकेत दिया था। उनकी यह चेतावनी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल अपने हमले बंद कर दे तो तेहरान भी इजराइल पर अपने हमले बंद कर देगा।

### इजराइल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय को बनाया निशाना

**दुबई।** इजराइल ने रविवार को ईरान पर व्यापक हमला किया और उसके ऊर्जा उद्योग तथा रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाया, वहीं ईरान ने भी इजराइल के खिलाफ जवाबी हमले तेज करते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। दो दिन पहले इजराइल द्वारा तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद दोनों देश हमला और जवाबी हमला करने में लगे हैं। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बीच तेहरान में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इजराइल के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि ईरान के हमले से देश भर में कई स्थानों पर लोगों की मौत हुई है। इजराइली आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि गैलिली क्षेत्र में एक इमारत पर हमले के चलते चार लोगों की मौत हो गई, वहीं मध्य इजराइल में हमले में दो महिलाओं और 10 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। ईरान में हताहत हुए लोगों की संख्या के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

# अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- बोले- ईरान पर इजराइल के किए हमले से कोई लेना-देना नहीं

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का ईरान पर इजराइल के किए गए हमले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने अमेरिकी हितों को निशाना बनाने के खिलाफ ईरान को चेतावनी भी दी।

ट्रंप ने शनिवार रात 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान पर इजराइल की ओर से किए जा रहे हमले से अमेरिका का किसी भी प्रकार से लेना-देना नहीं है। अगर हम पर ईरान की तरफ से किसी भी तरह का हमला किया गया तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से ईरान पर टूट पड़ेंगे और वो हश्र करेंगे जो



आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हालांकि हम ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवाकर इस खूनी संघर्ष को खत्म करवा सकते हैं।

### इराक ने अमेरिका से इजरायल को हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से रोकने का किया आग्रह

**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने शनिवार को कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है। इराक ने दोहराया कि वह अपने हवाई क्षेत्र के किसी भी उल्लंघन या उसे ईरान या अन्य पड़ोसी देशों पर इजरायली हमलों के लिए इस्तेमाल किये जाने का सख्त विरोध करता है। इराक ने संकट का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए अब तक अत्यधिक संयम बरता है। इराक को अंतर्राष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता के किसी भी उल्लंघन पर जवाब देने का पूरा अधिकार है। इराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में शिकायत दर्ज की, जिसमें इजरायल के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने की निंदा की गयी।

## एक नजर

### अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम की धमकी

**मुंबई।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को फोन कर परिसर में बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी के बाद वहां कुछ भी नहीं मिला। पुलिस ने रविवार को बताया कि महावाणिज्य दूतावास को शनिवार रात आठ बजे अज्ञात फोन आया, जिसमें धमकी दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### सरकोजी से लीजन ऑफ ऑनर पदक लिया वापस

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी से उनका 'लीजन ऑफ ऑनर' पदक वापस ले लिया गया है। उन्हें राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार और प्रभाव का दुरुपयोग करने का पिछले साल दोषी पाया गया था। यह निर्णय जर्नल ऑफ़िसियल में जारी एक आदेश के ज़रिए लिया गया, जो सरकार की प्रमुख कानूनी जानकारी प्रकाशित करता है। यह 'लीजन ऑफ ऑनर' के नियमों के अनुरूप है। सरकोजी 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे। पद छोड़ने के बाद से वह कई कानूनी मामलों के केंद्र में रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंक रोधी छापेमारी जारी


**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पुंछ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट तहसील के सौजियां और आसपास के क्षेत्रों में आठ स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई पाकिस्तान से जुड़े आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और उनके स्थानीय समर्थकों द्वारा युवाओं को उकसाकर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल किए जाने की साजिश को नाकाम करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### सऊदी में 7 साल जेल के बाद पत्रकार को फांसी

**दुबई।** सऊदी अरब में 2018 में गिरफ्तार आतंकवाद और राजद्रोह के दोषी प्रमुख पत्रकार को फांसी दे दी गई है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, देश की सर्वोच्च अदालत ने पत्रकार तुर्की अल-जासेर की मौत की सजा बरकरार रखी, जिसके बाद शनिवार को उन्हें फांसी दी गई। अधिकारियों ने 2018 में अल-जासेर के घर पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार करके कंप्यूटर और फोन जब्त कर लिए थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई कब हुई और कितने समय तक चली।

# ईरान के साथ एकजुटता से खड़ा है पाकिस्तान : शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता व्यक्त की और इजराइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इजराइल के हमलों की कड़ी निंदा की।



उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। शरीफ ने 'एक्स' पर कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की और इजराइल के अकारण आक्रमण के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने इजराइल के हमलों को क्षेत्रीय, वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया।

# अमेरिका में ट्रंप के विरुद्ध सड़कों पर उतरे लोग

फिलाडेल्फिया (अमेरिका), एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को पूरे अमेरिका में प्रदर्शनकारी सड़कों, पार्कों और चौकों पर एकत्र हुए। उन्होंने शहरों और कस्बों में मार्च निकाला तथा लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के साथ सत्ता-विरोधी नारे लगाए।

नो किंग्स नामक इन प्रदर्शनों के आयोजकों ने कहा कि सैंकड़ों जगहों पर लाखों लोगों ने विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों के बीच छिट-पुट झड़प की खबरें आईं। हालांकि लॉस एंजिलिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पोर्टलैंड में अधिकारियों ने आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यूटा के साल्ट लेक सिटी में पुलिस 1 मार्च के दौरान हुई गोलीबारी की जांच कर रही है, जिसमें एक व्यक्ति




लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के लिए अमेरिका में सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग

घायल हो गया था।

पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड के अनुसार, इस घटना के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि गोलीबारी राजनीति से प्रेरित थी या नहीं और इसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे या नहीं। हमलावर मार्च कर रहे हजारों लोगों के समूह के साथ-साथ चल रहा था। न्यूयॉर्क, डेनवर, शिकागो, ऑस्टिन और लॉस एंजिलिस में बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध मार्च में हिस्सा लिया। अटलांटा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। 'सिएटल टाइम्स' की खबर के अनुसार, सिएटल के अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि शहर की सबसे बड़ी रैली में 70,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

### अमेरिका ने आव्रजन नीतियां ठीक से लागू नहीं कीं : जेपी मॉर्गन

**न्यूयॉर्क/सैन फ्रांसिस्को।** जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और सीईओ जेमी डिमन ने योग्यता आधारित आव्रजन के लिए समर्थन जताते हुए कहा है कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य है क्योंकि (हमारे पास) दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र है, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था है, सबसे अच्छी प्रौद्योगिकी है, उस प्रौद्योगिकी की जड़ें हैं, हमारे पास जो आजादी है। यही वह है जो लोगों को यहां खींच कर लाया है।

# पुलिसकर्मी ने भारतीय मूल के व्यक्ति की दबाई गर्दन, मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में पुलिस अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। खबरों के अनुसार एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की गुरुवार को मौत हो गई। कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे। कुंदी चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वहीं कौर इस पूरी घटना का वीडियो बना रही थीं और बोल रही थीं कि पुलिस अनुचित तरीके से कार्रवाई कर रही है।

# तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरा ब्रिटेन का एफ-35 लड़ाकू विमान

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

ईंधन खत्म होने के बाद शनिवार रात ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। सूत्रों ने रविवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि विमान ने एक विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और यह रात करीब साढ़े नौ बजे सुरक्षित उतर गया।

इस संबंध में सूत्र ने कहा कि हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने सुचारू एवं सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन स्थिति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट ने कम ईंधन की सूचना दी और उतरने की अनुमति मांगी। पूरी स्थिति से शीघ्रता और पेशेवर तरीके से निपटा गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर ही खड़ा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ही विमान में ईंधन भरा जाएगा।



### सुरक्षा कारणों से आपात लैंडिंग की दी अनुमति : वायुसेना

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान के शनिवार रात केरल में हुए आपात लैंडिंग के बीच भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि वह इस घटना से पूरी तरह से अवगत है और उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को लैंडिंग की सुविधा प्रदान की गई है। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि एफ-35 के मार्ग परिवर्तन की यह सामान्य घटना है। मामले से भारतीय वायुसेना पूरी तरह से अवगत है और उसने उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को उतारे जाने की सुविधा दी। उन्होंने कहा कि सभी तरह की सहायता दी जा रही है और भारतीय वायुसेना सभी एजेंसियों के साथ समन्वय में है। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर है।

शिखर सम्मेलन

ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई पृष्ठभूमि में शामिल

# संघर्ष और व्यापार युद्ध के साए में जी 7 नेता कनाडा में जुटे

बैंफ (कनाडा), एजेंसी

दुनिया की कुछ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता रविवार को कनाडा के रॉकीज में जी7 की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यह सम्मेलन इजराइल- ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगाए जा रहे उच्च सीमा शुल्क की पृष्ठभूमि में हो रही है।

ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने कई वैश्विक नेताओं को हतप्रभ कर दिया है। उनका मानना है कि यह एक अधिक अस्थिर विश्व का नवीनतम संकेत है, क्योंकि ट्रंप अमेरिका को विश्व के पुलिसमैन की भूमिका से मुक्त करना चाहते हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना होने से पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि उन्होंने संकट को कम करने के प्रयासों पर ट्रंप और

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक नेताओं ने जताई चिंता




इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ-साथ अन्य वैश्वि नेताओं के साथ चर्चा की है।

ब्रिटेन पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य सहायता भेज रहा है। स्टॉर्मर ने कहा, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हमारी चिंताएं लंबे समय से हैं। हम इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को मान्यता देते हैं, लेकिन मैं इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इसे कम करने की जरूरत है। क्षेत्र विशेष समेत व्यापक स्तर पर तनाव बढ़ने का बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिखर सम्मेलन में ''गहन चर्चा'' जारी रहेगी। शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बैठक के अंत में संयुक्त वक्तव्य या विज्ञप्ति जारी करने की वार्षिक परंपरा को छोड़ने का निर्णय लिया है। अन्य नेता ट्रंप से बात कर उन्हें शुल्क लगाने से रोकने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। इसलिए यह शिखर सम्मेलन एकता के प्रदर्शन के बजाय द्विपक्षीय वार्ताओं की श्रृंखला बनकर रह जाएगा।

### शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में हैं। ट्रंप पहले कनाडा को 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दे चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों रविवार को कनाडा जाने से पहले बेहद प्रतीकात्मक कदम के तौर पर ग्रीनलैंड पहुंचे, जहां उन्होंने आर्कटिक क्षेत्र के नेता और डेनमार्क के प्रधानमंत्री से डेनिश हेलीकॉप्टर में मुलाकात की। मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि ग्रीनलैंड की यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि पेरिस संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की सुचिता बनाए रखने के सिद्धांतों का समर्थन करता है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र में निहित है। ट्रंप रविवार देर रात को अल्बर्टा के कनानास्किस पहुंचेंगे। रविवार को अन्य नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठकें संभव हैं, लेकिन शिखर सम्मेलन कार्यक्रम सोमवार से पहले शुरू नहीं होगा।